

दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें - 12



विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता - 12



रैपर से नेता बने 'बालेन' ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली - 13



आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार - 14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.04
सूर्यास्त 06.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी 08:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 28 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 220, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## भगवान सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक किया रामलला के मस्तक का अभिषेक

सूर्यतिलक



राममंदिर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे रामलला के ललाट (मस्तक) पर तिलक करतीं भगवान सूर्य की किरणें और प्राकट्य आरती करते पुजारी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** चैत्र शुक्ल नवमी पर शुक्रवार दोपहर 12 बजते ही शंखनाद के साथ भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी से राम मंदिर में गूंजने लगा। प्राकट्य आरती के साथ भगवान सूर्य की किरणों ने राम लला के मस्तक का चार मिनट तक अभिषेक किया। लाइव प्रसारण के माध्यम से राम लला का प्राकट्य और दर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश, विदेश में बैठे करोड़ों लोग भी साक्षी बन रहे थे।

मंदिर में शुक्रवार को श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया गया। प्राक्ट्य के साथ श्रीराम मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव का अलौकिक दृश्य उत्पन्न हुआ। राम मंदिर परिसर को फूलों और आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। कार्यक्रम सुबह 6 बजे शुरू हुआ। पांच साल के रामलला का सरयू के जल से अभिषेक किया गया। पीतांबरयुक्त सुंदर वस्त्र धारण कराए गए। भव्य श्रृंगार आरती की गई। सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। दोपहर 11.45 बजे पर गर्भगृह में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव के पूर्व पूजन प्रक्रिया में षोडशोपचार पूजन शुरू हुआ। पुजारियों ने पुनः भगवान रामलला का स्नान, पंचामृत, गंधोधक, सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक और तुलसी अर्जन और षोडशोपचार के तहत आने वाली परंपराओं को संपन्न किया गया। रामलला को नए पीले वस्त्र पहनाए। हीरा-पन्ना जड़ित स्वर्ण आभूषण धारण कराए गए। इसके बाद मध्याह्न श्रीराम संकीर्तन और वेद मंत्रोच्चारण के बीच अपने आराध्य के धरा अवतरण के दृश्य देखने के लिए भक्त भाव विभोर हो रहे थे। जयकारे लगने लगे। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजते ही मंदिर का कपाट खुल गया। राम मंदिर में प्राकट्य होते ही रामलला के ललाट पर भगवान सूर्य के किरणों से रचे तिलक के अद्भुत और अनूठे दृश्य के साक्षी बने।

भगवान के प्राकट्य उत्सव को लेकर 56 प्रकार के भोग लगाकर जहां उसका प्रसाद परिसर के सेवकों, श्रद्धालुओं के साथ स्थित सुरक्षा बलों में वितरित किया गया। राम मंदिर में सुबह से दर्शन करने के लिए लगे श्रद्धालुओं की अपार भीड़ अपने प्रभु के प्रति आस्था निवेदित करते हुए नंगे पांव जन्म भूमि पथ के रास्ते राम मंदिर में प्रवेश करने लगी। दिव्य दर्शन के बाद यात्री सेवा केंद्र के रास्ते नए मार्ग से बाहर पहुंचे। जहां राम मंदिर में आने वाले भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। सुबह के दशनार्थियों को लड्डू प्रसाद मिला और जन्मोत्सव के बाद धनिया की पंजीरी का भी प्रसाद दिया गया। काफी देर तक यह अलौकिक दृश्य राम मंदिर में दिखता रहा। श्रद्धालु दर्शन के बाद भी इसे निहारने की इच्छा रखते थे।

## सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये घटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई है। साथ ही सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क लगा दिया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रिफाइनरी कंपनियों के अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) पर लगाम लगाने के लिए जुलाई 2022 में पहली बार यह कर लगाया गया था। अप्रत्याशित मुनाफा उस अतिरिक्त लाभ को कहते हैं जो कंपनियों को बिना किसी निवेश या प्रयास के केवल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अचानक मिलता है।

## ब्रीफ न्यूज

### हवाई अड्डे पर आठ करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**पणजी।** गोवा सीमा शुल्क ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आठ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 23 .8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त करके पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया। सीमा शुल्क आयुक्त सुनील बी देशमुख ने बताया कि हवाई खुफिया इकाई ने बुधवार को बैंकॉक (थाईलैंड) और अबू धाबी से मस्कट होते हुए आए यात्रियों को रोका। यात्रियों के सामान में खाद्य पैकेट्स के भीतर छिपाकर रखे गए 23 .8 किलोग्राम मादक पदार्थ को जब्त किया गया। जांच के बाद यह पदार्थ हाइड्रोपोनिक गांजा पाया गया।

### बिना अनुमति प्रवेश करने पर दो विदेशियों को हिरासत में लिया

**आइजोल।** रूस और स्लोवाक गणराज्य के दो व्यक्तियों को मिजोरम में अलग-अलग स्थानों पर अनिवार्य संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) के बिना राज्य में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्लोवाकियाई व्यक्ति को शुक्रवार को उसके देश वापस भेज दिया गया और रूसी नागरिक के संबंध में भी इसी तरह का कदम उठाया जाएगा। दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में 58 वर्षीय स्लोवाक नागरिक को 24 मार्च को असम राइफल्स द्वारा भारत-म्यांमा सीमा के निकट एक स्थान से हिरासत में लिया गया था। अगले दिन त्रिपुरा सीमा के निकट मामित जिले में बीएसएफ ने रूसी नागरिक को उस समय रोका जब वह मिजोरम में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था।

### वैष्णो देवी मंदिर में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिनों तक चले नवरात्रों के दौरान तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के एक अधिकारी ने बताया कि नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## संसद में आम बजट मंजूर, भारत में लॉकडाउन की गुंजाइश नहीं

### वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- गलतफहमी नहीं फैलाई जानी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने शुक्रवार को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है तथा इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलायी जानी चाहिए। राज्यसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी के साथ उच्च सदन ने अनुदान की अनुपूरक मांगों और उससे जुड़े विनियोग विधेयक को भी ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

राज्यसभा में वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक और विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों ने यह प्रश्न किया था कि पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद कर घटाए जाने के बाद सरकार 2026 वित्त वर्ष में 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को कैसे हासिल करेगी? इसका जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के कुल राजस्व में उत्पाद शुल्क से होने वाले राजस्व का योगदान करीब 10 प्रतिशत होता है। सीतारमण ने कहा कि अतिरिक्त साधनों को जुटाना, विकास को बढ़ावा देने वाले व्यय को प्राथमिकता देना, कल्याणकारी व्यय को बेहतर तरीके से लक्षित करना तथा राजकोषीय कामकाज में अधिक पारदर्शिता रखना, सरकार की महत्वपूर्ण पहचान रहे हैं।



राज्यसभा में भाषण देतीं सीतारमण।

### मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में मोदी बोले- टीम इंडिया जैसी भावना जरूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चुनावी राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की। डिजिटल माध्यम से आयोजित इस बैठक का उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के तहत समन्वय सुनिश्चित करना था। पश्चिम एशिया संघर्ष पर पहली बार उन्होंने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, प्रधानमंत्री ने बैठक में चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री आचार संहिता लागू होने के कारण इस बैठक में शामिल नहीं हुए। कैबिनेट सचिवालय तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक करेगा। बैठक में एन. चंद्रबाबू नायडू (आंध्र प्रदेश), योगी आदित्यनाथ (उप्र), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना), भगवंत मान (पंजाब), भूपेंद्र पटेल (गुजरात), उमर अब्दुल्ला (जम्मू-कश्मीर), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिप्र), पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश) और अन्य मुख्यमंत्री शामिल थे।



- पश्चिम एशिया संकट पर डिजिटल माध्यम से प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

## ट्रंप ने होर्मुज खोलने की समय सीमा 6 अप्रैल की, इजराइल कर रहा बमबारी

- ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से किया प्रतिबंधित
- इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज बोले- ईरान पर हमले तेज और व्यापक किए जाएंगे

दुबई (यूएई), एजेंसी

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान पर नए सिरे से हमले शुरू किए जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत जारी है। ट्रंप ने होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है, हालांकि ईरान के झुकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। वहीं, ईरान ने अपनी खेल टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया है।

इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार को तेहरान में हमले करते हुए बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियार बनाने के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि इसके अलावा पश्चिमी ईरान में मिसाइल लॉन्चर और भंडारण स्थलों पर भी हमले किए गए। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान पर हमले और तेज होंगे तथा इनका दायरा फैलेगा। काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरानी आतंकवादी शासन को चेतावनी दी थी कि वह इजराइल की नागरिक आबादी पर मिसाइल नहीं दागे। कहा, चेतावनियों के बावजूद मिसाइल हमले हो रहे हैं, इसलिए ईरान पर हमले बढ़ेंगे और हथियार बनाने व चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले क्षेत्रों पर भी हमले होंगे। वहीं, खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रहे, जिसकी वजह से बहरीन, कतर और यूएई में अलर्ट जारी किया गया।



तेहरान में बचाव कार्य में जुटे कर्मी।

### जी7 की बैठक में ईरान युद्ध पर चर्चा हुई, उभरे मतभेद

**वॉक्स-डे-सेर्ने (फ्रांस)।** फ्रांस में शुक्रवार को जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया के संघर्ष और रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा की गई। इस बैठक में ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध को लेकर गहरे मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की गई शिकायतों के बाद ये मतभेद सामने आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका के सहयोगियों ने ईरान की जवाबी कार्रवाई का सामना करने में मदद के अनुरोध को नजरअंदाज या अस्वीकार कर दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जी7 देशों के अपने समकक्षों के साथ इस बैठक में शामिल हुए। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का शीघ्र समाधान करने और होर्मुज को फिर से खोलने का आह्वान किया है।

## बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1,690 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

- वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर, निफ्टी भी 487 अंक टूटा

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गई और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई।

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25% गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। निवेशकों को 8.86 लाख करोड़ का नुकसान हुआ।



### रुपया 89 पैसे टूटा सबसे निचले स्तर 94.85 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे लुढ़ककर 94 .85 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वृहद आर्थिक परिदृश्य पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा देगा तथा दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ कम करेगा। प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे के उद्घाटन से एक दिन पहले कहा कि नोएडा हवाई अड्डा देश की प्रमुख नई परियोजनाओं में से एक है। मोदी शनिवार को गौतम बुद्ध नगर जिले में नवनिर्मित नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में परिकल्पित किया गया है।




## कौशांबी में पिकअप की ट्रेलर से टक्कर, 8 की मौत, 17 घायल

- मृतकों में पांच महिलाए और तीन बच्चे शामिल मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर जताया दुख

**कौशांबी, एजेंसी।** जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास शाम चार बजे हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के स्वजन को दो-दो लाख देने की घोषणा की।

पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। वे मां शीतला के मंदिर कड़ा धाम में दर्शन करके लौट रहे थे। इससे पहले, वे एक बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने प्रयागराज गए थे।

पुलिस के अनुसार, हादसे के समय पिकअप वाहन में महिलाओं और बच्चों समेत करीब दो दर्जन श्रद्धालु सवार थे। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचित किया।

## 858 करोड़ के दो रक्षा समझौतों पर मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की खरीद के संबंध में रूस की कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना के पी8आई 'लॉन्ग-रेंज मैरीटाइम रिकोनिसेंस' विमान के रखरखाव के लिए बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अलग अनुबंध किया गया है।

मंत्रालय ने बताया, भारतीय सेना के लिए 445 करोड़ रुपये मूल्य की तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों की खरीद को लेकर रूस की जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने कहा, ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों सहित हवाई खतरों के खिलाफ भारत की बहुस्तरीय हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएंगी। यह समझौता भारत-रूस रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि 100 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ ''बाय इंडियन'' श्रेणी के तहत पी-8आई विमानों के निरीक्षण के लिए किया गया अनुबंध, एमआरओ सुविधा पर बेड़े के डिपो-स्तरीय रखरखाव को सुनिश्चित करेगा।



- भारत की बढ़ेगी सैन्य ताकत, रूस से खरीदी जाएगी तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल

### एस-400 मिसाइलें व परिवहन विमान पर जोर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस-400 मिसाइलों और परिवहन विमान सहित 2 .38 लाख करोड़ रुपये के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल प्रणाली, ड्रोन की खरीद और एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। एस-400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी।

जनता दर्शन

कहा- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, सीएम ने 200 फरियादियों की सुनीं समस्याएं

## वादी को धमकाने वालों की निरस्त कराएं जमानत : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दबंगई और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई आरोपी जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमकाता है, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सहायता मांगने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल से एस्टीमेट मिलते ही सरकार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी।



गोरखपुर : जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### 200 लोगों की सुनी समस्याएं त्वरित निस्तारण के निर्देश

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को बिना भेदभाव न्याय मिलना चाहिए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### भू-माफिया व दबंगों पर सख्ती

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों को डराने-धमकाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जनता दर्शन में आए बच्चों को सीएम ने चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी आज करेंगे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन और मेंटिनेंस, रिपेयर एवं ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा का शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा और यूपी, एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत की कनेक्टिविटी व आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। फेज-1 की लागत लगभग 11,282 करोड़ रुपये है, जिसमें 1.2 करोड़ यात्रियों की प्रारंभिक क्षमता शामिल है। एयरपोर्ट मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया गया है, जो सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय ट्रांजिट से जुड़ा होगा। इस अवसर पर नागर विमानन मंत्री, वित्त राज्य मंत्री, राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ मंत्री उपस्थित रहेंगे।

### पुरा महादेव बना 'जीरो वेस्ट' तीर्थ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश का पुरा महादेव मंदिर अब 'जीरो वेस्ट' तीर्थ पर्यटन के मॉडल के रूप में देशभर में पहचान बना रहा है। 'बेस्ट हेरिटेज टूरिस्ट विलेज 2024' का सम्मान प्राप्त करने के बाद इस धार्मिक स्थल ने आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। प्रदेश सरकार की 'टेंपल इकोनॉमी' पहल के तहत महाशिवरात्रि पर यहां सफलतापूर्वक जीरो वेस्ट व्यवस्था लागू की गई, जिसमें मंदिर में चढ़ाई जाने वाली सामग्री और कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह मॉडल पर्यटन, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ता है। इस पहल में पूजा सामग्री को कचरा नहीं, बल्कि संसाधन मानकर उसका पुनः उपयोग किया गया। इसमें 450 किलो से अधिक फूलों को प्रोसेस कर उपयोगी सामग्री बनाई गई। करीब 1 टन जैविक कचरे से खाद तैयार की गई, 700 किलो प्लास्टिक बोतलों को फाइबर फिल में बदला गया, 2,500 से अधिक चप्पलों से मैट व अन्य उत्पाद बनाए गए, 4,563 लीटर दूध को पशु सेवा में उपयोग किया गया। बागपत जिला प्रशासन अब इस मॉडल को अन्य धार्मिक स्थलों पर लागू करने की तैयारी में है।

### एससी छात्रों के लिए बनेंगे छह हॉस्टल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में छह आधुनिक छात्रावासों के निर्माण और मरम्मत की शुरुआत की जा रही है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाई) के तहत इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12.30 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 6.15 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। योजना के तहत चार जिलों में हॉस्टल बनाए जाएंगे, इनमें जौनपुर, सुल्तानपुर और हाथरस में एक-एक छात्रावास, फिरोजाबाद में तीन छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि इन हॉस्टलों को आधुनिक कैंपस के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां सुसज्जित कमरे, आधुनिक मेस, मनोरंजन कक्ष, समृद्ध पुस्तकालय, सुरक्षा के लिए गार्ड रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार का लक्ष्य इन्हें सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि एक "लर्निंग हब" के रूप में विकसित करना है। निर्माण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए धनराशि एसएनए (स्पर्श) खाते के माध्यम से खर्च की जा रही है।

# सीएम योगी ने दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पखारे पांव

## नवरात्र की नवमी तिथि पर किया कन्या पूजन, दक्षिणा व उपहार देकर कन्याओं से लिया आशीर्वाद





गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर में चैत्र नवरात्र पर मुख्यमंत्री योगी ने देवी स्वरूपा कन्याओं का पांव पखारकर उनका पूजन किया और उन्हें भोजन कराने के साथ दक्षिणा व उपहार भी प्रदान किया। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में पारंपरिक कन्या पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया। मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धा और उनके सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधिवत पूजन किया और उन्हें चुनरी ओढ़ाई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कन्याओं का विधिपूर्वक अभिषेक किया, रोली, चंदन और अक्षत से तिलक किया, माला पहनाई और अपने हाथों से ताजा भोजन प्रसाद परोसा। उन्होंने कन्याओं को दक्षिणा व उपहार देकर आशीर्वाद भी लिया। बटुकों को भी भोजन कराकर उपहार और दक्षिणा प्रदान की गई। आयोजन में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी समेत कई संत और मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग उपस्थित रहे। पूजन से पहले प्रातःकाल के सत्र में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना भी की गई।

# रामराज्य की अवधारणा पर आगे बढ़ रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू : मुख्यमंत्री
- योगी ने वासंतिक नवरात्र और रामनवमी की दी शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ 'रामराज्य' की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सज्जनों का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि दुर्जनों और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है।

गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद वासंतिक नवरात्र और रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विरासत का सम्मान करते हुए विकास को गति दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले वर्षों में छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य हुआ है। उन्होंने बताया कि 2.61 करोड़ गरीबों को शौचालय, 65 लाख परिवारों को आवास, 10 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी गई है।

**मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक नवरात्र :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नवरात्रि मातृशक्ति के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक है। इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में 'मिशन शक्ति' अभियान चलाकर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल में 20 प्रतिशत महिला आरक्षण, 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और कन्या सुमंगला जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

**संवेदनशील शासन, सबका साथ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ दिलाना और प्रदेश को सुरक्षित व विकसित बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

# बच्ची ने योगी को गिफ्ट में दिया 'बुलडोजर'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- गोरखपुर में मंदिर दर्शन को कानपुर से आए परिवार की बच्ची को पूजन में भी किया शामिल
- चार वर्ष की यशस्विनी का सरप्राइज गिफ्ट देख हंस पड़े मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखनाथ मंदिर में एक नन्ही बच्ची ने ऐसा अनोखा गिफ्ट दिया कि वे खुद भी मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। कानपुर से आई चार वर्षीय यशस्विनी सिंह ने मुख्यमंत्री को एक छोटा सा 'बुलडोजर' (खिलौना) भेंट किया।

शुक्रवार सुबह मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर यशस्विनी पर पड़ी, जो अपने माता-पिता के साथ दर्शन करने आई थी। मुख्यमंत्री ने उसे पास बुलाकर चॉकलेट दी और प्यार से बातचीत की। बातचीत के दौरान यशस्विनी ने मुख्यमंत्री से कहा, "आपके लिए गिफ्ट लाए हैं, पहले आंखें बंद करिए।" सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए उसकी बात मान ली। इसके बाद बच्ची ने उनके हाथों में एक छोटा सा बुलडोजर रख दिया। गिफ्ट देखते ही मुख्यमंत्री और वहां मौजूद लोग हंस पड़े। बच्ची यशस्विनी ने मासूमियत से कहा कि आपको बुलडोजर पसंद है, इसलिए वह यह गिफ्ट लाई है। बच्ची की इस बात ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कन्या पूजन में भी शामिल कर मुख्यमंत्री ने उसके पांव भी पखारे।



गोरखपुर : सीएम योगी को बुलडोजर खिलौना भेंट करती कानपुर की यशस्विनी।

### जनता के नेता और सनातन के ध्वजवाहक की छवि के साथ निखरे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** चैत्र नवरात्र के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुखिया के रूप में जनता के बीच अपनी अलग छवि प्रस्तुत की। मार्च माह में उन्होंने राम, कृष्ण और शिव की धरा पर आशीर्वाद प्राप्त कर 'नर सेवा-नारायण सेवा' के अपने मूल उद्देश्य को सर्वोपरि रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में पहुंचकर न केवल विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया बल्कि युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मार्च में मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ, कालभैरव, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, श्रीरामलला और अन्य प्रमुख मंदिरों का दर्शन कर प्रदेशवासियों की आस्था में शक्ति प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने नौनिहालों को स्मार्टफोन और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और सनातन धर्म की स्थायित्व और मर्यादा की बात दोहराई।

# तनाव न लें, प्रदेश में एलपीजी पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

## ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी बोले- जनता अफवाहों से बचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश भर में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी संकट की फैली अफवाह के बीच शुक्रवार को विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल के उप्र राज्य कार्यालय-1 पर प्रेसवार्ता की गई। ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर/इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय भंडारी ने एजीएम एलपीजी भाद्रो लकड़ा और एजीएम रिटेल सेल्स अभिषेक शर्मा के साथ स्पष्ट किया कि प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कमी नहीं है। जनता से अपील है 'पैनिक बाइंग' (हड़बड़ाहट में खरीदारी) न करें और न ही कतार में लगे। जब चाहेंगे तब ईंधन मिलेगा।

स्टेट कोऑर्डिनेटर ने तीनों तेल कंपनियों की रिपोर्ट साझा की। बताया कि प्रदेश में 13 हजार पेट्रोल पंप में चार से पांच दिन का पेट्रोल-डीजल का स्टॉक है। डिपो पर 15 से 18 दिन का स्टॉक है। क्रूड ऑयल का भी 60 दिन का स्टॉक है। इतना स्टॉक सामान्य दिनों में भी रहता है। आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है। युद्ध से पहले भी इतनी उपलब्धता रहती थी। अफवाह से उत्पन्न हुई पैनिक बाइंग की वजह से बुधवार को गोरखपुर, महाराजगंज और सिद्धार्थ नगर में पेट्रोल-डीजल की समस्या आई थी। इसी तरह दूसरे दिन गुरुवार को लखनऊ, सीतापुर, बहराइच में भी इसी तरह के हालात बने। इससे पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार लग गईं।

शुक्रवार को लखनऊ में रिटेल व आउटलेट का विजिट किया तो दोपहर 1 बजे स्थिति काफी सामान्य दिखी। पत्रकार वार्ता में सवाल यह भी उठा कि पेट्रोल पंप संचालकों को नगद भुगतान न करने पर आपूर्ति नहीं की जा रही। इस पर तेल कंपनियों से बात करने को कहा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की लिमिट निर्धारित कर बिक्री के सवाल पर ऐसा कोई आदेश जारी न होना बताया। संजय ने कहा कि प्रदेश में दो दिन में 60 फीसद तक बिक्री हुई है। लखनऊ, सीतापुर, पीलीभीत, गोंडा, बस्ती, बहराइच, गोरखपुर और अयोध्या में पेट्रोल-डीजल की मांग ज्यादा रही। स्टॉक पर्याप्त होने की वजह से शुक्रवार को गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या में स्थिति सामान्य हो गई। इसी तरह शाम तक लखनऊ, सीतापुर और बहराइच में स्थिति सामान्य हो जाएगी।





लखनऊ : विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल के उप्र राज्य कार्यालय-1 में पत्रकारों को जानकारी देते ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी व अन्य।

### प्रतिदिन 11 लाख के आसपास एलपीजी बुकिंग

ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय भंडारी ने बताया कि राज्य भर में तीनों कंपनी के कुल 4.85 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। सभी कंपनियां प्रतिदिन सात लाख एलपीजी रीफिल सप्लाई कर रही हैं। प्रतिदिन 11 लाख के आसपास बुकिंग हो रही है। 3.7 दिन का बैकलॉक है। कामर्शियल, इंडस्ट्रियल और नॉन डोमेस्टिक सेंटर में भी समस्या नहीं है। सरकार के निर्देश पर पीएनजी को बढ़ावा दे रहे हैं। अधिक लोड की वजह से बुकिंग में सर्वर की समस्या आई भी। इसमें सुधार किया है। घरेलू एलपीजी की स्थिति सामान्य हो रही है। स्टॉक की बात करें तो 13 हजार डिस्ट्रीब्यूटर के पास डेढ़ दिन का स्टॉक है। बॉटलिंग प्लांट में भी चार दिन का स्टाक है। प्रदेश में कुल मिलाकर पांच दिन से अधिक का एलपीजी स्टॉक है, जो सामान्य स्थिति में इतना रहता है। गुरुवार को प्रदेश में 11.90 लाख बुकिंग हुई है। इनमें 7.83 लाख डिलीवरी की गई। अनियमितता मिलने पर कार्रवाई करेंगे।

### इस तरह आया एक दिन की बिक्री में उछाल

*डीजल : 26 मार्च 2025 - 280 लाख लीटर
26 मार्च 2026 - 510 लाख लीटर

*पेट्रोल : 26 मार्च 2025 - 150 लाख लीटर
26 मार्च 2026 - 290 लाख लीटर

# कौशांबी हादसा: मुख्यमंत्री ने जताया शोक, आर्थिक सहायता की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से मृतकों के परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की

**अमृत विचार:** कौशाम्बी में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को घायलों का तुरंत और समुचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से मृतकों के परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना भी की। प्रशासन को यह निर्देश भी दिए गए कि राहत कार्य में तेजी लाते हुए घायलों और प्रभावितों को तत्काल सहायता प्रदान की जाए।

### केशव प्रसाद मौर्य ने भी हादसे पर जताया शोक

**अमृत विचार :** कौशाम्बी में कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार दोपहर हुई भीषण सड़क दुर्घटना के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक बताया तथा दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों का समुचित और त्वरित इलाज सुनिश्चित किया जाए।

# किसानों को समय पर मिले मुआवजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- असमय बारिश से प्रदेश के किसानों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री का रुख सख्त
- अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा, फील्ड में उतरने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** असमय बारिश से प्रदेश के किसानों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में उन्हें असुविधा नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे स्वयं फील्ड में जाकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करें और फसलों के नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं। साथ ही उन्होंने राजस्व विभाग, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों को मिलकर तत्काल संयुक्त सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। इस सर्वे के आधार पर नुकसान का सही आंकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिससे मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि जैसे ही फसल क्षति का आकलन पूरा हो, मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि भुगतान व्यवस्था पूरी तरह समयबद्ध हो, ताकि किसानों को जल्द राहत मिल सके।

सीएम ने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क बनाए रखें। सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाएं, जिससे राहत कार्यों में कोई देरी न हो।

# एसजीपीजीआई में पीडियाट्रिक सेंटर के लिए पदों को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया गया निर्णय, पदों पर भर्ती के लिए जल्द जारी होगा विज्ञापन
- 573 बेड वाले केंद्र में एक छत के नीचे मिलेंगी बच्चों के इलाज की सभी सुविधाएं

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में बन रहे एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर के संचालन के लिए शासन ने बड़े पैमाने पर डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के पदों को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को आयोजित संस्थान की 104वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव एसपी गोयल ने की। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमान, डीन डॉ. शालीन कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेई के अनुसार, सेंटर के संचालन के लिए 131 डॉक्टर, 483 रेजिडेंट, 1540 नर्स, टेक्नीशियन समेत अन्य स्टाफ के पदों को स्वीकृति दी गई है, जबकि 160 पद आउटसोर्सिंग के तहत भरे जाएंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी कर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

573 बेड की क्षमता वाले इस अत्याधुनिक पीडियाट्रिक सेंटर का पहला चरण अक्टूबर 2026 में शुरू होगा। पहले चरण में करीब 15 विभागों के 293 बेड पर बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया जाएगा। इनमें जनरल पीडियाट्रिक्स, पल्मोनरी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी, मेडिकल जेनेटिक्स, डेवलपमेंटल पीडियाट्रिक्स, सोशल पीडियाट्रिक्स यूनिट, डे-केयर, इमरजेंसी, नियोनेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी, सर्जरी, एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर और रेडियोलॉजी जैसी प्रमुख इकाइयां शामिल होंगी। यह सेंटर पूरी तरह विकसित होने पर 24 विभागों के साथ एक ही छत के नीचे बच्चों के इलाज की समग्र सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसे उत्तर भारत का सबसे बड़ा पीडियाट्रिक केंद्र बताया जा रहा है। इसके शुरू होने से उत्तर प्रदेश समेत आसपास के राज्यों के 10 करोड़ से अधिक बच्चों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### सपा ने केशव मौर्य के सिलेंडर वाले बयान पर साधा भाजपा पर निशाना



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सिलेंडर वितरण संबंधी बयान को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री का दावा कि "जिसके पास सिलेंडर नहीं है, वह सूचना भेजे, हम भिजवा देंगे" इस बात का सबूत है कि सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपा ही कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि केशव प्रसाद मौर्य अपना नंबर या गोदाम का पता सार्वजनिक करें। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा और उनके साथी जनता के सामने नहीं आते, न गैस एजेंसी या पेट्रोल पंप पर अपनी उपस्थिति देते हैं।

उपलब्धि | 96 लाख इकाइयों से बनाया रोजगार का नया रिकॉर्ड

# एमएसएमई क्षेत्र में यूपी रहा देश में अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीते 9 वर्ष में छोटे उद्योग बने विकास की ताकत, गांव-गांव तक पहुंचा स्वरोजगार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों के साथ अब यह देश का सबसे बड़ा औद्योगिक हब बन चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयासों ने लाखों लोगों को रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर दिया है। आसान ऋण, प्रशिक्षण और बाजार उपलब्धता जैसी सुविधाओं ने छोटे उद्योगों को नई पहचान दी है। प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1.47 लाख से अधिक युवाओं को लाभ मिला, जिससे 4.51 लाख रोजगार सृजित हुए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के जरिए 37 हजार से अधिक लाभार्थियों को आर्थिक सहायता दी गई, जिससे करीब तीन लाख लोगों को रोजगार मिला। इसी तरह प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 32 हजार से अधिक लाभार्थियों को सहयोग देकर 2.63 लाख रोजगार के अवसर पैदा किए गए।

### ओडीओपी से वैश्विक पहचान

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना ने प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया है। इस योजना के तहत 20 हजार से अधिक लोगों को आर्थिक सहायता दी गई, जिससे 3.26 लाख रोजगार सृजित हुए। साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के जरिए 4.20 लाख से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण देकर सशक्त बनाया गया है।

### 'एक जनपद एक व्यंजन' से बढ़ेगा दायरा

सरकार अब 'एक जनपद एक व्यंजन' पहल के जरिए स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों को पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रही है। इससे रोजगार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### नई योजनाओं से मजबूत होगा औद्योगिक ढांचा

प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 2023 में प्लेज स्कीम लागू की गई है, साथ ही नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इनसे स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# रामलला का जन्मोत्सव देखने के लिए इंटरनेट पर श्रद्धालुओं की बाढ़

- लाइव रहे देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु, एक साथ सरक रहे थे 11 हजार से ज्यादा मैसेज
- हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, बंगाली, गुजराती सहित अन्य भाषाओं में की अभिव्यक्ति

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या


राम मंदिर में पंचामृत से रामलला को अभिषेक करते पुजारी। अमृत विचार


रामलला के ललाट पर सूर्य किरणों से हो रहा अभिषेक। अमृत विचार


दुग्ध, जल व पंचामृत अभिषेक के बाद रामलला को वस्त्र व आभूषण पहनाते पुजारी।

**अमृत विचार:** अयोध्या में रामलला के जन्मोत्सव को लाइव देखने के लिए इंटरनेट पर भक्तों की बाढ़ रही। देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु राम भक्त यूट्यूब से जुड़ गए। जन्मोत्सव के दौरान ही बड़ी संख्या में भक्तों ने मैसेज के जरिए अपनी अभिव्यक्ति भी दी। अकेले यू ट्यूब पर एक साथ 11 हजार से ज्यादा मैसेज चल रहे थे। अन्य सोशल मीडिया प्लेटफोर्म को छोड़ भी दिया जाए तो अकेले यू ट्यूब पर हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, बंगाली, गुजराती संग अन्य भाषाओं में अभिव्यक्ति देखने को मिली। संस्कृत के श्लोक, राम चरित मानस की चौपाईं, राम मंत्र के साथ हाथ जोड़े, घुटने पर बैठे, ध्वज, त्रिशूल जैसी आकृतियां उभर रही थी।

रामनवमी पर्व शुक्रवार को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जन्मोत्सव कार्यक्रम को लाइव देखने की व्यवस्था की थी। यू ट्यूब का लिंक जारी किया था। अन्य माध्यमों से भी दूर बैठकर इसे देखा जा सकता था। डीडी न्यूज प्रसारण कर रहा था। देश के कोने-कोने से लोग जुड़ रहे थे। दोपहर लगभग 11:55 बजे सजीव प्रसारण के साथ अकेले यू टयूब पर करीब 8.5 हजार मैसेज चलने लगे। वहीं पूरा नगर श्रद्धालुओं से अटा था। मंदिरों से लेकर सड़क पर भीड़ थी। मुख्य आयोजन स्थल श्रीराम मंदिर में जयकारे गूंज रहे थे। दोपहर 12 बजते-बजते राम लला के सूर्य तिलक के लिए मंदिर की लाइटें बुझ गई। अचानक देश-विदेश से जुड़ने वालों की संख्या में भारी इजाफा हो गया। मंदिर में घंटे-घड़ियाल और शंख ध्वनि। सूर्य की किरणों से राम लला के मस्तक पर अभिषेक और यूटयूब पर दर्शकों की बाढ़ आ गई। लगभग चार मिनट तक सूर्य किरणों से रामलला का अभिषेक दिखा। स्क्रीन पर जन्मोत्सव देख रहे लोगों की संख्या लगभग 20 मिनट तक यथावत बनी रही।

### मेरे राम, सबके राम, सब में राम

श्री राम जन्मोत्सव पर मेरे राम, सबके राम और सबमें राम से शुरू हुए मैसेज में अभिव्यक्ति भी तरह-तरह की रही। शब्दों के जरिए, भाव के जरिए श्रद्धा निवेदित करने के लिए इमोजी तो था ही साथ में राम-राम, सीता राम, जय सियाराम, सियावर राम चंद्र की जय जैसी अभिव्यक्तियां भरी पड़ी थी। भावाभिव्यक्ति के लिए देश की विभिन्न भाषाओं के प्रयोग भी दिखे। हिंदी व अंग्रेजी तो ज्यादा थे लेकिन बंगाली, गुजराती, असमिया, गुजराती के साथ देश में प्रचलित अन्य भाषाएं भी इनमें शामिल थी। साफ दिख रहा था कि देश से विदेश तक के श्रद्धालु राम भक्त जुड़े हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मां हट्टी महारानी मंदिर में भंडारे का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर के प्रख्यात शक्तिपीठ मां हट्टी महारानी मंदिर पर नवरात्रि की समाप्ति व प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। माँ हट्टी महारानी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष रवि कपूर, मंत्री नीरज अग्रवाल व प्रबन्धक अशोक सहदेव ने माता के दरबार में दोपहर 12 बजे माता का पूजन-अर्चन किया। प्रवक्ता केशव बिगुलर ने बताया कि शुक्रवार को कन्या पूजन का कार्यक्रम अनूप सहदेव व पार्षद राजेश गौड़ द्वारा किया गया। भण्डारे में प्रसाद वितरण राकेश सहदेव के नेतृत्व में राजा साहू, पवन चौहान, गगन चोपड़ा, पवन अग्रवाल, जय प्रकाश गुप्ता आदि द्वारा किया गया।

### अग्रवाल भवन में मना श्रीराम जन्मोत्सव

**अयोध्या, अमृत विचार :** अग्रवाल भवन ट्रस्ट देवकाली में शुक्रवार को रामनवमी का उत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। ट्रस्ट के महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि रघुकुल सदन में स्थित "राम दरबार" का केसर तिलक कर आरती पूजन कर प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर आशीष अग्रवाल, संजीव गोयल, ऋषिकेश अग्रवाल, अमित केडिया, आशीष गर्ग, महेंद्र शर्मा, रामबाबू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### मनरेगा में बकाए का भुगतान हुआ शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** मनरेगा में जिले के मजदूरों के लगभग एक करोड़ की धनराशि बकाया थी। नया वित्तीय वर्ष शुरू होने में तीन दिन शेष है। इसमें बकाया समाप्त करने की रणनीति है। मनरेगा के नियमों में बदलाव किया गया है। इसका नाम बदलकर जी राम जी कर दिया गया। अब नए साल से नया हिसाब-किताब शुरू होगा। इसके लिए पिछले साल का हिसाब-किताब फाइनल करना लक्ष्य है।

### आज विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे आयुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडलायुक्त राजेश कुमार आज 28 मार्च शनिवार को आयुक्त सभागार में विकासकार्यों की समीक्षा को करेंगे। यह इस वित्तीय साल की अंतिम बैठक होगी। इसके लिए पूरे साल के आंकड़े भी दुरुस्त किए जा रहे हैं। जो कार्य पूरे हो गए हैं उन्हें विभागों को हस्तांतरित किए जाने के साथ समय में परियोजनाओं को पूरा करने संबंधी जानकारी देने के बार में भी मंथन किया जा रहा है।

### सीता कुंड पर लगा मेला, किया दर्शन

**बीकापुर, अयोध्या :** रामनवमी पर्व पर शुक्रवार को क्षेत्र के तोरोमाफी स्थित पौराणिक स्थल सीता कुंड पर पारंपरिक धार्मिक कार्यक्रम और मेले का आयोजन हुआ। लोगों ने सीता कुंड के पवित्र सरोवर में स्नान करके यहां स्थित दुग्धेश्वर नाथ, हनुमानगढ़ी और राम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना किया। धार्मिक स्थल पर स्थित मंदिरों में पूरे दिन भजन कीर्तन चला रहा, 84 कोसी परिक्रमा परिक्षेत्र में शामिल यह धार्मिक स्थल परिक्रमा का सातवां पड़ाव स्थल भी है।

# रामनगरी में दिखा प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव का वैभव

## 35 लाख श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या, 5.50 लाख ने किया रामलला का दर्शन-पूजन, सोहर और बधाई गीतों पर जमकर थिरके

अयोध्या कार्यालय


रामपथ पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब। अमृत विचार


राम मंदिर के बाहर लगी श्रद्धालुओं की कतार। अमृत विचार


कनक भवन में जन्मोत्सव के दौरान सोहर गीत पर नृत्य करते श्रद्धालु। अमृत विचार


राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला के दर्शन पूजन को उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगरी में शुक्रवार को श्रीराम जन्मोत्सव का वैभव देखते ही बना, पूरी नगरी राममय रही। ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे से ही लाखों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने पावन सरयू नदी में डुबकी लगाई। इसके बाद मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे। सुबह पांच बजे से ही हनुमानगढ़ी, कनक भवन और राम मंदिर में लंबी कतार रही। जिलाधिकारी के अनुसार दो दिनों में करीब 35 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। करीब 5.50 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन-पूजन किया। रामलला के सूर्य तिलक के दौरान भी श्रद्धालुओं का कतारबद्ध दर्शन पूजन जारी रहा। वहीं, श्रीराम जन्मभूमि पथ, यात्री सुविधा केंद्र पर लगे एलईडी पर श्रीराम जन्मोत्सव समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

इस उत्सव का खास नजारा कनक भवन मंदिर में दिखा। जहां ओरछा धाम से आए महिला व पुरुष भक्त सोहर, बधाई व उत्सव गीत के पर आस्था में भाव विभोर होकर नृत्य करने पर मजबूर हो गए। कनक भवन में सजा कनक बिहारी सरकार का अनुपम सौंदर्य देख लोगों के आंखों से भक्ति की अश्रुधारा बहने लगी। पूरा परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। मजबूरी में सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धालुओं का अंदर प्रवेश रोकना पड़ा। ठीक 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव के दौरान गर्भगृह का पट खुला व भए प्रगट कृपाला... गाकर भव्य आरती उतारी गई। देर शाम तक मंदिर परिसर में गीत व भजनों के साथ बधाई गीत का दौर जारी रहा।

यही दृश्य मणिरामदास की छावनी, दशरथ महल, सियाराम किला, रंगमहल, जानकी घाट, हरिधाम गोपाल पीठ, राम वल्लभा कुंज, अशर्फी भवन, लाल साहब दरबार सहित अन्य मंदिरों में भी रहा। जहां शंखनाद, घंट-घडियाल के साथ राम दरबार की आरती उतारकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कई मंदिरों में भंडारे का भी दौर चला।

**रामलला और हनुमान जी के स्वरूप में दिखे भक्तः** राम मंदिर में दर्शन करने के लिए छत्तीसगढ़ से आई एक बालिका ने भगवान श्रीराम का व एक युवक ने हनुमान जी का स्वरूप धारण किया, जो आकर्षण का केंद्र बना। सेल्फी लेने के लिए भक्तों में होड़ लगी रही।


राम नवमी पर रामलला व बजरंग बली के रूप में अयोध्या पहुंचे भक्त की अदभुद छवि।


सूर्य की किरणों से सुशोभित होते रामलला का लाइव दर्शन करते हुए इकबाल अंसारी। अमृत विचार

**इकबाल ने मोबाइल में देखा श्रीराम जन्मोत्सवः** बाबरी मस्जिद के पैरोकार रहे इकबाल अंसारी भी इस दृश्य से अछूते नहीं रहे। उन्होंने अपने आवास पर मोबाइल में राम मंदिर में हो रहे भगवान का सूर्य की किरणों से मस्तकाभिषेक व अन्य समारोह को देखा। उन्होंने अपने सुरक्षाकर्मी को रामलला की फोटो भी भेंट की।

### 12 बजते ही गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

श्रीराम जन्मोत्सव से ठीक पहले जो श्रद्धालु जहां भी था, वहीं बैठकर रामधुन गाने लगा। ठीक 12 बजे जन्मोत्सव का समय आते ही अयोध्या के मठ मंदिरों से घंटे- घडियाल की ध्वनि गूंजने लगे। इसके साथ ही पूरी अयोध्या जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजने लगी। कुछ श्रद्धालु सड़क पर ही भक्ति में डूबकर नृत्य करने लगे, तो कोई भय प्रगट कृपाला .. गाने लगा।

### प्रभु श्रीराम का नाम लिखा चावल का दाना वितरित किया

जौनपुर से अयोध्या पहुंचे एक भक्त ने चावल के दाने पर प्रभु श्रीराम का नाम उकेर कर श्रद्धालुओं को वितरित किया। इससे पूर्व वह माघ मेला में भी एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को श्रीराम नाम लिखित चावल वितरित कर चुका है।

### बालक राम को अर्पित किए खिलौने

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से एक राम भक्त परिवार ने रामलला के लिए खिलौने लेकर आया। दर्शन पूजन के दौरान खिलौने बालक राम को अर्पित किए।

### पीएएस से दिया संदेश

मथुरा से आए बाबा गुरुदेव के अनुयायियों के एक दल ने रामपथ पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लोगों को संदेश दिया। जा रहा है। दल ने श्रद्धालुओं से शाकाहार अपनाने और अहिंसा के मार्ग पर चलने की अपील भी की। जा रही है।

### जगह-जगह प्रसाद का किया गया वितरण

मेला क्षेत्र में हनुमान गुफा, जानकी घाट, दीनबंधु अस्पताल चौराहा, कनक भवन समेत अन्य स्थानों पर भक्तों के लिए पूरी-सब्जी, हलुआ, चावल-छोला व ठंडे शरबत का स्टाल भी लगाया गया। सभी स्टालों पर भीड़ भारी रही, श्रद्धालुओं ने इसे अयोध्या का प्रसाद समझकर ग्रहण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग रहे।


हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लगी लम्बी कतार। अमृत विचार


कनक भवन में जन्मोत्सव के दौरान उमड़ी भीड़। अमृत विचार

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar,Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

**न्यूज ब्रीफ**

### चोरी के सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के सामान के साथ आरोपी सोनू यादव निवासी तेरहू का पुरवा थाना पूराकलन्दर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि उसने 23 मार्च की रात जनौरा स्थित एक बिजली स्टोर में चोरी की थी। जांच कर रहे चौकी प्रभारी हवाई पट्टी धर्मेंद्र कुमार व उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किए गए नौ बिजली के क्लैंप व 12 नट बोल्ट बरामद हुए।

### श्रीराम व कृष्ण को भी भोगना पड़ा कर्म फल

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामचरित मानस के गूढ़ तत्वों पर आधारित सत्यधारा सत्यनाम सत्संग के पांच दिवसीय सत्संग के दूसरे दिन स्वामी सिरजनहार दयाल दास जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को किए गए सभी कर्मों का फल उसे अवश्य मिलता है। अच्छे कर्मों का फल हो अथवा बुरे कर्मों का। भगवान राम व कृष्ण भी कर्म फल से नहीं बच सके। वह उसरू के प्राइमरी विद्यालय के पास एक होम स्टे में आयोजित सत्संग में बोल रहे थे। इस मौके पर जगदेव मौर्य, डॉ. भरतलाल यादव आदि आदि मौजूद रहे।

### मांगी जनसूचना

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** चौरासी कोसी परिक्रमा पथ मार्ग के निर्माण के दौरान हो रही पेड़ों की कटान को लेकर अभिषेक सावंत ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ से सूचना का अधिकार के तहत विस्तृत जनसूचना मांगी है। आवेदन में वृक्ष कटान से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्ट जानकारी और प्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग की है।

# कड़ी सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के बीच रामनवमी मेला संपन्न

## अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर लिया श्रद्धालुओं का हाल चाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा व मजबूत भीड़ प्रबंधन के बीच अयोध्या का मुख्य पर्व व मेला रामनवमी शुक्रवार को संपन्न हो गया। सभी व्यवस्थाओं के बीच श्रद्धालुओं ने भी संयम दिखाया व राम मंदिर व हनुमानगढ़ी समेत अन्य मंदिरों में कतारबद्ध होकर दर्शन&पूजन किया। एडीजी जोन लखनऊ प्रवीण कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद संभाल रखी थी। वह मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं का हालचाल लेते दिखे।



लता चौक पर रामनवमी मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एडीजी जोन प्रवीण कुमार, आईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर। अमृत विचार

लाखों श्रद्धालुओं ने शुक्रवार भोर से ही सरयू स्नान करना शुरू कर दिया था। श्रद्धालुओं को राम मंदिर तक पहुंचने व वापस जाने के लिए एकल दिशा मार्ग बनाया गया था। राम मंदिर दर्शन के बाद श्रद्धालु गेट नंबर तीन से बाहर निकले व दूसरी लेन से होकर वापस गए। श्रीराम अस्पताल, हनुमानगढ़ी चौराहा, कोतवाली, तुलसी उद्यान के पास कई स्थानों पर लगी बैरिकेडिंग पर श्रद्धालु एक लेन से दूसरे लेन में जाने की जद्दोजहद करते दिखे। पुलिसकर्मियों से बहस भी हुई। हनुमानगढ़ी से दर्शन कर बाहर निकलने वाले श्रद्धालुओं को पीछे के द्वार से निकालकर कनक भवन मार्ग पर डायवर्ट किया गया। श्रीराम जन्मभूमि पथ के प्रवेश मार्ग पर एटीएस, आरएएफ के जवानों के साथ बख्तरबंद वाहन भी तैनात रहा। घाट की सुरक्षा भी अर्धसैनिक बलों के हवाले रही। एडीजी जोन समेत अन्य अधिकारी यलो जोन में बने कंट्रोल रूम से मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी करते रहे, आवश्यकता पड़ने पर पीएएस के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी करते रहे।



महिला को बेरिकेडिंग पार कराता परिवार का सदस्य। अमृत विचार

**वाहनों के प्रवेश पर रही रोक, रामपथ रहा नो व्हीकल जोन:** भारी भीड़ की संभावना के चलते प्रशासन ने पहले से ही हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया था। वहीं, गुरुवार शाम से ही अयोध्या धाम में किसी प्रकार के वाहनों को प्रवेश नहीं दिया गया।

रामपथ पर टेढ़ी बाजार से लता चौक होते हुए धर्मपथ पर साकेत पेट्रोल पंप बैरियर तक के मार्ग को नौ व्हीकल जोन बनाते हुए इसे सिर्फ श्रद्धालुओं के पैदल आवागमन के लिए सुरक्षित रखा गया। ई रिक्शा, ऑटो समेत अन्य सवारी वाहनों को भी शहर में चलने की अनुमति नहीं रही। शाम तक भीड़ का दबाव कम होने पर कुछ छूट जरूर दी गई।

# ग्रामीण परिवेश के मेले से एक बार फिर लौटी अयोध्या की पुरानी रौनक

- सिर पर गठरी रख, बच्चों-बूढ़ों की अंगुलियां पकड़ पहुंचे अयोध्या
- रामपथ, धर्मपथ, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर रही चहल पहल

विशाल तिवारी, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामनवमी मेले में ग्रामीण परिवेश से आए कई लाख श्रद्धालुओं से रामपथ ही नहीं गली-कूंचें भी भरे रहे। सिर पर गठरी रखे, बच्चों व बूढ़ों की अंगुलियां पकड़कर चल रहे श्रद्धालुओं को जहां जगह मिली, वहीं खाना पकाया, पन्नी बिछाकर आराम किया, फिर आगे बढ़ चले। आम लोगों का कहना है कि पुरानी अयोध्या के मेले की रौनक एक बार फिर लौट आई है। इसकी कमी दो वर्षों से खल रही थी।

एक अनुमान के मुताबिक इस वर्ष रामनवमी मेले में 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। मुख्य पर्व पर ही 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु अयोध्या में मौजूद रहे। इनमें 80 प्रतिशत श्रद्धालु आसपास के जिलों के ग्रामीण इलाके के रहे। इससे रामपथ, धर्मपथ, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, राम की पैड़ी, तुलसी उद्यान, बिरला धर्मशाला समेत मठ मंदिर, शहर की गलियों, चौक-चौराहों पर खूब चहल पहल नजर आई। ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु गुरुवार शाम से ही परिवार व गांव के लोगों के साथ ग्रुप में अयोध्या पहुंचने लगे थे। कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली से तो कोई शेयरिंग वाहन से पहुंचा। आज शुक्रवार सुबह सरयू स्नान के बाद मठ मंदिरों में दर्शन पूजन किया। श्रीराम जन्म के बाद अपने अपने घरों को रवाना भी हो गए।

अयोध्या निवासी बुजुर्ग सरोज सिंह कहते हैं कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में देश-विदेश के पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। हालांकि ग्रामीण परिवेश के श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई थी, जिससे अयोध्या के सौंदर्य में कुछ कमी महसूस हो रही थी। इस बार यह कमी दूर हो गई। संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत रामस्वरूप दास बताते हैं कि इस बार इनकी संख्या में वृद्धि होने से खुशी हो रही है।



पूजन सामग्री की दुकान पर खरीदारी करती महिलाएं। अमृत विचार



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के परिसर में विश्राम करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### खूब बिके प्रसाद व पूजन सामग्री

भारी भीड़ के चलते प्रसाद के साथ पूजन सामग्री व सौंदर्य प्रसाधन के सामानों की खूब बिक्री हुई। छोटे जलपान की दुकान जैसे चाय, समोसा, जलेबी, पूरी-सब्जी, चाट आदि की दुकानों पर खूब भीड़ दिखी। ठंडा शरबत व गन्ने के जूस भी खूब बिके। हालांकि बड़े रेस्टारेंट आदि में कुछ खास भीड़ नजर नहीं आई। प्रसाद विक्रेता केशरीनंदन गुप्ता ने बताया कि मेले में ग्रामीण भक्तों ने खूब प्रसाद खरीदा। सभी दुकानों पर सुबह से ही रेला लगा रहा। ठेले पर पूजन सामग्री की दुकान लगाने वाले संजय तिवारी ने बताया कि फूलों के हार, चंदन, अगरबत्ती, दीये और राम-सीता की तस्वीरें भी खूब बिकी। अन्य दुकानदारों का कहना है कि रामलला की प्राण पतिष्ठा के बाद से पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने से व्यापार में जान आई है।

# 500 महाविद्यालयों के 3 लाख विद्यार्थियों को मिली बड़ी राहत

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परीक्षा पद्धति में संशोधन से 500 महाविद्यालयों के तीन लाख से अधिक विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। विश्वविद्यालय ने हाल ही में परीक्षा प्रणाली में बदलाव का फैसला लिया था, जिसमें कई सेमेस्टर की परीक्षाएं ओएमआर शीट (ऑब्जेक्टिव टाइप) पर कराने की योजना बनाई गई थी। इससे जुड़े पाठ्यक्रम और तैयारी की कमी के कारण छात्रों में भारी असमंजस और विरोध पैदा हो गया।

कई महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों और छात्र संगठनों ने शिकायत की कि नए पाठ्यक्रम के चलते किताबें, नोट्स और अध्ययन सामग्री अभी पूरी तरह उपलब्ध नहीं हैं। ओएमआर शीट पर आधारित परीक्षा के लिए छात्र पूरी तरह तैयार नहीं थे, जिससे उनके भविष्य पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही थी।

इस मुद्दे पर परीक्षा समिति की बैठक में गहन चर्चा हुई। समिति के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपना फैसला पलट दिया और पारंपरिक लिखित (डिस्क्रिप्टिव) परीक्षा पद्धति को जारी रखने का निर्णय लिया। इस संशोधन से करीब 500 से अधिक संबद्ध महाविद्यालयों के तीन लाख से ज्यादा स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को राहत मिली है। छात्रों ने इस फैसले का स्वागत किया है और कहा कि अब वे बिना किसी दबाव के बेहतर तैयारी कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि छात्रों के हित को ध्यान में रखकर यह बदलाव किया गया है।

# कवि सम्मेलन में गूंजे देश भक्ति के स्वर

संवाददाता मवई, अयोध्या

**अमृत विचार:** मां कामाख्या धाम महोत्सव-2026 के समापन अवसर पर गुरुवार शाम आयोजित भव्य कवि सम्मेलन ने पूरे माहौल को साहित्यिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां कामाख्या के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मां की वंदना से हुई। जिसे डॉ. शशि श्रेया ने अपनी मधुर प्रस्तुति से भावपूर्ण बना दिया।

कवि सम्मेलन में छह से अधिक कवियों ने अपनी-अपनी विधाओं के माध्यम से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। सभी कवियों का स्वागत रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, बीकापुर विधायक डॉ.अमित सिंह चौहान एवं महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी द्वारा किया गया। ओज की कवयित्री श्रद्धा शौर्य ने अपनी प्रभावशाली कविताओं के माध्यम से नारी शक्ति का सशक्त चित्रण करते हुए श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं कवि अभय निर्भीक ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाकर पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। हास्य कवियों में जतिन शुक्ला, हेमंत पाण्डेय व अनिल चौबे ने अपनी चुटीली रचनाओं से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया।



विधायक अमित सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार

शायर धर्मराज उपाध्याय ने अपनी शायरी से कार्यक्रम में अलग ही रंग घोला। अध्यक्षता डॉ. अनिल चौबे ने और संचालन हेमंत पाण्डेय द्वारा किया गया।

# लेपन का काम पूरा न होने से नाराजगी, किया प्रदर्शन

**पूराबाजार, अयोध्या:** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से माइनर की पटरी अबनपुर रजबहा पर लेपन का कार्य किया जा रहा था लेकिन विभाग ने बीच में शांतिपुर के पास कार्य रोक दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को माइनर की पटरी पर विरोध-प्रदर्शन किया। अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड को दिए गए पत्र में ग्राम प्रधान शांतिपुर मंजू सिंह, रविंद्र किशोर सिंह, अरविंद, विनोद, तेज बहादुर आदि का कहना है कि मानक दूरी तक लेपन कार्य न करके बीच में ही कर रोक दिया गया। जबकि सफाई मानक दूरी तक की गई है। इसी मार्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों का और विद्यालय के बच्चों का आना-जाना है। ग्रामीणों ने माइनर की पटरी का लेपन कर कराने की मांग की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा बाजार वि०ख० रुपईडीह जिला गोण्डा।**

पत्रांक मेमो /2026-27/ मनरेगा योजना/कार्या0 दिनांक :- 15/03/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपरा बाजार वि0ख0 रुपईडीह वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत पत्रांक-ममो पंचम राज्य वित/15वां वित/निराश्रित गौवंश भरण पोषण योजना अन्तर्गत निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | वांछित सामग्री |
|---|---|---|
| 1 | निराश्रित गौ आश्रय केन्द्र- | दाना, पशु आहार, साइलेज, हरा चारा, चोकर, भूसा आदि |

उपरोक्त वाछित सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/दुकानदारों से निविदा दिनाँक 30/03/2026 को पूर्वाहन 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय के बाक्स में आमंत्रित की जाती है जिसे उसी दिन अपराहन 3 बजे खोली जाएगी। निविदा व शर्तें कार्यालय में आकर किसी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकृति अथवा अस्वीकृति करने का अधिकार प्रधान व सचिव में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जायेगा।

देवेश कुमार श्रीवास्तव सचिव
ग्राम पंचायत पिपरा बाजार
वि0ख0 रुपईडीह जिला गोण्डा

सत्य प्रकाश तिवारी प्रधान
ग्राम पंचायत पिपरा बाजार
वि0ख0 रुपईडीह जिला गोण्डा

# गंगा को हरा गोमती का चैम्पियन्स ट्रॉफी पर कब्जा

**एपीएल टी-20**

- प्रियांशु रहे मैन ऑफ द सिरीज तथा रितिक रहे मैन ऑफ द मैच

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) टी-20 के फाइनल मुकाबले में गंगा वॉरियर्स को 45 रनों से पराजित कर गोमती थंडर टीम ने खिताब के साथ चैम्पियन्स ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी ज्ञानेन्द्र पांडेय ने विजेता गोमती थंडर व उपविजेता गंगा वॉरियर्स टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार राशि का चेक और खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। प्रतियोगिता में गोमती टीम के प्रियांशु मैन-ऑफ-द-सिरीज और रितिक फाइनल के मैन-ऑफ-द-मैच रहे।



एपीएल टी-20 की विजेता गोमती थंडर टीम विजेता ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल स्थित स्टेडियम में शुक्रवार को एपीएल टी-20 का फाइनल मुकाबला गोमती थंडर व गंगा वॉरियर्स टीमों के बीच खेला गया। अचानक मौसम खराब होने के कारण मुकाबला 14 ओवरों का हुआ। टॉस जीत कर गोमती थंडर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 160 रन बनाये। प्रियांशु ने चार छक्के व छह चौके की मदद से 59, स्वास्तिक ने तीन छक्के व तीन चौके की मदद से 23 रनों का योगदान दिया। गंगा टीम के ध्रुव ने दो, विशाल, सौरभ, शोएब, उत्कर्ष, बादल ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गंगा वॉरियर्स टीम महज 2.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 115 रनों पर सिमट गई। ध्रुव ने पांच छक्के व छह चौके की मदद से 39, सौरभ 21 रनों का सहयोग दिया। गोमती के रितिक ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए और मैन-ऑफ-द मैच रहे। अनमोल, स्वास्तिक आतिफ ने दो-दो विकेट लिये। इस मौके पर आयोजन उपाध्यक्ष वैभव श्रीवास्तव, सचिव उमेर अहमद, संयुक्त सचिव बाल किशन निषाद, आरएसओ अनिमेष सक्सेना, जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विनय मनूचा आदि मौजूद रहे।

# देश के दो राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू होने का स्वागत

**अयोध्या, अमृत विचार:** देश के दो राज्यों उत्तराखंड और गुजरात में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने का स्वागत किया गया। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्रीश्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी ने कहा कि संगठन की ओर से देशभर के ब्राह्मण संगठनों को एकजुट करने की कवायद रंग लाई। कहा कि संगठन सवर्ण आयोग के गठन, आर्थिक आधार पर आरक्षण, योग्यता आधारित पदों को छोड़कर लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन रत है। कहा कि केंद्र सरकार से यूजीसी कानून लाकर सवर्णों के खिलाफ साजिश रची, इसका उसे गंभीर परिणाम भोगना पड़ेगा। ये किसी भी हाल में ठीक नहीं है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोचवा वि०ख० रुपईडीह जिला गोण्डा।**

पत्रांक मेमो /2026-27/ मनरेगा योजना/कार्या0 दिनांक :- 15/03/2026

**निविदा सूचना**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोचवा वि0ख0 रुपईडीह वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत पत्रांक-ममो पंचम राज्य वित/15वां वित/निराश्रित गौवंश भरण पोषण योजना अन्तर्गत निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | वांछित सामग्री |
|---|---|---|
| 1 | निराश्रित गौ आश्रय केन्द्र- | दाना, पशु आहार, साइलेज, हरा चारा, चोकर, भूसा आदि |

उपरोक्त वाछित सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/दुकानदारों से निविदा दिनाँक 30/03/2026 को पूर्वाहन 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय के बाक्स में आमंत्रित की जाती है जिसे उसी दिन अपराहन 3 बजे खोली जाएगी। निविदा व शर्तें कार्यालय में आकर किसी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकृति अथवा अस्वीकृति करने का अधिकार प्रधान व सचिव में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जायेगा।

विन्हवासिनी भारती सचिव
ग्राम पंचायत कोचवा
वि0ख0 रुपईडीह जिला गोण्डा

आबासनी सोनी प्रधान
ग्राम पंचायत कोचवा
वि0ख0 रुपईडीह जिला गोण्डा



कथा व्यास से आशीर्वाद प्राप्त करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह साथ में आलोक कुमार सिंह रोहित। अमृत विचार

### श्रीराम के आदर्शों से ले प्रेरणा : गोविंद देव

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** सरायराशी में आयोजित भव्य श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास गोविंद देव गिरी जी महाराज ने बाल्मीकि रामायण के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए प्रभु श्रीराम के आदर्शों और मर्यादा का संदेश दिया। उन्होंने पंचवटी का प्रसंग सुनाते हुए स्वर्ण मृग के आगमन, माता सीता के हरण और रावण के अहंकार का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। समापन पर मुख्य आयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, आलोक सिंह रोहित व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व सांसद जौनपुर धनंजय सिंह, आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशलकिशोर, सह विभाग प्रचारक शैलेंद्र, महानगर प्रचारक सुदीप आदि ने कथा व्यास की आरती उतारी। कथा स्थल पर भक्ति व श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

# नहीं रहे समाजसेवी घनश्याम त्रिपाठी, शोक

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आदिलपुर निवासी समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान घनश्याम त्रिपाठी का शुक्रवार को दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बीपत तिवारी के पौत्र थे और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका के कारण क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। उनके पुत्र मंगेश मणि त्रिपाठी एवं भतीजे राकेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार दोपहर पैतृक गांव आदिलपुर में प्रभात नगर-हैरिंग्टनगंज मार्ग के किनारे स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समाधि स्थल पर हुआ। अंतिम संस्कार में पूर्व प्रमुख मिल्कीपुर कमलासन पाण्डेय, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, शिवपूजन पाण्डेय, उपेंद्र सिंह लल्लू, रामतीरथ सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



सीनियर राज्य महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता की विजेता अयोध्या टीम। अमृत विचार

### अयोध्या सीनियर राज्य महिला हैंडबॉल की विजेता

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** उप्र खेल निदेशालय के निर्देशन में प्रयागराज में हुई सीनियर राज्य महिला आमंत्रण हैंडबॉल प्रतियोगिता में अयोध्या टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विजेता होने का गौरव हासिल किया। अयोध्या हैंडबॉल टीम के प्रशिक्षक परमेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में अयोध्या की टीम ने मेजबान प्रयागराज, मेरठ, लखनऊ, बागपत की टीमों को पराजित कर सेमीफाइनल बस्ती की टीम को 20-10 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में टीम ने 34-24 से विजेता होने का सौभाग्य प्राप्त किया। अयोध्या टीम में आराधना त्रिपाठी, राजपति, दिया, रक्षा, दर्शन, प्रियंका, खुशी, सरिता, रानी, मानकी, रिया सिंह, सोनम शामिल रहीं।

**फैज़ाबाद पब्लिक स्कूल**
English Medium, Senior Secondary, Co-Educational
Darabganj, Mumtaznagar, Ayodhya-224001 (U.P.)
Email: fpsfzd@rediffmail.com, Mob: 9170009377-9794935082
Admission Open
अयोध्या का एकमात्र सी.बी.एस.ई. विद्यालय
किफायती शुल्क में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा
प्रवेश प्रारम्भ
Limited Seats
नर्सरी से IX - XI (विज्ञान एवं कॉमर्स)
Bus facility available. Smart Classes & CCTV Cameras in every class etc.
Prospectus available at school office from 08.30 a.m. to 04.00 p.m.
K.K. Mishra PRINCIPAL

## न्यूज ब्रीफ

### तीन दिवसीय सरस मेला आज से

अयोध्या, अमृत विचार : जिले में 28 मार्च से ग्राम्य विकास विभाग द्वारा तीन दिवसीय सरस मेले का आयोजन होगा। यह 30 मार्च तक चलेगा। अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए साकेत संध्या का शुभारंभ भी सरस मेले में किया जाएगा। राम की पैड़ी पर आयोजित होने वाले मेले में श्रद्धा, संस्कृति और ग्रामीण विकास का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

### पागल कुत्ते का आतंक कई हो चुके शिकार

बीकापुर, अयोध्या : कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के पिपरी उत्तलपुर गांव में कई दिनों से एक पागल कुत्ते का आतंक व्याप्त है। कुत्ते द्वारा गांव के कई लोगों को काटकर जख्मी किया जा चुका है। गांव निवासी प्रियंका निषाद (26) के ऊपर शुक्रवार सुबह दूसरी बार कुत्ते ने हमला करके जख्मी कर दिया। परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले जाकर दवा उपचार कराया गया। ग्राम प्रधान मुकेश निषाद और ग्रामीणों द्वारा वन विभाग और पशु विभाग से कार्रवाई मांग की है।

### विवि परिसर में चला स्वच्छता अभियान

अयोध्या, अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के आवासीय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने दीक्षा भवन के बगीचे और परिसर की साफ सफाई की। भोजन के बाद बौद्धिक सत्र में डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ समाज कार्य विभाग के डॉ. रूपेश कुमार सिंह ने साइबर सुरक्षा के विषय में स्वयंसेवकों को जानकारियां दीं।

# माता और पिता देंगे नोड्यूज तब हाईस्कूल-इंटर में होगा पंजीकरण

## फर्जी परीक्षार्थियों पर रोक लगाने को यूपी बोर्ड की ओर से दिशा-निर्देश जारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी) बोर्ड ने फर्जी परीक्षार्थियों और नकल माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए अब हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में नामांकन की व्यवस्था पूरी तरह से बदल दी है। बोर्ड ने आगामी सत्र से बिना माता-पिता के अनापत्ति प्रमाण पत्र के छात्र-छात्राओं के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के नामांकन पर रोक लगा दी है। माता-पिता की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र के बाद ही कॉलेज उनके बच्चों का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए नामांकन करेंगे। इतना ही नहीं बोर्ड ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शिक्षा सत्र के लिए कई और अहम बदलाव किए हैं। इसे लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश जारी किए गए हैं।

पहली बार बोर्ड ने व्यवस्था की है कि राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन अंग्रेजी में प्रार्थना सभा होगी। बोर्ड सचिव की ओर से जारी शैक्षिक सत्र 2026-27 के कैलेंडर में यह व्यवस्था दी गई है। यदि विद्यालय में कोई अन्य भाषा भी पढ़ाई जाती हो तो सप्ताह में एक दिन यथासम्भव प्रार्थना सभा उस भाषा में भी संचालित की जाएगी। खास यह कि 1 अप्रैल को सत्र शुरू होने के साथ ही यूपी बोर्ड का पोर्टल क्रियाशील रहेगा जिस पर कक्षा नौ के विद्यार्थियों का पंजीकरण किया जा सकता है। स्कूलों को विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ-साथ पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करते हुए उनके विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि आदि का मिलान विद्यालयी रिकॉर्ड से किया जाएगा। हाईस्कूल व इंटर के लिए परीक्षा आवेदन करने से पहले विद्यार्थियों के विवरण का विद्यालयी अभिलेखों से मिलान करते हुए अभिभावकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के बाद ही आवेदन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वार्षिक परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों से पढ़वाए जाने वाले समाचार में प्रयुक्त कुछ कठिन शब्दों का उच्चारण व अर्थ सहित वाक्य प्रयोग भी बताया जाएगा।

> बोर्ड द्वारा नए दिशा निर्देश आएं हैं। सभी प्रधानाचार्यों को अवगत कराया जा रहा है। सभी से निर्देश के अनुसार ही पठन पाठन और कालेज संचालन के लिए कहा गया है।
> -डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस

### कॉलेज में मोबाइल रहेगा पूरी तरह से प्रतिबंधित

विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को मोबाइल लाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों जैसे आंखों की रोशनी, पढ़ाई में एकाग्रता में कमी, ऑनलाइन गेम्स की लत आदि के प्रति जागरूक किया जाएगा। छात्र-छात्राओं की सभी परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं एवं ग्रीष्मावकाश गृहकार्य को स्कूल में सुरक्षित रखा जाएगा और यूपी बोर्ड के निर्देश पर वेबसाइट पर अपलोड करना होगा।

### सभी कॉलेजों में होगा साइबर क्लब का गठन

विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग एवं साइबर अपराधों के प्रति सजग करने के लिए स्कूलों में 'साइबर क्लब' का गठन होगा। अर्द्धवार्षिक परीक्षा मासिक शैक्षिक पंचांग के अनुसार सितंबर तक पढ़ाए गए लगभग 60 प्रतिशत पाठ्यक्रम से ली जाएगी।

### नवरात्रि के अंतिम दिन देवी मंदिरों में दी गयी पूर्ण आहूति

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : नवरात्रि के नवमी तिथि पर माता दुर्गा के आखिरी स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करने व देवी मंदिरों पर मां रानी की दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। बड़ी देवकाली, छोटी देवकाली, जालपा देवी मंदिर सहित सभी मंदिरों में चल रहे अनुष्ठान पूजन हवन कुंड में पूर्ण आहुति के साथ सम्पन्न हुआ। मां की विदाई की परंपरा में कन्याओं व एक लंगूर के रूप में लड़के को भी बुलाया गया। पैर धोने के बाद कन्याओं को आसन पर बिठाकर उनके हाथों में कलावा बांधा गया, माथे पर कुमकुम सुशोभित किया गया। छोटी देवकाली मंदिर के पुजारी अजय द्विवेदी ने बताया कि महिलाओं ने मंदिर में ही नौ कन्याओं का पूजन कर भोजन प्रसाद कराया। बता दें कि नवरात्रि के नवमी तिथि पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ एकत्रित होने लगी थी। दिन भर दर्शन-पूजन का दौर चलता रहा।

# समाज सेवा के महत्व को समझाता है एनएसएस

**कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प््रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई-तीन द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. निरंजन सिंह के संयोजन में यह शिविर ग्राम बवां में लगाया गया।

- सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व को समझने और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विकास सिंह ने कहा कि एनएसएस नेतृत्व और टीम वर्क के कौशल को विकसित करने में मदद करता है। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू डॉ. डी.नियोगी, सह अधिष्ठाता डॉ. भानु प्रताप, डॉ. उमेश चंद्र, डॉ. हेमंत कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### चक्की के पट्टे में फंसकर अधेड़ की मौत

बीकापुर, अयोध्या : कोतवाली बीकापुर अंतर्गत मोतीगंज चौकी क्षेत्र स्थित रामपुर जोहन गांव में गुरुवार शाम गांव निवासी राधेश्याम कोरी (50) पुत्र शिवप्रसाद आटा चक्की के इंजन के पट्टे में फंसकर मौत हो गई। वह चक्की के पास काम कर रहे थे, तभी अचानक उनका शरीर इंजन के चल रहे पट्टे में फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इंजन बंद किया, लेकिन तब तक राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। मोतीगंज चौकी से आरक्षी जयप्रकाश सिंह और रामलखन ने ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैरिंग्टनगंज पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। इस हादसे के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

### जलालपुर में चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

जलालपुर, अंबेडकरनगर : जलालपुर नगर क्षेत्र में सडक़ों और फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार के निर्देश पर सोमवार 30 मार्च से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान से पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा वाहन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वह प्रशासनिक कार्रवाई से बच सकें। अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील किया है कि वह समय रहते स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस निर्णय से अतिक्रमणकारियों में हडक़ंप की स्थिति है।

# जिले के 506 आंगनबाड़ी केंद्र होंगे सक्षम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** शासन के मंशानुसार जिला प्रशासन के प्रभावी प्रयासों से जनपद में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढीकरण एवं बाल पोषण से संबंधित कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। इसी क्रम में जनपद के 506 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

अभियान के तहत पोषण वाटिका एवं बाला पेंटिंग का दायित्व पंचायतीराज विभाग को सौंपा गया है, जबकि रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों द्वारा अभियान चलाकर इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जा रहा है। इन कार्यों की जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनीटरिंग भी की जा रही है, जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके।

जनपद में बाल स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर भी कार्य किया जा रहा है। शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन 98.37 प्रतिशत सफलता के साथ कराया गया, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गृह भ्रमण का कार्य 97.27 प्रतिशत तक पूर्ण किया गया है। यह उपलब्धि जनपद में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में आंगनबाडी केंद्रों पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। खनन विभाग द्वारा जनपद के 120 आंगनबाडी केन्द्रों के लिए प्री-स्कूल किट उपलब्ध कराई गई है।

**आंगनबाड़ी केंद्रों का निमार्ण कार्य जल्द करें पूर्ण :** जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए बेहत्तर शिक्षण वातावरण तैयार हो रहा है तथा प्रारंभिक बाल शिक्षा को भी मजबूती मिल रही है। प्रशासन का उद्देश्य है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को बेहतर पोषण के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा भी उपलब्ध कराई जा सके। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 15 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 12 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 03 आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए सीडीओ आनदं कुमार शुक्ला ने कार्यदायी संस्था को अविलम्ब शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# खादी लाखों लोगों के रोजगार की आजीविका: विजय बहादुर

**आजमगढ़, अमृत विचार :** उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत् प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हरिऔध कला केन्द्र, आजमगढ़ में किया गया। इस अवसर पर मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें खादी के प्रचार-प्रसार, शोध, डिजाइन, मानकीकरण तथा कारीगरों के उत्साहवर्धन पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से ऐसे 02-02 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया, जिनके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर खादी एवं ग्रामोद्योग योजनाओं के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में सर्वाधिक उद्योग इकाइयों की स्थापना कराई गई है।

- खादी विभाग ने ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित

इन ग्राम प्रधानों को पुरस्कार स्वरूप 2000 की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक, सदस्य विधान परिषद ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम मात्र औपचारिकता नहीं है, बल्कि खादी को नई पहचान देने और उसे आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने खादी को स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक बनाया था। आज भी खादी लाखों कत्तिनों और बुनकरों के रोजगार और आजीविका का प्रमुख आधार है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक 40 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। मीरानपुर स्थित प्रधान डाकघर के पीछे झाड़ी में शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखा, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। कस्बा चौकी इंचार्ज नेहा सिद्धार्थ ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मृतक की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा दान करने को करें प्रेरित: डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- जनपद में कुल 39 गो-आश्रय स्थल संचालित, जिसमें 5 हजार 299 निराश्रित गोवंश को संरक्षित

**अमृत विचार:** निराश्रित गोवंश संरक्षण योजनान्तर्गत जनपद में कुल 39 गो-आश्रय स्थल संचालित है, जिसमें कुल 5 हजार 299 निराश्रित गोवंश संरक्षित किए गए हैं, जिनके भरण-पोषण की व्यवस्था शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में गेंहू के भूसे के उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए अपेक्षा की गई कि जनता को निराश्रित गोवंश के प्रति जागरूक करते हुए जनमानस को अधिकाधिक भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें।

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला जनपद वासियों से अपील किया है कि संरक्षित किए गए निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण में सहयोग करते हुए अपने निकटतम गो-आश्रय स्थल पर अधिकाधिक मात्रा में भूसा, हरा चारा, पशु आहार और चूनी चोकर आदि दान देकर गोवंशों की सेवा कर पुण्य के भागीदारी बनते हुए पुण्य लाभ प्राप्त करें। उन्होंने जनपद के पशु प्रेमी, गोवंश में आस्था रखने वाले समस्त नागरिकों से अपील किया कि यदि आपके पास गोवंशों के दान में भूसा, हरा चारा, पशु आहार और चूनी-चोकर आदि की उपलब्धता नहीं है, तो आप जनपद स्तर पर संचालित गो संरक्षण और संवर्धन कोष में सीधे ऑनलाइन धनराशि दान स्वरूप हस्तान्तरित या बैंक के माध्यम से जमा कर सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि आपके द्वारा दान की गई सामाग्री और धनराशि का उपयोग केवल निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने सभी पशुपालकों, किसानों और पशु प्रेमियों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वह आगे आकर भूसा दान महादान अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और गोवंश सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

### श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के तहत 754 आवेदनों में से 703 निस्तारित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर : विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश पर सीडीओ की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु समिति, जनपद स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन समिति, जिला टास्क फोर्स एवं बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना और नेशनल पेंशन स्कीम-ट्रेडर्स के अंतर्गत प्रगति बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही वर्ष 2027 तक जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियमित विशेष अभियान संचालित करने पर बल दिया गया। उप्र भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत कार्यस्थल पंजीयन में वित्तीय वर्ष 2025 .26 के लक्ष्य के सापेक्ष 803 पंजीयन पूर्ण किए गए। उपकर वसूली में 12 .47 करोड़ रुपए की प्रगति दर्ज की गई, जिसके संबंध में विभागों को समयबद्ध जमा एवं ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनपद में अब तक कुल 1 लाख 42 हजार 906 श्रमिक पंजीकृत हैं तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में 15 हजार 230 नए पंजीयन किए गए हैं। श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त 754 आवेदनों में से 703 का निस्तारण किया जा चुका है। कन्या विवाह सहायता योजना और मातृत्व, शिशु और बालिका मदद योजना मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से आच्छादित हैं, जिनमें जनपद द्वारा उत्कृष्ट प्रगति प्राप्त की जा रही है।

# भक्तों ने मां की पूजा कर मनाई रामनवमी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद में चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना किया। इसके साथ ही नवरात्र व्रत का समापन किया। वहीं रामनवमी का पर्व भी धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया।

मां नव दुर्गा के भक्तों ने कन्याओं का पूजन किया कर उन्हें प्रसाद खिलाया और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। यह परंपरा नवरात्र के समापन का प्रतीक है। घरों और मंदिरों में भगवान श्री राम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं मंदिरों में रामचरितमानस का पाठ भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रामनवमी के उपलक्ष्य में कई स्थानों पर धर्म ध्वजाएं लहराई गईं। रामनवमी पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है और श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में लहर-लहर लहराई रे ध्वजा बजरंगबली की और कभी राम बनके, कभी श्याम बनके जैसे भक्ति गीत गूंज रहे हैं।



रामनवमी पर कन्याओं को भोज कराते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- भक्तों ने कन्याओं को भोजन कराकर किया व्रत का पारण

# गौशाला में लगी आग, तीन मवेशियों की जलकर मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के जलालपुर तहसील स्थित दाउदपुर ग्राम पंचायत में गुरुवार रात एक गौशाला में भीषण आग लग गई। इस घटना में गौशाला में बंधे तीन मवेशी जलकर राख हो गए, जिससे पशुपालक गंगाराम को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। बता दें कि रात करीब 11 बजे गंगाराम के घर के पास बनी गौशाला में अचानक आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बाल्टी व अन्य साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के अथक प्रयासों के बावजूद आग पर काबू पाने से पहले ही गौशाला में बंधे तीनों मवेशियों की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से गौशाला में रखा चारा, लकड़ी और अन्य सामान भी जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग के कर्मचारी और लेखपाल मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। डिप्टी सीवीओ विनोद कुमार यादव ने बताया कि घटना की रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग को भेजी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट के आधार पर पीडि़त परिवार को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। ग्राम प्रधान राकेश ने भी पीडि़त पशुपालक को जल्द सहायता दिलाने के लिए प्रशासन से मांग करने की बात कही। लेखपाल द्वारा नुकसान का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# विहिप की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** चैत्र मास की पावन राम नवमी पर जलालपुर नगर पूरी तरह भक्तिरस में सराबोर नजर आया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर नगर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के गगनभेदी उद्घोष से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विहिप के जिला अध्यक्ष हृदय मणि मिश्र तथा संरक्षक ओम प्रकाश सिंह के संरक्षण में नगर इकाई द्वारा आयोजन किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व नगर अध्यक्ष आदित्य मिश्र, नगर मंत्री अंकित यादव और बजरंग दल संयोजक सत्यम यादव ने किया। शोभायात्रा सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। यह मोहल्ला छाछू, सराय चौक, यादव चौराहा, जलालपुर कोतवाली, मुख्य डाकघर, शिवाजी तिराहा और जमालपुर चौराहा होते हुए नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। मार्ग में डीजे की भक्ति धुनों पर झूमते श्रद्धालु तथा माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।



शोभायात्रा में शामिल विहिप के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- राम नवमी पर्व पर भक्तिरस में सराबोर हुआ जलालपुर

**समस्या** तमसा नदी पर पक्का पुल न होने से लगभग दर्जनभर गांवों की 10 हजार से अधिक आबादी को आवागमन में दिक्कत

# डरारी में पक्के पुल की उम्मीद जगी, रिपोर्ट शासन को भेजी

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** तमसा नदी पर डरारी गांव के पास पक्का पुल निर्माण की वर्षों पुरानी मांग अब साकार होने की दिशा में बढ़ती दिखाई दे रही है। शासन के निर्देश पर सेतु निगम विभाग के कर्मचारियों ने बीते दिनों स्थलीय सर्वेक्षण कर अनुमानित लागत निर्धारित की तथा पूरी पत्रावली स्वीकृति के लिए शासन को भेज दी है। इससे ग्रामीणों में उम्मीद की नई किरण जगी हुई है।

बता दें कि तमसा नदी पर पक्का पुल न होने से डरारी, जोल्हापुर, रामगढ़, लखमीपुर, शेखपट्टी, बिछैला, सुकरौली सहित दर्जनभर गांवों की 10 हजार से अधिक आबादी आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। ग्रामीणों ने वर्षों पहले सामूहिक प्रयास से लकड़ी का पुल बनाया था, जो हर बरसात में बह जाने के बाद फिर से बनाया जाता है। इस मार्ग से पैदल, साइकिल और बाइक से आना-जाना तो संभव है, पर चार पहिया वाहनों को लंबा और कठिन रास्ता अपनाना पड़ता है। पक्का पुल बनने से जलालपुर ब्लॉक व तहसील मुख्यालय तक पहुंच सुगम हो जाएगी तथा आजमगढ़ जाने का मार्ग भी सरल हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पुल न होने से विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। वर्ष 2012 में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पुल बनाने का वादा किया था, पर बाद में कोई कार्यवाही नहीं हुई।



डरारी गांव के पास तमसा नदी पर बना बांस-बल्ली से पुल। ● अमृत विचार

### ग्रमीणों ने दोहराई पुल निर्माण की मांग

भाजपा सांसद का प्रस्ताव भी सर्वे तक ही सीमित रहा। बीते दिनों सेतु निगम विभाग की टीम ने सर्वे कार्य पूर्ण कर अनुमानित लागत लगभग 15 करोड़ रुपए तैयार किया है। स्थानीय ग्रामीण रामकुमार, सुरेश कुमार, प्रेमचंद, दिवाकर आदि ने शीघ्र पक्का पुल निर्माण की मांग दोहराई है। वहीं मामले में उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या देखते हुए सर्वे कार्य कराया गया है। शासन से स्वीकृति के बाद पक्का पुल पर निर्माण कार्य शुरू होगा।

# पेट्रोल पंपों पर भीड़ थमी, हालात सामान्य

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद में पिछले तीन दिनों से पेट्रोल-डीजल को लेकर बनी अफरा-तफरी अब खत्म हो गई है। प्रशासन की सख्ती और निगरानी के बाद शुक्रवार सुबह से पेट्रोल पंपों पर हालात सामान्य हो गए हैं। बता दें कि बीते मंगलवार शाम से अचानक जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोग डिब्बों और गैलनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने लगे थे, जिससे माहौल बिगड़ गया था। तब डीएम ने स्पष्ट किया कि जनपद में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल पंपों पर राजस्व कर्मियों और पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे स्थिति नियंत्रित हुई।

# एक दर्जन युवाओं से विदेश में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के जहांगीरगंज क्षेत्र के 12 युवाओं से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख 75 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आजमगढ़ और जौनपुर के पांच जालसाजों पर यह आरोप है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जहांगीरगंज के नवागांव निवासी मोहम्मद कामिल ने बताया कि जनवरी 2025 में उनकी मुलाकात बावली चौराहा पर आजमगढ़ के आरिफ, मोहम्मद अली, सुरेंद्र और जौनपुर के इरशाद से हुई थी। इन आरोपियों ने उन्हें सऊदी अरब में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। आरोप है कि जालसाजों ने वीजा बनवाने के बहाने मोहम्मद कामिल सहित मोहम्मद शमशाद, अब्दुल बासित, रजाऊल मुस्तफा महरुआ, मोहम्मद अहफाज सिकंदराबाद टांडा, शरीफ अतीकुंजमा, मोहम्मद सैफ छज्जापुर, शमीम, अरसद अहमद, नूर मोहम्मद और मोहम्मद जाहिद भगतपुर, बिलरियागंज, आजमगढ़ से कुल 11 लाख 75 हजार 553 रुपए अपने बैंक खातों, गूगल पे और अन्य माध्यमों से लिए। पैसे लेने के बाद सभी पीडितों को सऊदी अरब के फर्जी वीजा और पासपोर्ट थमा दिए गए। उन्हें मुंबई बुलाया गया, जहां कूटरचित हवाई टिकट भी दिए गए। जब इन दस्तावेजों की जांच की गई, तो फर्जीवाड़ा सामने आया और युवाओं को ठगी का एहसास हुआ। पीडितों ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करते रहे। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की तो 24 मार्च को आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# 'गैस नहीं' बोर्ड के बावजूद उमड़ी भीड़, हंगामा

## लोगों ने प्रशासन से गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और भीड़ नियंत्रित करने की उठाई मांग

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय क्षेत्र के चौकिया रोड स्थित जगन्नाथपुर के पास श्री शंभू गैस एजेंसी पर शुक्रवार को भारी अव्यवस्था देखने को मिली। एजेंसी के बाहर गैस उपलब्ध नहीं है का बोर्ड लगाए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पर्ची लेने और गैस सिलेंडर की उम्मीद में पहुंच गए, जिससे हालात बिगड़ गए।

देखते ही देखते करीब 100 से अधिक लोग लाइन में लग गए और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। भीड़ सड़क तक फैल गई, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था न होने से स्थिति और गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में गैस की किल्लत लंबे समय से बनी हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने प्रशासन से गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और भीड़ नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।



गैस एजेंसी के बाहर मौजूद लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### डिब्बों में बेचा जा रहा पेट्रोल-डीजल, प्रशासन सख्त

**अखण्डनगर, सुलतानपुर :** पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाहों के बीच जहां प्रशासन लोगों से संयम बरतने की अपील कर रहा है, वहीं अखण्डनगर क्षेत्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी सामने आई है। पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों के बीच डिब्बों और जरीकेन में धड़ल्ले से ईंधन वितरण किया जा रहा है, जिससे व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्या ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ईंधन केवल वाहनों की टंकी में ही दिया जाए। बोतल, डिब्बा या अन्य पात्र में पेट्रोल-डीजल देना पूर्णत: प्रतिबंधित है। उल्लंघन करने पर संबंधित पंप संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और घबराने की जरूरत नहीं है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन घरों से एक दर्जन से अधिक बकरियां चोरी, शिकायत

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के तेरएं गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए एक दर्जन से अधिक बकरियां चोरी कर लीं। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और पीड़ितों में आक्रोश देखा गया। पीड़ित अजीज, अब्बास और द्रोपदी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चोरों ने अजीज की आठ, अब्बास की चार तथा द्रोपदी की दो बकरियां चोरी कर लीं। सुबह जब उन्हें घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और चोरों की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### बाइक चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। खालिसपुर मुबारकपुर निवासी राजमणि यादव बुधवार को अपनी बाइक से कादीपुर आए थे। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के पास बाइक खड़ी कर तहसील में कार्य के लिए चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर उनकी बाइक मौके से गायब मिली। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली कादीपुर में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और बाइक की तलाश में जुट गई है।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी में 12 लाख से अधिक का गबन

- चार पूर्व कर्मचारियों पर धन हड़पने का आरोप, एस पी से शिकायत

**संवाददाता सुलतानपुर, अमृत विचारः** जनपद के चांदा थाना क्षेत्र में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में लाखों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। नम्रा फाइनेंस लिमिटेड के एरिया मैनेजर लव प्रताप सिंह द्वारा एसपी को दी तहरीर पर पुलिस ने गंभीर आरोपों की जांच शुरू कर दी है। एरिया मैनेजर लव प्रताप सिंह अनुसार कंपनी के पूर्व फील्ड ऑफिसर सूरज तिवारी, शुभम सिंह, सत्यम सिंह और रवि कुमार तिवारी ने अलग-अलग अवधि में ऋण धारकों से नकद और ऑनलाइन माध्यम से किस्तों की रकम वसूली, लेकिन उसे कंपनी के खातों में जमा नहीं किया।

आरोप है कि चारों कर्मचारियों ने मिलकर कुल 12,29,432 रुपये का सुनियोजित तरीके से गबन कर लिया। जब कंपनी प्रबंधन को गड़बड़ी की जानकारी हुई और आरोपियों से रकम वापस मांगी गई, तो उन्होंने टालमटोल करने के साथ ही गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी ।इस धोखाधड़ी से न केवल कंपनी बल्कि गरीब और मध्यम वर्ग के कई ग्राहकों को भी नुकसान हुआ है। बताया कि इस संबंध में पहले भी शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एसपी के आदेश पर थाना चांदा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# माता प्रसाद की हत्या के 2 आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बुधवार को सरे शाम गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में नामजद दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बे से जुड़ा है। जहां हलियापुर-सुलतानपुर मार्ग के किनारे इंडेन गैस एजेंसी के बगल खड़े माता प्रसाद पांडेय (55) निवासी पूरे बेनी माधव नरवापार को गोली मार दी गई थी। जिन्हें जिला अस्पताल के चिकित्सक ने मृत घोषित किया था। मृतक के बेटे अवनीश पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने नामजद आरोपी रमेश मौर्य व अनुराग मौर्य निवासी गण रूपापुर थाना कुड़वार को फिरोजपुर कला जाने वाले रास्ते से रात्रि में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष तरुण पटेल, उपनिरीक्षक दिनेश यादव,अम्बरीष पाठक,दीवान राम कुमार यादव, आरक्षी सुधाकर शर्मा, अभिषेक प्रताप आदि शामिल रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



पकड़े गए गोलीकांड के आरोपी। ● अमृत विचार

- कुड़वार कस्बे में हुए गोलीकांड से जुड़ा मामला

# राहुल मानहानि मामले में अवकाश के कारण सुनवाई स्थगित

- केस का अहम बिंदु बन गई है वॉयस सैंपल लेने के लिए चल रही कानूनी बहस

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि के वाद में शुक्रवार को अदालत में अवकाश के कारण सुनवाई स्थगित रही। अब मामले में सुनवाई शनिवार को होगी।

इससे पूर्व हुई सुनवाई में परिवादी पक्ष द्वारा प्रस्तुत सीडी में उपलब्ध ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच हेतु राहुल गांधी का वॉयस सैंपल लेने की मांग की गई थी, जिस पर बचाव पक्ष ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने इसे कानूनी रूप से अनुचित बताते हुए विरोध किया, जबकि परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने वैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया है। गौरतलब है कि यह मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा है। इस संबंध में भाजपा नेता विजय मिश्र द्वारा 4 अगस्त 2018 को सुलतानपुर की अदालत में मानहानि वाद दायर किया गया था। मामले में पहले ही राहुल गांधी अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं तथा उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब वॉयस सैंपल को लेकर कानूनी बहस इस केस का अहम बिंदु बन गई है।

### अमेठी की पूर्व चेयरमैन अस्पताल में भर्ती, इलाज जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** व्यापारी का मकान दूसरे के नाम दर्ज कराने के मामले में आरोपी अमेठी की पूर्व चेयरमैन चन्द्रमा देवी की अंतरिम जमानत याचिका गुरुवार को खारिज होने के बाद 2024 से अब तक उनके अमेठी व लखनऊ में चल रहे इलाज व स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर अधिवक्ता ने उनको अस्पताल में भेजने की मांग की थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट भव्या श्रीवास्तव ने जेल अधिकारियों को विधिक प्रक्रिया के तहत इलाज कराने का निर्देश दिया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पूर्व चेयरमैन का जिला अस्पताल सुलतानपुर में उपचार हो रहा है। उद्योगपति और अमेठी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की पत्नी चन्द्रमा देवी और चार अन्य के विरुद्ध अमेठी उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य घनश्याम सोनी ने परिवाद दाखिल किया है। इस मामले मे नियमित जमानत पर सुनवाई 30 मार्च को होगी।

**धोखाधड़ी के आरोपों से जुड़ा मामला :** यह मामला उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी द्वारा दायर परिवाद से जुड़ा है। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए चंद्रमा देवी ने कथित रूप से धोखाधड़ी कर घनश्याम सोनी का मकान अन्य लोगों लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी और संगम लाल सोनी के नाम दर्ज करा दिया। इस मामले में कोर्ट ने 8 फरवरी 2024 को सभी आरोपियों को तलब किया था।

# सपा सुप्रीमो के निर्देश पर विजय यादव बने प्रदेश सचिव

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में संगठनात्मक विस्तार करते हुए विजय यादव को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने नगर के करौंदिया निवासी एवं नगर पालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारी विजय यादव को मनोनयन पत्र सौंपा। यह नियुक्ति मिशन-2027 को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति भी शामिल रही। प्रदेश अध्यक्ष ने आशा जताई कि विजय यादव के प्रदेश सचिव बनने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नई जिम्मेदारी मिलने पर विजय यादव ने कहा कि वे पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और मिशन-2027 को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, वीरेन्द्र मौर्य, रवीन्द्र तिवारी, शत्रुघ्न यादव (रानीगंज), अर्जुन यादव, अरुण यादव, सत्यप्रकाश तिवारी, रामप्रवेश यादव, हंसराज यादव सहित कई नेताओं ने बस अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के स्वागत की तैयारियां पूरी

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भवसरनपुर (सैफाबाद) में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार को उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उनका आगमन दोपहर बाद करीब एक बजे प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। प्रदीप पांडेय के आवास पर चल रही कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास डॉ. श्याम सुंदर पाराशर महाराज द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। कथा के छठे दिन शंकराचार्य जी के श्रीमुख से आशीर्वचन प्राप्त होंगे, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। आयोजक प्रदीप पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# इलाज के दौरान आरक्षी की मौत से कोहराम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बीते दिनों तबियत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती आरक्षी की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। आरक्षी की मौत की सूचना पर पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि देते हुए शव को कंधा देकर अंतिम विदाई दी।

बता दे कि स्थानीय थाना क्षेत्र के मढ़हा गांव निवासी कपिल दूबे (35) पुत्र प्रेम शंकर दूबे सीतापुर जिले के तंबौर थाने के दलपतपुर चौकी पर तैनात थे। बीते 21 मार्च को उनकी तबीयत खराब हुई तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को आरक्षी की मौत हो गई। मृतक सिपाही 2018 बैच का था। देर शाम पैतृक निवास मढ़हा शव पहुंचा तो कोहराम मच गया। शुक्रवार सुबह सीओ सिटी सौरभ सामंत व थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने मृतक के घर पहुंच कर शव को सलामी देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि के बाद सीओ व अन्य पुलिस कर्मियों ने शव को कंधा देते हुए अंतिम संस्कार के लिए राज घाट कुड़वार रवाना किया। जहां सिपाही का अंतिम संस्कार हुआ।



सिपाही के शव को कंधा देते सीओ सिटी व इनसेट में कपिल दूबे (फाइल फोटो)।

- सीओ सिटी ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि, दिया कंधा

### चोरों ने दो घरों से लाखों के जेवरात व नकदी चुराए

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द गांव में मंगलवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सुभाष चंद्र पांडेय के घर से चोरों ने दो जोड़ी सोने के कंगन, हार, बाली, सात अंगूठियां, दो मंगलसूत्र, चेन, पायल सहित करीब 40 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। वहीं अंबुज दुबे के घर से सोने का हार, चेन, चांदी के बर्तन, पायल, नथिया, कंगन, आठ सोने के बिस्किट समेत लगभग 15 हजार रुपये नगद पार कर दिए। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ितों में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

# 81 हजार मतदाता पंचायत सूची से बाहर

- पुनरीक्षण के दौरान 7,07,856 मतदाता पाएं गए थे संदिग्ध

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** जनपद में पंचायत चुनाव को लेकर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में 81,237 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। जिले के 14 विकास खंडों की 979 ग्राम पंचायतों में कुल 7,07,856 मतदाता संदिग्ध पाए गए थे, जिनका बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। सत्यापन प्रक्रिया के बाद 6,26,619 मतदाता वैध पाए गए, जबकि 81,237 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए। हटाए गए नामों में मृतक, स्थानांतरित या गलत तरीके से दर्ज मतदाता शामिल हैं। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाना है, ताकि पंचायत चुनाव निष्पक्ष और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके।

| विकासखंड | ग्राम पंचायत | संदिग्ध मतदाता | वैध मतदाता | हटाए गए मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| अखण्ड नगर | 74 | 52,241 | 47,610 | 4,631 |
| कूरेभार | 89 | 54,061 | 45,879 | 8,182 |
| कुड़वार | 75 | 59,901 | 52,389 | 7,512 |
| करौंदी कला | 43 | 34,054 | 30,914 | 3,140 |
| कादीपुर | 63 | 47,839 | 44,151 | 3,688 |
| जयसिंहपुर | 89 | 60,050 | 53,395 | 6,655 |
| दूबेपुर | 94 | 64,817 | 55,716 | 9,101 |
| दोस्तपुर | 59 | 41,196 | 37,035 | 4,161 |
| धनपतगंज | 66 | 56,105 | 48,931 | 7,174 |
| पीपी कमैचा | 65 | 46,006 | 40,569 | 5,437 |
| बल्दीराय | 65 | 50,927 | 43,542 | 7,385 |
| भदैया | 71 | 49,764 | 45,238 | 4,526 |
| मोतिगरपुर | 46 | 34,081 | 30,268 | 3,813 |
| लम्भुआ | 80 | 56,814 | 50,982 | 5,832 |
| कुल | 979 | 7,07,856 | 6,26,619 | 81,237 |

### महिला पर जानलेवा हमला, 3 पर केस दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के वैनी गांव में पारिवारिक विवाद के दौरान एक महिला पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गुरुवार की देर शाम गुलाब चंद्र पांडेय की पत्नी नीलम पांडेय का अपने देवर देवेंद्र पांडेय से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान देवेंद्र पांडेय, श्रेयांश पांडेय और ओम पांडेय ने एक राय होकर नीलम पांडेय पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और पीड़िता को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका उपचार जारी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रामनवमी पर मां सत्यनारायणी धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** रामनवमी एवं चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन भगवतीपुर स्थित मां सत्यनारायणी धाम में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। नवमी महोत्सव पर हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन-पूजन किए और हलवा-पूरी, नारियल व चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

सुबह करीब पांच बजे से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। समय बढ़ने के साथ भीड़ बढ़ती गई और दोपहर तक दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। पूरे परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा, जहां जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। इस अवसर पर वाराणसी से पधारे संत शारदा महाराज के सानिध्य में पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हवन-पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण आध्यात्मिक हो उठा। मां सत्यनारायणी सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। समिति अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि यहां प्रत्येक रविवार को मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण लगभग 30 वर्ष पूर्व संत सूर्यपाल महाराज ने कराया था।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम FAIZAN AKHTAR SAYYED JABBAR ALI से बदलकर SAYYED FAIZAN AKHTAR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: SAYYED JABBAR ALI R/O: PLOT NO 10 IIM ROAD BEHIND ROHAN TIMBER ALLU NAGAR DIGURIA LUCKNOW UTTAR PRADESH 226013

**सूचना**

मेरा वास्तविक नाम राजेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद निवासी ग्राम मीनापुर फगौली पोस्ट शुजागंज जिला अयोध्या है। जो कि गलती से भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 253461552 में मेरा नाम बच्चूलाल पुत्र जगदम्बा प्रसाद हो गया है। भविष्य में मुझे राजेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद के नाम से ही जाना व पहचाना जाएं।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम HAREES AHMAD KHAN से बदलकर HAREESH AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-TABIB KHAN R/0-KHINDURI, PIPRI RAWAT COLONEL GANJ DIST-GONDA-271502(U.P)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता रण विजय सिंह और मेरी माता का नाम बिमलेश सिंह का नाम (CBSC) हाईस्कूल के रिकार्ड रोल नम्बर 23169676 में तथा इंटरमीडिएट रोल नम्बर 32628047 के अंकपत्र व प्रमाणपत्र में माता व पिता का नाम त्रुटिवश गलत लिख गया है। वास्तव में मेरे पिता का नाम रणविजय सिंह है और मेरी माता का नाम विमलेश सिंह है। जिसे त्रुटि कागजातों में सही किया जाना आवश्यक है। प्रार्थी– आदर्श प्रताप सिंह (फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोण्डा) मकान नं. 451, छेदी पुरवा, गोण्डा (उत्तर प्रदेश) 271002

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम D ASIR से बदलकर MOHD NASIR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। R/0-454/252/027 AHMADGANJ NEAR NAWAZ LAWAN THAKURGANJ DIST-LUCKNOW-226003(U.P)

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम FATIMA KHAN से बदलकर FATIMA MATEEN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-JUNED AHMED KHAN ADD-1 VISHESHWAR NATH ROAD, LALBAGH PO-G.P.O DIST-LUCKNOW-226001(U.P)

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे कार्यालय चाटर्ड एकाउटेण्ट स्थित–8, जे0सी0 बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ से लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ द्वारा श्रीमती बीना शर्मा के पक्ष में जारी मूल आवंटन पत्र बाबत भूखण्ड संख्या–ए–1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ कही गुम हो गया है। जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिला। रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 शंकर लाल शर्मा, निवासी–मकान नं0–8, जे0सी0 बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिवांश सरकार आयु लगभग 13 वर्ष पुत्र श्री समीर सरकार निवासी ग्राम मिर्जापुर माफी तहसील सदर थाना कोतवाली अयोध्या जिला अयोध्या का निवासी है। पहले मेरा नाम शिवांश कुमार था जिसे बदलकर अब शिवांश सरकार रख लिया है। ऐसी दशा में अभिलेखों में मेरा नाम शिवांश कुमार के स्थान पर शिवांश सरकार दर्ज किया जाना न्याय संगत है।

**सूचना**

मैं MOHD ANISH पुत्र ABDUL RAJJAK निवासी–279, ग्राम–पिपरा याकूब, पो0–चमरूपुर, बलरामपुर, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ANEES AHMAD S/O ABDUL RAZZAK रख लिया है, अत: आज से मुझे MOHAMMAD ANEES AHMAD S/O ABDUL RAZZAK के नाम से जाना पहचाना और लिखा जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं समीर सरकार आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र श्री मोहन कुमार निवासी ग्राम मिर्जापुर माफी तहसील सदर थाना कोतवाली अयोध्या जिला अयोध्या का स्थाई निवासी है। पहले मेरा नाम समीर कुमार था जिसे बदलकर अब समीर सरकार रख लिया है, ऐसी दशा में अभिलेखों में मेरा नाम समीर कुमार के स्थान पर समीर सरकार किया जाना न्याय हित में आवश्यक है। इसी तरह मेरी पुत्री का पहले नाम शिवांगी राय था जिसे बदलकर शिवांगी सरकार रख लिया है। ऐसी दशा में पुत्री का नाम शिवांगी सरकार अभिलेखों में दर्ज किया जाना न्याय संगत है।


## आस्था


### विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में सीता कुंड धाम पर प्रभु राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

# अवध में जन्मे देखो प्रभु राम, जयकारों से गूंज उठा सीता कुंड धाम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विश्व हिंदू महासंघ द्वारा सीता कुंड धाम पर रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। धार्मिक कार्यक्रम में दोपहर ठीक 12 बजे प्रभु श्री राम की आरती की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने "भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी" जैसे भजनों और जयकारों से परिसर को गूंजायमान कर दिया।

सायंकालीन सत्र में नारी शक्ति द्वारा भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बधाई गीत गाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में मिथिलेश पांडेय, अन्नपूर्णा शर्मा, राधा मौर्या, पूर्व सभासद अंजू श्रीवास्तव, देवकी जायसवाल, सपना शर्मा, उर्मिला शुक्ला, विद्या सैनी, सुदामा जायसवाल, चंद्रिका मिश्रा सहित कई लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।



सीताकुंड पर मनाया गया प्रभु राम का जन्मोत्सव। ● अमृत विचार

### रामनवमी पर राम जन्मोत्सव में झूमे श्रद्धालु, गूंजे भजन

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** क्षेत्र के चक फाजिलपुर मजरे चक्कारी भीट में रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भये प्रकट कृपाला दीन दयाला जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए और पूरा वातावरण राममय हो गया। आयोजन के मुख्य संयोजक पुजारी गुलशन कुमार के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन-कीर्तन के बीच भक्तों ने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की और कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर किशन वर्मा, शिवम वर्मा, अजय वर्मा, अमन वर्मा, पारस नाथ, जनई राम, राम रूप, गुड्डु सिंह, बबलू, हरिशंकर वर्मा, राजवंश, दिलीप सहित आदि उपस्थित रहे। पूरे आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला। अंत में आयोजक गुलशन कुमार ने सभी अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### 151 कन्याओं को कराया गया भोज

**लंभुआ, सुलतानपुर :** चैत्र नवरात्रि की नवमी व रामनवमी के पावन अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। देवी मंदिरों में मां दुर्गा के नवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां भक्तों ने दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। व्रतधारियों ने नवमी के दिन विधि पूर्वक पारण भी किया। नगर पंचायत क्षेत्र के रामनगर स्थित काली माता मंदिर में विशेष रूप से कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नौ कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया, वहीं कुल 151 कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोज कराया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन मां काली पूजा समिति द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।


# रामलला के प्राकट्य से राममय हुई गोनर्द की धरती

## नवरात्र के नौवें दिन मां दुर्गा की विदाई के साथ श्री रामनवमी का त्योहार भी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** नवरात्र के नौवें दिन शुक्रवार को मां दुर्गा की विदाई के साथ श्री रामनवमी का पर्व भी पूरे श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर पूरे जनपद में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अयोध्या की पावन धरती पर बालरूप में भगवान श्रीराम के प्रकट होते ही रघुवंश की गोचर भूमि गोनर्द भी राममय हो उठी। मंदिरों, घरों व सार्वजनिक स्थलों पर भक्तिभाव से श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया।

दोपहर 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीराम के प्राकट्य का शुभ क्षण आया, मंदिरों और घरों में घंटे-घड़ियाल, शंखनाद और जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर घर-घर में रामायण पाठ, सुंदरकांड और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन के साथ भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप का श्रृगार कर आरती उतारी गई। जनपद के कई स्थानों पर शोभायात्राएं भी निकाली गईं, जिनमें राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूप आकर्षण का केंद्र बने रहे। विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर पंचायत परसपुर चौक बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीरामनवमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। भोर पहर से ही श्रीराम नाम संकीर्तन तदुपरांत श्रीरामचरितमानस कृत सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन वासुदेव सिंह, पुजारी कौशलदास, एसपी सिंह चंचल, बृजेश पाण्डेय, शम्भू कौशल, कृष्णचन्द्र रस्तोगी, लल्लन कौशल, सुभाष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



परसपुर के श्रीराम मंदिर में रामायण पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्री राम जानकी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

**गोंडा, अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल नवमी पर रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव उल्लास से मनाया गया। दोपहर ठीक 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संगीतमय सुंदरकांड पाठ से हुई। राम जानकी महिला मंडल की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने बताया कि संपूर्ण महिला मंडल एक जैसी पीली साड़ी पहनकर भगवान श्रीराम के आगमन की प्रतीक्षा में भक्ति भाव से नृत्य-गान कर रहा था। भगवान श्रीराम को छप्पन भोग अर्पित किया गया। दोपहर 12 बजे विशेष आरती के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मंदिर के संरक्षक एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, बृजेंद्र सिंघल, अध्यक्ष अनिल मित्तल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दीपक मोदी, अनिल अग्रवाल, रमन महेश्वरी, सचिन सिंघल, अनामिका बंसल, पूनम मित्तल, सरोज गर्ग, प्रेमलता सिंघल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### स्वामीनारायण मंदिर में मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार :** भगवान घनश्याम महाराज की जन्मस्थली स्वामीनारायण मंदिर, छपिया में रविवार को श्रीराम नवमी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया और पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। प्रातः काल श्रद्धालुओं ने मंदिर के समीप स्थित पवित्र नारायण सरोवर में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके बाद भगवान गंगाजल, सरयू जल व विभिन्न फलों के रस से विधिवत महाअभिषेक किया गया। अन्नकूट के रूप में छप्पन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।


भगवान घनश्याम को लगाया गया भोग।

दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का आयोजन पूरे उत्साह के साथ हुआ। भक्तों ने भगवान श्रीराम एवं घनश्याम महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। महंत देव स्वामी, गुरु जगत प्रकाश स्वामी, कोठारी विष्णु स्वामी और सागर भगत सहित अन्य संतों ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न कराई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर में आकर्षक झांकियां सजाई गईं। इस अवसर पर गुजरात, महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों से भी बड़ी संख्या में हरिभक्त मौजूद रहे।

### करनैलगंज इलाके में भी रही श्रीराम जन्मोत्सव की धूम

**कर्नलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** करनैलगंज में भगवान श्रीराम का प्राकट्य उत्सव नगर के हलवाई समाज द्वारा श्री रामजानकी मंदिर बालूगंज में बड़ी श्रद्धा, धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय यज्ञसेनी, सत्येंद्र यज्ञसेनी, रामजीलाल मोदनवाल, सुशील यज्ञसेनी, राजीव गुप्ता, महेश गुप्ता, कन्हैया लाल वर्मा, अनोखे लाल, संतोष यज्ञसेनी, अशोक सिंघानिया सहित नगर के बड़ी संख्या में संभ्रांत लोग श्रीराम जन्म उत्सव की महाआरती में सम्मिलित हुए। गायत्री नगर के मां गायत्री शक्ति पीठ सकरौरा, श्रीराम जानकी मन्दिर बालूगंज, श्रीभैरव नाथ मंदिर, हनुमान गढ़ी मन्दिर सहित नगर के तमाम मंदिरों में श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे

# हवन-पूजन व कन्या भोज के बाद मां दुर्गा को दी विदाई

**गोंडा, अमृत विचार:** नवरात्र की महानवमी पर शुक्रवार को जिले भर के देवी मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का संगम दिखा। मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। व्रतधारियों ने हवन-पूजन, कन्या पूजन और ब्राह्मण भोज के साथ नौ दिनों के व्रत का उद्यापन कर माता को भावभीनी विदाई दी।

महानवमी पर जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खैरा भवानी मंदिर, काली भवानी मंदिर, उत्तरी भवानी मंदिर समेत करीब दो दर्जन देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शहर की प्रसिद्ध शक्तिपीठ खैरा भवानी मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। भक्तों ने माता के चरणों में नारियल, चुनरी और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, की प्रार्थना की। मंदिर परिसर के बाहर बने हवनकुंड में श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन में भाग लिया। सुबह से लेकर देर शाम तक आहुति देने का सिलसिला चलता रहा। बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित नूरामल मंदिर के बाहर भी श्रद्धालुओं ने सामूहिक हवन-पूजन किया। वहीं काली भवानी मंदिर और स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर में भी दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की कतार लगी रही। उमरी बेगमगंज स्थित मां बाराही मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर बाराही माता का आशीर्वाद लिया। यहां कन्या भोज का आयोजन किया गया। नवरात्र के नौ दिनों तक माता की उपासना करने वाले श्रद्धालुओं ने महानवमी पर घर-घर कन्या भोज का आयोजन किया। कन्याओं को उपहार स्वरूप कच्चा नारियल, चुनरी, वस्त्र और दक्षिणा भेंट की गई। इसके साथ ही ब्राह्मण भोज कराकर व्रत का पारण किया गया। महानवमी के दिन मंदिरों में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए। प्रमुख मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।


शहर के खैरा भवानी मंदिर परिसर में हवन करते श्रद्धालु।


एससीपीएम कालेज में कन्या पूजन करतीं कालेज की निदेशक अलका पांडेय। ● अमृत विचार

### दहेज की मांग से क्षुब्ध युवती ने दी जान

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार:** थाना छपिया क्षेत्र के बैकुंठपुर (भरथीपुर) गांव में दहेज मांग और मानसिक उत्पीड़न से आहत एक युवती ने फंदे से लटककर जान दे दी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

बताया जाता है कि गांव निवासी भगवान दीन सोनी की पुत्री साक्षी सोनी की शादी करीब आठ माह पूर्व चांदनी चौक निवासी शिवम सोनी के साथ तय हुई थी। शादी तय होने के बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी और युवक का युवती के घर आना-जाना भी शुरू हो गया। बाद में युवक व उसके परिजन पांच लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे, जबकि पहले एक लाख रुपये तय हुआ था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजन मांग पूरी नहीं कर सके। इसके बाद आरोपितों ने कहीं अन्य जगह शादी तय कर ली, लेकिन युवक युवती से संपर्क में बना रहा, जिससे वह परेशान रहने लगी और आहत होकर गुरुवार दोपहर युवती ने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डीजल और पेट्रोल लेने के लिए भटक रहे लोग

**संकट गहराया**

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में पिछले तीन दिनों से पेट्रोल-डीजल की किल्लत ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अधिकांश पेट्रोल पंपों पर या तो सन्नाटा पसरा है या फिर जहां तेल उपलब्ध है, वहां लंबीं कतारें और अफरा-तफरी का माहौल है। कई पंपों पर 'नो स्टॉक' या 'तेल खत्म' के बोर्ड टंगे होने से अफवाहों को भी हवा मिल रही है, जिससे लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवाने में जुटे हैं।

लखनऊ रोड, बलरामपुर रोड और उतरौला रोड स्थित कई बड़े फिलिंग स्टेशनों पर तेल खत्म होने की सूचना मिलने के बाद लोगों की भीड़ कुछ चुनिंदा पंपों पर सिमट गयी। पंप संचालकों का कहना है कि तेल कंपनियों के डिपो से टैंकरों की आपूर्ति समय पर नहीं पहुंच रही, जिसके कारण स्टॉक जल्दी खत्म हो जा रहा है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी पर्याप्त स्टॉक होने की बात कह रहे हैं। इस समय रबी फसलों की सिंचाई और थ्रेसिंग का काम जोरों पर है, जिससे डीजल की मांग बढ़ गई है। किसान हाथों में गैलन लिए एक पंप से दूसरे पंप तक भटक रहे हैं। वहीं, छात्र, नौकरीपेशा लोग और रोजमर्रा के यात्री भी ईंधन संकट से परेशान हैं। तेल संकट का असर सार्वजनिक परिवहन पर भी दिख रहा है। डग्गामार वाहनों के संचालकों ने किराये में मनमानी बढ़ोतरी शुरू कर दी है। ग्रामीण इलाकों में फुटकर दुकानों पर डीजल-पेट्रोल ऊंचे दामों पर बेचे जाने की सूचनाएं मिल रही हैं, जिससे कालाबाजारी की आशंका गहरा गई है। शहर के सेठ पेट्रोल पंप, द्विवेदी पेट्रोल पंप और तिवारी पेट्रोल पंप समेत कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को तेल न मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। जिले में कुल 213 पेट्रोल पंप संचालित हैं, लेकिन मौजूदा हालात में बड़ी संख्या में पंपों पर आपूर्ति बाधित होने की चर्चा है। जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह का कहना है कि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन अफवाहों के चलते लोग सामान्य से कई गुना अधिक पेट्रोल-डीजल खरीदकर जमा कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से आवश्यकता के अनुसार ईंधन लेने की अपील की है। आपूर्ति लगातार जारी है और जल्द स्थिति सामान्य हो जाएगी।


गोंडा में एक पेट्रोल पंप पर डीजल के लिए लगी लाइन। ● अमृत विचार

### पेट्रोल पंप की मनमानी, बंद किया डिजिटल पेमेंट

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर के डीएम आवास के सामने स्थित सेठ पेट्रोल पंप की मनमानी सामने आई है। पंप मालिक द्वारा डिजिटल पेमेंट से डीजल और पेट्रोल का भुगतान लेना बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बैंक बंद होने के चलते अधिकतर लोगों के पास नकद राशि उपलब्ध नहीं है, ऐसे में वे यूपीआई, क्यूआर कोड या अन्य डिजिटल माध्यमों से भुगतान कर ईंधन लेना चाहते हैं। लेकिन सेठ पेट्रोल पंप पर डिजिटल भुगतान बंद कर दिए जाने से लोग डीजल और पेट्रोल की खरीदारी नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि इमरजेंसी में पहुंचे वाहन चालकों को भी बिना नकद भुगतान के डीजल-पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। पंप मालिक की ओर से डिजिटल भुगतान न लेने को लेकर एक पोस्टर भी लगाया गया है। लोगों ने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।


नवाबगंज में रसोई गैस सिलेंडर के लिए कतार में खड़े उपभोक्ता। ● अमृत विचार

### गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों पर उमड़ रही भीड़

**गोंडा, अमृत विचार :** पेट्रोल-डीजल की किल्लत के बीच घरेलू गैस सिलेंडर की समस्या भले ही सुर्खियों से पीछे चली गई हो, लेकिन आम उपभोक्ताओं की परेशानी अब भी कम नहीं हुई है। जिले में सुबह होते ही गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है और लंबी कतारों में खड़े होकर उपभोक्ता अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जिले में कुल 76 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जो करीब 7 लाख उपभोक्ताओं को हर माह घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति करती हैं। इसके बावजूद मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन पूरी तरह नहीं बन पा रहा है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग कराने के बाद भी कई-कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिल रहा। एजेंसियों पर बढ़ती भीड़ के चलते अव्यवस्था का माहौल भी देखने को मिल रहा है। कहीं धक्का-मुक्की तो कहीं घंटों लाइन में खड़े रहने की मजबूरी लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि गैस आपूर्ति को सुचारु बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि पहले की तुलना में स्थिति में कुछ सुधार हुआ है और आने वाले कुछ दिनों में आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है।

**विकास कार्य** बावन सिंह ने भूमिपूजन कर किया 20 किमी लंबी सड़क निर्माण का शुभारंभ

# शीशामऊ-पहाड़ापुर मार्ग का होगा चौड़ीकरण

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** कटरा विधानसभा क्षेत्र के शीशामऊ, गद्दौपुर से कोंचा बरांव व पहाड़ापुर तक जाने वाली 20 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण कराया जायेगा। इसके लिये शासन ने 50 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। शुक्रवार को कटरा विधायक बावन सिंह ने चौरी चौराहे पर भूमिपूजन कर सड़क निर्माण का शुभारंभ किया। इस सड़क के चौड़ीकरण से यहां के लाखों लोगों का आवागमन सुलभ होगा।

सड़क निर्माण का शुभारंभ करते हुए विधायक बावन सिंह ने कहा कि वह क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं और सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। विधायक ने कहा क्षेत्र के लोग इस सड़क के चौड़ी करण की मांग कर रहे थे। इस मांग को पूरा करने के लिए वह लगातार पैरवी कर रहे थे। अब जाकर सरकार ने इसके निर्माण की स्वीकृति दी है। शीशामऊ, गद्दौपुर से कोंचा बरांव व पहाड़ापुर तक जाने वाली इस 20 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण के लिए सरकार ने 49.76 करोड़ रुपये का बजट दिया है। इस सडक के चौड़ीकरण से क्षेत्रीय संपर्कता सुदृढ़ होगी और आवागमन सुगम होगा। चौरी, शीशामऊ, गद्दोपुर, परसा महेशी,दिनारी, पाण्डेयपुरवा,पहाड़ापुर, बरांव सहित दो दर्जन से अधिक गांवो के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में विधायक के समर्थक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।


चौरी चौराहे पर सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन करते विधायक बावन सिंह। ● अमृत विचार

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष का इस्तीफा

● **भाजपा में अल्प संख्यकों की अनदेखी का लगाया आरोप**


मो. इमरान खां।

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका व नगर पंचायतों में नामित सभासदों के चयन को लेकर भाजपा में असंतोष सामने आने लगा है। इसी क्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व पद से इस्तीफा दे दिया है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान खां ने जिलाध्यक्ष को भेजे गए इस्तीफे में आरोप लगाया है कि नगर पालिका व नगर पंचायतों में नामित सभासदों के चयन के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं और सदस्यों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट हो गया है कि पार्टी में अल्पसंख्यक वर्ग को उचित स्थान नहीं दिया जा रहा है। इमरान ने कहा कि वह पिछले करीब 10 वर्षों से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे थे, लेकिन हालिया घटनाक्रम से आहत होकर उन्होंने अल्पसंख्यक मोर्चा की सदस्यता व पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नामित सभासदों के चयन में अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्यों को किनारे कर दिया। उनके इस्तीफे के बाद स्थानीय राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। फिलहाल इस मामले में पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### आस्था व सांस्कृतिक विरासत ही हमारी असली पहचान


माता भवानी की सवारी 'सिंह' की प्रतिमा का लोकार्पण करते विधायक अजय सिंह।

**कर्नलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र पर महाअष्टमी के अवसर पर कर्नलगंज नगर के चौक घण्टाघर स्थित आदिशक्ति माता भवानी मंदिर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। विधायक अजय सिंह ने मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विधायक ने माता भवानी की सवारी 'सिंह' (शेर) की कलात्मक प्रतिमा का लोकार्पण कर मां दुर्गा व इस अद्भुत प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन किया। पूजन समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष रामलली एवं पूर्व चेयरमैन रामजीलाल मोदनवाल ने भी माता भवानी की आरती उतारी। विधायक ने नगर के संभ्रांत नागरिकों और श्रद्धालुओं को मां भवानी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत ही हमारी असली पहचान है। इस दौरान मंदिर के व्यवस्थापक सरदार जोगिंदर सिंह जानी, धर्मेंद्र तिवारी, अनोखेलाल मोदनवाल, राजीव मोदनवाल, अशोक सिंहानिया, भूपेन्द्र सिंह, अनिल गुप्ता समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### त्याग व मित्रता का संदेश देती है कृष्ण सुदामा की कथा


व्यास पीठ का पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**नवाबगंज गोंडा, अमृत विचार :** लौवावीरपुर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में बृहस्पतिवार को कथा व्यास मनीष चंद्र त्रिपाठी ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि सुदामा की दरिद्र अवस्था देखकर स्वयं भगवान श्रीकृष्ण की आंखें भर आईं, जो सच्ची मित्रता की गहराई को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वही होता है जो बिना कहे ही मित्र की पीड़ा समझ ले और उसके दुख में सहभागी बने। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा की मन:स्थिति को समझते हुए उन्हें बिना कुछ मांगे ही धन-सम्पदा से समृद्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सूर्यलाल तिवारी व शिव देवी सहित श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ की सामूहिक आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा में हृदयराम तिवारी, दीपकदेव तिवारी, हरिमंगल, अजय, उन्नत, उदभव सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। शुक्रवार को विधिपूर्वक पूर्णाहुति यज्ञ सम्पन्न हुआ। शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### स्वामी नारायण मंदिर परिसर में खुली पुलिस चौकी


पुलिस चौकी का उद्घाटन करतीं डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी विनीत जायसवाल।

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार :** छपिया थाना क्षेत्र स्थित भगवान घनश्याम की जन्मस्थली स्वामी नारायण छपिया मंदिर परिसर में पुलिस चौकी की स्थापना हो गयी है। शुक्रवार को डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी विनीत जायसवाल व मंदिर के महंत देवप्रसाद दास व गुरु जगत प्रकाश ने इसका उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मंदिर क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना आवश्यक थी। इससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। स अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, एसडीएम मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, सीओ मनकापुर उदित नारायण पालीवाल, थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार, सागर भगत, पूर्व प्रमुख शैलेंद्र पांडेय, ज्ञान प्रकाश पांडेय, चौकी प्रभारी स्वामी नारायण छपिया शैलेश कुमार, उप निरीक्षक सुरेश यादव, अयोध्या प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### सीता विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**परसपुर गोंडा, अमृत विचार :** नगर पंचायत स्थित गूंगी भवानी मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए और पूरा पंडाल जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के समापन पर आरती के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### पैदल ही अयोध्या भेजे गये श्रद्धालु

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** राम नवमी पर अयोध्या में लगने वाले मेले को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। गोण्डा से अयोध्या जाने वाले प्रमुख मार्गों पर सख्त निगरानी लागू कर दी गई है। कटरा शिवदयालगंज क्षेत्र में सीमा को पूरी तरह नियंत्रित करते हुए वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। बताया जा रहा है कि बुधवार रात से ही शिवदयालगंज में रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया था। शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने दोपहिया वाहनों की आवाजाही भी रोक दी। प्रशासन ने मेले में आने वाले छोटे वाहनों के लिए दुर्गागंज माझा क्षेत्र में अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की है। यहां वाहनों को रोककर श्रद्धालुओं को पैदल अयोध्या की ओर भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि शिवदयालगंज तिराहे से आगे केवल पैदल श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति दी जा रही है। इसके अलावा गोण्डा, बहराइच और बलरामपुर की ओर से चार पहिया वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं को लोलपुर फोरलेन हाईवे के रास्ते अयोध्या की ओर डायवर्ट किया गया है।

### बारिश की आशंका ने बढ़ाई किसानों की धड़कन


गोंडा में दिन भर आसमान में छाए रहे बादल। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** पिछले सप्ताह हुई बारिश से किसान अभी उबर भी नहीं पाए हैं कि शुक्रवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बिगड़ गया। सुबह करीब 10 बजे अचानक आसमान में घने बादल छा गए और कुछ देर तक बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग की ओर से आगामी दो दिनों में बारिश की संभावना जताए जाने के बाद किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। मौसम के इस बदले रुख ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी और कटाई के बाद खुले में पड़ी फसलों को लेकर किसान परेशान नजर आ रहे हैं। पिछले सप्ताह हुई बारिश से आलू, सरसों, मटर समेत कई फसलों को भारी नुकसान हुआ था। कई किसानों की उपज खेतों में ही भीग गई थी, जबकि कुछ स्थानों पर कटाई और मड़ाई का काम भी प्रभावित हुआ था। किसान अभी तक पिछली बारिश से हुए नुकसान को समेटने में जुटे हैं। ऐसे में यदि एक बार फिर बारिश होती है तो पहले से प्रभावित फसलों को बचाने की बची-खुची उम्मीद भी खत्म हो सकती है। खासकर आलू की खुदाई, सरसों की कटाई और मटर की तुड़ाई कर चुके किसानों को सबसे अधिक चिंता सता रही है। ग्रामीण इलाकों में किसान मौसम पर नजर टिकाए हुए हैं। कई किसानों का कहना है कि यदि अगले दो दिन मौसम साफ नहीं हुआ तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। मौसम की अनिश्चितता ने कृषि कार्यों की रफ्तार भी धीमी कर दी है। किसान फसलों को सुरक्षित करने के लिए उपायों में जुटे हैं, लेकिन लगातार बदलते मौसम ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है।

# आस्था व संस्कृति का जीवंत दस्तावेज श्री आदिशक्ति मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ

लालजी सिंह, बलरामपुर

• चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार :** सदियों से श्रद्धा, साधना और लोक आस्था के प्रमुख केंद्र रहे देवीपाटन धाम की आध्यात्मिक विरासत को संजोने का सराहनीय प्रयास कॉफी टेबल बुक "श्री आदि शक्ति मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ, शक्ति और आस्था की अनन्त परम्परा" के रूप में सामने आया है। यह कृति न केवल मां पाटेश्वरी धाम की प्राचीन परम्पराओं को शब्दों और आकर्षक छायाचित्रों में पिरोती है, बल्कि इससे जुड़े सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक जीवन के विविध आयामों को भी सजीव रूप में प्रस्तुत करती है। चैत्र नवरात्र की पावन अष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने इस कॉफी टेबल बुक का विधिवत विमोचन किया। उन्होंने इसे देवीपाटन धाम की समृद्ध परम्पराओं को व्यापक समाज तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सराहा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

पुस्तक में देवीपाटन धाम के ऐतिहासिक महत्व, नाथ संप्रदाय की साधना परम्परा, मंदिर की पूजा-पद्धति और लोक विश्वासों को प्रभावशाली ढंग से उकेरा गया है। साथ ही, धाम के आसपास विकसित सांस्कृतिक परिवेश और व्यापारिक गतिविधियों का भी सजीव चित्रण किया गया है, जो इस शक्तिपीठ के व्यापक सामाजिक प्रभाव को दर्शाता है। इस प्रकाशन को महंत मिथिलेश नाथ योगी का संरक्षण एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मण्डलीय आकांक्षा समिति, देवीपाटन मंडल की अध्यक्षा गरिमा भूषण के मार्गदर्शन में यह कार्य पूर्ण हुआ, जिसमें कई प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग रहा। पुस्तक का संपादन आशीष त्रिपाठी ने किया है, जबकि राकेश यादव, अभिषेक सिंह और जीतू यादव सहित अन्य सहयोगियों ने इसे साकार रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कृति आने वाली पीढ़ियों के लिए देवीपाटन धाम की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का सशक्त माध्यम बनेगी।


पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य। • अमृत विचार

## प्रशिक्षण के बाद शहरी आशाओं को मिला प्रमाणपत्र



आशा बहू को प्रमाण पत्र वितरित करते सीएमओ। • अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नवीन चयनित शहरी आशा कार्यकर्ताओं का आठ दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर डॉ. रस्तोगी ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करना चाहिए। उन्होंने आशाओं को अपने क्षेत्र में "स्वास्थ्य प्रहरी" की भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें और उनके निर्देशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि आशाओं की जिम्मेदारी में बच्चों का नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और नवजात शिशुओं की सुरक्षा शामिल है। इन कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन से शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. मीनाक्षी चौधरी, डॉ. अनिल कुमार चौधरी, शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, अरविंद मिश्रा, राजेश पांडेय, राजेंद्र तिवारी, डॉ. अवधेश चौधरी और संगीता गुप्ता सहित कई स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# मां सिद्धिदात्री की भक्ति में लीन रहे श्रद्धालु

## हवन-पूजन के बीच सम्पन्न हुआ चैत्र नवरात्र का पर्व, देवी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**आस्था**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के नौवें और अंतिम दिन जिले भर के देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हवन के साथ अपने व्रत का समापन किया। देवी पाटन मंदिर और बिजलेश्वरी देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

नवरात्रि का नौवां दिन मां सिद्धिदात्री को समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से पूजा करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। सुबह होते ही नगर के मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। लोगों ने घरों में भी माता को फूल, फल, मेवे, मिश्री, लौंग और कपूर अर्पित कर पूजा-अर्चना की। घरों से लेकर मंदिरों तक कन्या पूजन का उत्साह दिखा। लोगों ने कन्या पूजन कर मां के स्वरूप की पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में मां दुर्गा और मां काली की आरती के साथ दुर्गा चालीसा एवं नवरात्र व्रत कथा का पाठ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अपने व्रत का विधिवत समापन किया।


रामनवमी के दिन घरों में कन्या पूजन करते श्रद्धालु। • अमृत विचार


देवीपाटन धाम में हवन पूजन करते महंत मिथिलेश नाथ जोगी व अन्य। • अमृत विचार

### मुंडन संस्कार के लिए उमड़ी भीड़

नवरात्र पर शक्तिपीठ देवीपाटन, बिजलीपुर, धुसाह और हरिहरगंज में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। विशेष रूप से देवीपाटन मंदिर में मुंडन के बाद परिक्रमा कर बाल देवी को अर्पित करने की परंपरा निभाई गई।

### सुरक्षा और व्यवस्थाएं रहीं चाक-चौबंद

नवरात्रि के समापन पर जिले के सभी प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर पालिका परिषद ने साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं वहीं पुलिस बल भी मुस्तैदी से तैनात रहा।

## नौ दिवसीय साधना के बाद यज्ञ-हवन से हुई पूर्णाहुति

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गायत्री मंदिर पचपेड़वा स्थित यज्ञशाला में आयोजित नौ दिवसीय साधना कार्यक्रम का समापन यज्ञ-हवन और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं, साधकों और परिजनों ने गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते हुए भगवान राम को आहुतियां अर्पित कीं तथा विश्व कल्याण, सद्विचार और पर्यावरण संरक्षण की कामना की। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जायसवाल व गैसड़ी मंडल अध्यक्ष अजय सैनी की उपस्थिति सराहनीय रही। पूर्णाहुति कार्यक्रम में ग्राम मढ़नी के थारू जनजाति से वीर बहादुर व रामलता, गैंसड़ी से सचिन सोनी, माता प्रसाद गुप्ता, संदीप जायसवाल सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए। "आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी" अभियान के अंतर्गत मनकापुर की श्रीमती अनीता देवी का पुंसवन संस्कार भी संपन्न कराया गया। जनपद युवा प्रभारी संदीप जायसवाल एवं वरिष्ठ अंगद प्रजापति ने माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी समारोह में सहभागिता का आह्वान करते हुए साधना से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने शांतिकुंज हरिद्वार में वर्षभर चलने वाले विभिन्न साधना एवं प्रशिक्षण सत्रों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में पारस नाथ आर्य, यमुना प्रसाद मौर्य, संजय जायसवाल, मीना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यज्ञ संस्कार का संचालन परिव्राजक रामकुमार व भवानी प्रसाद जोगी ने संपन्न कराया।


हवन में आहुति डालते गायत्री परिवार के श्रद्धालु। • अमृत विचार

## रामनवमी पर बिजली कटौती को लेकर विवाद

• विधायक और जेई की बातचीत का ऑडियो चर्चा में

**बलरामपुर अमृत विचार :** रामनवमी के दिन सदर तहसील क्षेत्र के पडरी रैकवार गांव में स्ट्रीट लाइट की बिजली कटौती को लेकर विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक पलटूराम और विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामला चर्चा में आ गया है। हालांकि वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि त्योहार के दिन जानबूझकर स्ट्रीट लाइट की बिजली काट दी गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रधान सुभाष वर्मा ने इसकी शिकायत विधायक से की। विधायक ने संबंधित जेई से फोन पर बात कर नाराजगी जताई और बिजली बहाल करने को कहा। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई। विधायक ने आरोप लगाया कि जेई की कार्यशैली से जनता परेशान है और त्योहार के दिन बिजली कटौती जनहित के खिलाफ है। वहीं जेई ने इन आरोपों से इनकार करते हुए खुद को निर्दोष बताया और बातचीत का ऑडियो वायरल होने की बात सामने आई। विधायक ने कहा कि उन्होंने केवल जनहित में सख्त हिदायत दी है, जबकि विभागीय स्तर पर मामले को लेकर चर्चा जारी है।

## सम्राट अशोक जयंती पर निकली जनचेतना यात्रा


अतिथियों को सम्राट अशोक महान का स्मृति चिह्न भेंट करते लोग। • अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** सम्राट अशोक महान के जन्मोत्सव के अवसर पर शिवपुर भगवानपुर क्षेत्र में भव्य जनचेतना यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा शिवपुर से प्रारंभ होकर गनेशपुर, जुड़ीकुइयां, पचपेड़वा होते हुए रजडेरवा चौराहे तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा और भोजन दान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय मौर्य ने बुद्ध वंदना के साथ हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और उनके विचारों को अपनाकर सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हों के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर डॉ. स्वामीनाथ मौर्य, टीकाराम राम मौर्य, शनिदेवल मौर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। यात्रा में सैकड़ों धम्म बंधुओं ने भाग लिया और पूरे मार्ग में सम्राट अशोक के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा।

## कोर्ट के हस्तक्षेप से दर्ज हुई एफआईआर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** न्यायालय के आदेश पर ससुरालीजनों के खिलाफ थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर में प्राथमिकी दर्ज होने का मामला सामने आया है। इंदिरानगर निवासी एकता सिंह की याचिका पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए, जिसके बाद संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता के अनुसार, 15 फरवरी 2026 को उन्हें मोबाइल फोन पर कॉल कर धमकियां दी गईं। उन्होंने बताया कि उनके ससुर राजेश गंगवार ने 11 फरवरी 2020 को एक शपथ पत्र के माध्यम से भरण-पोषण के लिए इंदिरानगर स्थित मकान देने की बात कही थी। आरोप है कि जब उन्होंने शपथ पत्र की मूल प्रति मांगी, तो उनके पति मयंक गंगवार ने गुमराह करते हुए कहा कि दस्तावेज न्यायालय में जमा कर दिया गया है, जबकि ऐसा नहीं था। पीड़िता का कहना है कि अब जब उन्हें शपथ पत्र की आवश्यकता पड़ी और उन्होंने मूल प्रति मांगी, तो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार धमकियां दी जाने लगीं। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** भिटौरा के मजरा बक्शीपुरवा में रंजिश को लेकर एक युवक पर चार लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ज्वाला प्रसाद वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की रात करीब 8 बजे वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही आदित्य राम वर्मा, राहुल वर्मा, मुकेश वर्मा और दयाराम वर्मा, निवासी कुडासन बाजार, रंजिश को लेकर वहां पहुंचे और उस पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## आवास विकास कॉलोनी में घंटों गुल रही बिजली

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर की आवास विकास कॉलोनी में रविवार को कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक बिजली कटने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को दिक्कतें उठानी पड़ीं।स्थानीय निवासियों का कहना है कि आपूर्ति बाधित कर दी गई, जिससे पानी की टंकियां नहीं भर सकीं और दैनिक कार्य प्रभावित हुए। कई लोगों ने बिजली विभाग के कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई, देर शाम आपूर्ति बहाल हो सकी। निवासियों ने नियमित और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# अफवाह से पेट्रोल पंपों पर बढ़ी भीड़

• पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य होने का प्रशासन ने किया दावा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** पेट्रोल-डीजल की कथित कमी को लेकर फैली अफवाह के चलते जिले में पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ बढ़ गई, हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

पिछले दो दिनों में कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन भरवाने को लेकर हल्की नोकझोंक और विवाद की घटनाएं सामने आईं। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए प्रमुख पंपों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और लोगों को व्यवस्थित ढंग से ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है।

अफवाह के प्रभाव से बड़ी संख्या में लोग वाहनों की टंकी फुल कराने के साथ गैलन में भी ईंधन लेने पहुंच रहे हैं, जिससे मांग सामान्य दिनों के मुकाबले करीब तीन गुना तक बढ़ गई है। इसके बावजूद प्रशासन का कहना है कि जिले के इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सभी 88 पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान में लगभग 1.95 लाख लीटर पेट्रोल और 2.05 लाख लीटर डीजल मौजूद है, जबकि अतिरिक्त आपूर्ति भी रास्ते में है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंपों के स्टॉक की नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बनी हुई है।


वाहनों में डीजल-पेट्रोल भरवाने के लिए पेट्रोल पंप पर जुटी भीड़। • अमृत विचार

## तालाब में डूबने से बालक की मौत

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम तिलकहना में शुक्रवार दोपहर 12 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

अनमोल पिछले तीन-चार महीनों से मामा के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार को वह साथियों के साथ गांव के दक्षिण स्थित तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहराई में चला गया। साथियों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी खोजबीन के बाद उसका शव तालाब से बाहर निकाला गया। परिजन उसे आनन-फानन में पचपेड़वा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के मामा दिनेश कुमार ने बताया कि अनमोल बढ़नी का रहने वाला था। उसके पिता रमेशचंद की कई वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है, जिसके बाद पारिवारिक परिस्थितियों के चलते वह ननिहाल में रह रहा था।

# विवाहिता को पीटकर आधी रात सड़क पर छोड़ा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें नवविवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों पर मारपीट, दहेज की मांग और हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन मंडल के निर्देश पर महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नौशहरा (इटवा) निवासी प्रीति सैनी ने बताया कि उसकी शादी 11 जून 2023 को कोतवाली नगर क्षेत्र के टेढ़ी बाजार निवासी अनुपम सैनी से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति, सास-ससुर, देवर और ननदें उसे कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे और कार व पांच लाख रुपये की मांग करने लगे।

पीड़िता के अनुसार, 28 नवंबर 2025 को सभी आरोपियों ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की और आधी रात को अधूरे कपड़ों में उसे मायके के पास सड़क पर छोड़ दिया। किसी तरह घर पहुंचने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

पीड़ित महिला का यह भी आरोप है कि पति के किसी अन्य युवती से संबंध का विरोध करने पर उत्पीड़न और बढ़ गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना पूनम यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

**सामूहिक विवाह समारोह** — विधायक ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

# 218 जोड़ों ने लिये सात फेरे, 53 का निकाह

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** माया होटल में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 271 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इनमें 218 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार सात फेरे लिए, जबकि 53 जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन में उत्सव और खुशी का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में विधायक सदर पल्टूराम, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।


नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते सदर विधायक व अन्य। • अमृत विचार

विधायक पल्टूराम ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

पूरे आयोजन में एक साथ कई जोड़ों के विवाह से सामूहिकता और सामाजिक समरसता की मिसाल देखने को मिली। नवदंपत्तियों के चेहरे पर खुशी और परिवारों में उत्साह का माहौल रहा।

## विवाहिता से मारपीट पति-ससुर पर केस

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** दहेज उत्पीड़न और मारपीट के आरोप में पुलिस ने एक विवाहिता की तहरीर पर उसके पति और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घुनाही निवासी सुमन वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि एक मुकदमे के विवाद को लेकर उसके पति ललित कुमार वर्मा और ससुर जमुना प्रसाद वर्मा ने गाली-गलौज करते उसकी पिटाई कर दी। विरोध पर आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि पति और ससुर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। उसके भाई रजनीश को भी धमकाया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पति और ससुर के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# बैंक मैनेजर समेत 3 पर एफआईआर

• बेटी की शादी के लिए जमा 28 हजार हड़पने का मामला

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलसर बाजार स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा के मैनेजर पर एक महिला को धमकी देने तथा ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से जमा धनराशि हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के आदेश से बैंक मैनेजर समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के पकवान गांव के मजरा तिवारी पुरवा निवासी एक महिला ने आरोप लगाया कि वह 17 नवंबर 2023 को अपनी भैंस बेचकर मिले 28 हजार रुपये बेलसर स्थित एसबीआई शाखा में जमा करने गई थी। महिला का कहना है कि उसका बैंक खाता पहले से संचालित है और उसमें नियमित रूप से जमा-निकासी होती रही है। आरोप है कि बैंक शाखा के मैनेजर ने उसे बैंक में पैसा जमा करने के बजाय चांदपुर गांव स्थित ग्राहक सेवा केंद्र पर जाकर लेनदेन करने को कहा और कहा कि अब बैंक आने की जरूरत नहीं है।

पीड़िता के अनुसार, चांदपुर गांव में संचालित ग्राहक सेवा केंद्र पर पहुंचने पर वहां के संचालक प्रकाश पाण्डेय व विकास पाण्डेय ने उससे 28 हजार रुपये जमा कर लिए और रसीद भी दे दी। महिला ने बताया कि यह रकम उसने अपनी बेटी की शादी के लिए जमा की थी। बाद में जब जरूरत पड़ने पर वह पैसा निकालने ग्राहक सेवा केंद्र पहुंची तो केंद्र बंद मिला। पूछताछ में जानकारी हुई कि केंद्र अब नहीं खुलेगा और संचालक जमाकर्ताओं का पैसा लेकर फरार हो गया है।

महिला ने आरोप लगाया कि जब वह इस संबंध में जानकारी लेने बेलसर स्थित बैंक पहुंची और मैनेजर से बात की, तो वह भड़क उठे। आरोप है कि मैनेजर ने कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है और यदि दोबारा शाखा में दिखाई पड़ी तो उसका ठीक नहीं होगा। पीड़िता का कहना है कि उसके पति की मौत हो चुकी है, बच्चे छोटे-छोटे हैं और वह इस धमकी से डरी-सहमी हुई है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसने कई बार स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई।

थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एसबीआई शाखा बेलसर के मैनेजर तथा चांदपुर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

### ओमप्रकाश बने वक्फ बोर्ड न्यायाधिकरण के सदस्य/न्यायाधीश

**मिहींपुरवा (बहराइच) :** जिले के थाना मूर्तिहां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा निधिपुरवा रेती निवासी ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा पुत्र राजेन्द्र सिंह कुशवाहा की उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड न्यायाधिकरण में सदस्य/न्यायाधीश पद पर नियुक्ति होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लोगों की मानें तो उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मिहींपुरवा स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि की पढ़ाई पूरी की और वर्ष 2007 से लखनऊ हाईकोर्ट में अधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उनकी योग्यता और अनुभव को देखते हुए दिनांक 24 मार्च 2026 को राज्यपाल की स्वीकृति के उपरांत उन्हें इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता सिद्धार्थ सिंह शाक्य, अधिवक्ता बृजेन्द्र प्रताप सिंह , प्रशांत मौर्य, सीमा जागरण मंच के सह प्रचारक योगेंद्र मौर्य उर्फ पिंटू मौर्य, एसपीवीपी इण्टर कालेज के प्रबन्धक अनिल कुशवाहा,पंकज मौर्य, मनोज सिंह, विमलेश, संजय सिंह एवं अविनाश कुशवाहा ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा।

### 31 मार्च को खुला रहेगा कोषागार: डीएम

**बहराइच :** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति की ओर है, जिसके कारण अन्तिम दिनों में अत्यधिक शासकीय लेन देन होना स्वाभाविक है, उक्त के दृष्टिगत शासन के निर्देश के कम में 31 मार्च 2026 महावीर जयन्ती (सार्वजनिक अवकाश) को कोषागार एवं सरकारी लेन देन का कार्य करने वाली बैंक शाखाओं को खोले जाने के आदेश जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा निर्गत किये गये हैं। डीएम द्वारा समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त से अवगत होते हुए कोषागार पर बिल प्रस्तुति एवं बैंको पर शासकीय जमा सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत भी किया है कि यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधिकारी का होगा।

### विषाक्त खाने से हुई युवक की मौत

**श्रावस्ती :** सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बघोड़ा निवासी रिजवान (22) पुत्र शमशाद अली की पत्नी अपने मायके में थी। उसे विदा करने रिजवान शुक्रवार को ससुराल रेहरापुरवा गया था। लेकिन पत्नी साथ आने को राजी नहीं हुई। जिससे क्षुब्ध होकर रिजवान ने जरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर परिजनों को उसके जहर खाने की जानकारी हुई। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल भिनगा ले जाया गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज बहराइच रेफर किया गया था। वहां इलाज के दौरान रिजवान की मौत हो गई।

### छह से नौ बजे तक बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**श्रावस्ती :** 32 केवी विद्युत उपकेन्द्र भिनगा पर अनुरक्षण कार्य के लिए 132 केवी मेन बस का रविवार को शटडाउन रहेगा। अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि सुबह छह बजे से नौ बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। जिसके चलते इस अवधि में 33 केवी पोषक भिनगा टाउन, इकौना, कोर्ट, उरलेहवा, बौद्ध स्तूप व लक्ष्मनपुर उपकेन्द्र से मिलने वाली क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दिन लोग पानी संबंधी जरूरी काम इससे पहले समय में ही निपटा लेंगे।

# जरवलरोड में डीजल-पेट्रोल की मारामारी खत्म

## अफवाहों पर लगा विराम: पंपों पर पर्याप्त उपलब्धता के चलते उपभोक्ताओं को नहीं हुई असुविधा

जरवलरोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** जरवलरोड क्षेत्र में डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर फैली अफवाहों के बीच शुक्रवार को हालात पूरी तरह सामान्य रहे। वहीं एक दिन पूर्व तक पंपों पर पेट्रोल-डीजल की मारामारी थी, जबकि शुक्रवार को पंपों पर लोगों को आसानी से पेट्रोल-डीजल मिलता रहा। उधर, जरवल रोड बस स्टॉप के निकट इंडियन ऑल पेट्रोल पंप प्रोपराइटर अली अब्बास ने बताया कि हमारे यहां पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल उपलब्ध रहा, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की लाइन असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है

जनपद के अन्य पंप संचालकों ने भी स्पष्ट किया कि डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। ज्योति फ्यूल सेंटर, जरवलरोड के प्रोप्राइटर शेष नरायन यादव एवं नील कंठाय पेट्रोल पंप रिठौढ़ा के संचालक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ईंधन की आपूर्ति नियमित रूप से हो रही है और स्टॉक भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक आपाधापी से बचते हुए अपनी आवश्यकता के अनुसार ही खरीदारी करें। इस अपील का सकारात्मक असर भी देखने को मिला। आज अधिकांश उपभोक्ताओं ने संयमित व्यवहार अपनाते हुए जरूरत के मुताबिक ही ईंधन लिया, जिससे पंपों पर व्यवस्था सुचारू बनी रही।

**पेट्रोल-डीजल की किल्लत की चर्चाएं निकलीं अफवाह, पयागपुर :** क्षेत्र में पिछले कुछ घंटों से पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर अब पूरी तरह विराम लग गया है। क्षेत्र के सभी तीनों पेट्रोल पंपों पर ईंधन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तेल कंपनियों द्वारा लगातार आपूर्ति भेजी जा रही है। क्षेत्र के 'ऋषभ फिलिंग सेंटर' के संचालक ने बताया कि शनिवार को ईंधन के 12,000 लीटर के दो बड़े लोड पंप पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिपो से तेल की आवक में कोई बाधा नहीं है और उपभोक्ताओं को उनकी जरूरत के अनुसार ईंधन दिया जा रहा है। पंप संचालकों और स्थानीय जानकारों ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया या सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा न करें। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किल्लत की झूठी खबरें फैलाकर अफरा-तफरी का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही थी, जो पूरी तरह निराधार साबित हुई है पंपों पर स्थिति सामान्य है। पेट्रोल पम्प के मालिक हरीश केडिया ने बताया कि हमारे पास पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त बैकअप है। किसी भी नागरिक को परेशान होने या पैनिक बाइंग करने की आवश्यकता नहीं है।

### अफवाह के चलते एसडीएम व सीओ ने किया पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण

**कैसरगंज(बहराइच)।** तहसील क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सीओ धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव तथा थानाध्यक्ष राजेश कुमार स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाएं संभालीं। अधिकारियों ने पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर लोगों से शांति बनाए रखने और अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की। एसडीएम ने बताया कि तेल की कोई कमी नहीं है अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस बल की मौजूदगी में कतारबद्ध तरीके से वाहनों को पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



पेट्रोल पम्प पर ग्राहकों से संवाद करते एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह व मौजूद सीओ धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव।

# दोस्तों के साथ राप्ती नदी में नहाने गया किशोर डूबा, मौत

संवाददाता, श्रावस्ती

- तीन किशोरों को स्थानीय ग्रामीण ने सुरक्षित बचाया

**अमृत विचार।** चकिया पुरवा गांव के निकट शुक्रवार को राप्ती नदी में नहाने गए सेहानिया गांव निवासी चार किशोर अचानक डूबने लगे। इस दौरान वहां मौजूद ग्रामीण ने तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि एक किशोर की नदी में डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



शिवा मिश्रा की फाइल फोटो।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेहनिया निवासी शिवा मिश्रा उर्फ गौतम (17) पुत्र शिव कुमार शुक्रवार को पास के ही चकिया पुरवा गांव के पास राप्ती नदी में नहाने गया था। इस दौरान उसके साथ गांव निवासी उसके तीन अन्य दोस्त नवीन मिश्रा (15) पुत्र पिंटू, पुत्तू (14) पुत्र विनोद कुमार व अनुज (14) पुत्र पंचमलाल यादव भी थे। राप्ती नदी पर पहुंच कर चारों नहाने के लिए नदी में उतर गए। नहाते समय अचानक चारों गहरे पानी में चले गए, जहां डूबने लगे। इस दौरान पास में ही काम कर रहे गांव निवासी निजामुद्दीन ने चारों को नदी में डूबते देख उन्हें बचाने के लिए नदी में छल्लांग लगा दी। इस दौरान निजामुद्दीन ने नवीन, पिंट व अनुज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन तब तक गौतम मिश्रा नदी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनो ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को नदी से खोज निकाला। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। वहीं घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

# मनुष्य को सदैव सजग और विवेकपूर्ण रहना चाहिए: पूनम

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** ग्राम सभा आदमपुर में श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में नारद मोह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस धार्मिक आयोजन के साथ-साथ दिन में विश्व कल्याण के लिए योग कार्यक्रम भी कराया जा रहा है।



कथा कहतीं पूनम शर्मा।

कथा के दौरान कथावाचक पंडित पूनम शर्मा 'मृदुल' ने नारद मोह प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार माया के प्रभाव में आकर देवर्षि नारद भी भगवान की लीला को समझ नहीं सके। उन्होंने बताया कि भगवान ने नारद के मुख से ऐसा वचन दिलवाया, जिसके अनुसार भविष्य में उन्हें वानर और भालुओं की सहायता लेनी पड़ी। इस प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि माया के प्रभाव से कोई भी अछूता नहीं है, इसलिए मनुष्य को सदैव सजग और विवेकपूर्ण रहना चाहिए।

वक्ता ने कहा कि भगवान की कथाओं का उद्देश्य केवल श्रवण करना नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना है। जब व्यक्ति इन आदर्शों को अपनाता है, तो उसके जीवन में आत्मिक सुधार होता है और वह सही मार्ग पर अग्रसर होता है।

उन्होंने यह भी कहा कि गांव-गांव में ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है और लोगों में आस्था, सदाचार एवं नैतिक मूल्यों का विकास होता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान अमेरिका प्रसाद शर्मा सहित ज्ञानेंद्र कुमार मौर्य, हरिओम शर्मा, डॉ. अमरनाथ विश्वकर्मा, श्रवण कुमार यादव, उत्तम कुमार मौर्य, विश्वनाथ मौर्य, छबिलाल मौर्य, हनुमान प्रसाद प्रजापति, रिंकू यादव, सरोज यादव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 162 वर्ष बाद राम जानकी मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार



भगवान श्रीराम की आरती करते पुजारी। अमृत विचार



यज्ञ में आहूति डालते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, नानपारा

आयोजन

**अमृत विचार।** बाबागंज कस्बे के पुरानी बाजार स्थित राम जानकी मंदिर का 162 वर्ष बाद शुक्रवार को जीर्णोद्धार किया गया। इस अवसर पर प्रभु राम, माता सीता और लक्ष्मण जी की अष्टधातु की मूर्तियों की स्थापना की गई। साथ ही हनुमान जी और कृष्ण जी की मूर्तियों को भी स्थापित किया गया।

मंदिर की मूल स्थापना गंगाराम काली प्रसाद मिती कुवांर सुदी दशमी संवत 1920 में हुई थी। जीर्णोद्धार कार्य में सावित्री देवी पति अनंतराम गुप्ता और कृष्णा देवी पत्नी हनुमान प्रसाद गुप्त के परिवार का योगदान रहा। वहीं सावित्री देवी के पुत्र दिनेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि राम नवमी के शुभ अवसर पर राम जानकी जी का भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया। इसमें दूर-दूर से आए भक्तगण शामिल हुए।

इसके बाद शनिवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस मौके पर परिवार के मंगल प्रसाद गुप्ता, उमेश चंद्र गुप्ता राकेश कुमार गुप्ता एवं अन्य लोग शामिल हुए।

**सामूहिक हवन में उमड़ा आस्था का सैलाब, पयागपुर:** शारदीय नवरात्र की महानवमी पर शुक्रवार को पयागपुर क्षेत्र पूरी तरह शक्ति की भक्ति में सराबोर नजर आया। नगर के प्रमुख शक्तिपीठों और मंदिरों में सुबह से ही मंत्रोच्चार और 'स्वाहा' की गूंज सुनाई देने लगी। हजारों की संख्या में पीत वस्त्र धारण किए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने सम्मय माता मंदिर में आहुतियां डालकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जय माता दी के जयकारों से पूरा नगर क्षेत्र गुंजायमान रहा सामूहिक हवन के संपन्न होते ही भव्य कन्या भोज का आयोजन किया गया। यहाँ आस्था और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला, जहाँ भक्तों ने सैकड़ों कन्याओं के पैर पखारकर उन्हें चुनरी ओढ़ाई। कन्याओं को श्रद्धापूर्वक हलवा-पूड़ी का प्रसाद खिलाया गया और खिलौने व उपहार भेंट किए गए।

धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मुख्य रूप से सुनील केडिया, ममता केडिया, सत्येन्द्र केडिया, बदलू राम, सत्येन्द्र सिंह, अंश रावत, सुशील रावत, गुड्डू जायसवाल, अंकित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

### जंगली जानवर के हमले से युवक घायल

**कैसरगंज (बहराइच)।** कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़हिया नम्बर एक के मजरे बभननपुरवा में शुक्रवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब खेत के पास खड़े एक युवक पर अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में राकेश कुमार यादव पुत्र जानकी प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके कमर और पैर में गहरे नाखून जैसे घाव पाए गए हैं। घायल राकेश ने आशंका जताई है कि जिस जानवर ने उन पर हमला किया है वह तेंदुए की तरह प्रतीत होता है। हमले के बाद तेंदुआ गेहूं के खेत मे घुस गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा और एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह अस्पताल पहुंचे और घायल का हालचाल जाना। वहीं वन विभाग भी मामले को लेकर सक्रिय हो गया है। रेंजर ओंकार नाथ यादव ने बताया कि जंगली जानवर की पहचान और पकड़ के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है तथा पिंजरा भी मंगाया गया है और यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला किस जानवर ने किया है।

### 1.46 किलो चरस समेत नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** जिले के थाना मोतीपुरक्षेत्रकेभारत-नेपाल सीमा पर स्थित लौकाही बार्डर पर एसएसबी और मोतीपुर पुलिस एक संयुक्त गश्ती अभियान के दौरान टीम ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से 1.46 किलोग्राम चरस बरामद की है और एक नेपाली नागरिक को धर दबोचा। जानकारी के अनुसार खुफिया सूचना के आधार पर, निरीक्षक (सामान्य दल) सुभाष चंद्र के नेतृत्व में एसएसबी औरमोतीपुर पुलिस की टीम सीमा स्तंभ संख्या 667 के समीप शाम लगभग 4.22 बजे, टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को नेपाल से भारत की ओर आते देखा। सुरक्षा बलों को देखकर व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिसे मुस्तैद गश्ती दल ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। व्यक्ति की पहचान नेत्र बहादुर शाही (29 वर्ष), पुत्र नर बहादुर शाही, निवासी जिला बर्दिया, नेपाल के रूप में हुई। उसके पास से 1.46 किलोग्राम चरस बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह खेप नेपाल के एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी और इसे भारत में बेचने तथा स्वयं के उपभोग के लिए ले जा रहा था।



एसएसबी व पुलिस के जवानों की गिरफ्त में आरोपी।

### सीताद्वार मंदिर परिसर में लगा हैंडपंप खराब

**इकौना( श्रावस्ती), अमृत विचार।** इकौना के सीताद्वार मंदिर परिसर में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए चार हैंडपंप खराब है। ऐसे में राम नवमी में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा होगी। इकौना विकास क्षेत्र के प्रसिद्ध सीताद्वार मंदिर में नवरात्रि के दौरान आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। वहीं राम नवमी पर यहां भारी भीड़ एकत्र होती है। यही नहीं इन दिनों लोग यहां लोग अपने बच्चों के मुण्डन संस्कार सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करते हैं। सरकार व ज़िला प्रशासन के विशेष प्रयास के वावजूद विभागीय लापरवाही के चलते क़रीब दो सप्ताह से मंदिर परिसर में लगे चार हैंडपम्प ख़राब हैं। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने विकास विभाग के अधिकारियों सहित उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।



मंदिर का खराब हैंडपंप।

# जागरूकता से आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं

संवाददात, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के तहत पुलिस महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं साइबर सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता व सुरक्षा की भावना बढ़ाना है।

इसी के तहत शुक्रवार को थाने की शक्ति मोबाइल टीमों ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों क सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सरकारी सेवाओं के प्रति जागरूक किया। इस दौरान चौपाल व संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर सुरक्षा के प्रति विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उनको सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों से बचाव के उपाय बताए। इस दौरान उन्हें ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करने व किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल सूचना देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मातृशक्ति को सम्बल योजना एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।



चौपाल में महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

मिशन शक्ति फेज-5

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की गई जान

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** गिलौला थाना क्षेत्र के औरैया निधान गांव निवासी शारदा प्रसाद (65) गुरुवार को साइकिल से कुछ सामान खरीदने गिलौला बाजार गए थे। जहां से वह सामान खरीदकर देर शाम को वापस घर लौट रहे थे। वापसी में औरैया गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध शारदा प्रसाद गंभीररूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की ओर से घायल वृद्ध को सीएचसी गिलौला में भर्ती कराया गया। साथ ही परिजनों को समचना दी गई। सूचना पर परिजन सीएचसी गिलौला पहुंचे। वहीं हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई।

**वाहन की टक्कर में बाइक सवार तीन घायल, जमुनहा:** मल्हीपुर थाना क्षेत्र में के ग्राम वीरपुर लौकहा के मजरा वीरपुर गांव निवासी राजेश कुमार (21) पुत्र झगरू, सुनील कुमार (20) पुत्र बाजे व प्रदीप कुमार (18) पुत्र राम गोपाल किसी काम से गुरुवार देर शाम को बाइक से शिकारी गांव की ओर जा रहे थे। इस दौरान जमुनहा-बहराइच मार्ग पर शिकारी कुट्टी के पास पहुंचते ही बदला की ओर से मल्हीपुर की तरफ आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक समेत गिर गए और घायल हो गए। तीनों घायल को सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉ. खुर्शीद खान ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।

### सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा के लिए बच्चों को लगवाएं एचपीवी टीका: डॉ. धीरेंद्र

**पयागपुर (बहराइच)।** क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते खतरों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने 14 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों को एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि यह टीका भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाने में रामबाण सिद्ध होगा। डॉ. तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। एचपीवी का टीका केंद्र पर प्रतिदिन लगाया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव का एकमात्र प्रभावी तरीका समय पर टीकाकरण और जागरूकता ही है। वही बीपीएम अनुपम शुक्ल ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के प्रति लापरवाही भारी पड़ सकती है। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और केंद्र पर आकर टीका लगवाएं। यह पूरी तरह सुरक्षित एवं नि:शुल्क है।



डॉ. धीरेंद्र तिवारी।

### दहेज हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासी सीमा देवी की 22 मार्च संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतिका के पिता ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर सीमा देवी को प्रताड़ित कर हत्या के आरोप में मामला दर्ज कराया था। शुक्रवार को थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने आरोपी तुलसीराम पुत्र जानकी प्रसाद, जानकी की पत्नी व बेचनलाल की पत्नी को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### लकड़ी चोरी में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** सिरसिया पुलिस ने शुक्रवार लकड़ी चोरी प्रकरण में वांछित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चिल्हारिया निवासी इंसाफ पुत्र बाबादीन पर आरोप है कि वह पांच दिसंबर 2025 को जंगल से लकड़ी चोरी कर ले जा रहा था। पुलिस को देखकर आरोपी लकड़ी व साइकिल छोड़कर भाग गया था। इसके विरुद्ध सिरसिया थाने में भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद से पुलिस आरोपी को तलाश रही थी। थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

आय-व्यय पर हुई चर्चा

सहकारी गन्ना विकास समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं गन्ना किसान : मुकुट बिहारी

जरवलरोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड जरवलरोड, बहराइच के परिसर में शुक्रवार को समिति की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के बजट, आय-व्यय तथा गन्ना किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें पारित किया गया। जरवलरोड समिति के सचिव डॉ. पीएन पांडे ने आईटी कक्ष का निर्माण तथा कार्यालय भवन की मरम्मत कलर कोडिंग समिति परिसर बाउंड्री वॉल किनारे मिट्टी पटाई इंटरलॉकिंग आदि प्रस्ताव रखे गए, जिसको सर्वसम्मत से पास कर दिया गया।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते समिति के सदस्य। अमृत विचार

बैठक में किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उत्पादन बढ़ाने, सुविधाओं के विस्तार एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर भी सहमति बनी। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन रणवीर सिंह 'मुन्ना' ने की, जबकि संचालन भाजपा नेता ओम प्रकाश अवस्थी द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि मुकुट बिहारी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गन्ना किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि के बिना ग्रामीण विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों को पारदर्शिता, ईमानदारी और सक्रियता के साथ कार्य करते हुए किसानों को समय पर भुगतान, उन्नत तकनीक एवं बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सरकार एवं संगठन स्तर पर किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर संचालक मंडल के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शेष नारायण यादव, अजय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, वेद प्रकाश सिंह, शिव सहाय सिंह, सीताराम पाण्डेय, संजय राव, डॉ. अवधेश कुमार शर्मा, प्रदीप जायसवाल, पवन वर्मा, प्रशान्त कुमार अग्निहोत्री सहित गन्ना समिति जरवलरोड के सचिव डॉ. प्रेमनाथ पाण्डेय एवं गन्ना विकास निरीक्षक राजेश कुमार विश्वकर्मा एससीडीआई जरवल रोड विवेक कुमार चौधरी, उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त चीनी मिल प्रतिनिधि, आईपीएल जरवलरोड, परसेण्डी, मैजापुर तथा समिति के सुरेश शुक्ला सर्वेश सिंह अनिल सिंह संजय वर्मा अवधेश सिंह फूलचंद वर्मा आदि के अधिकारी एवं विभिन्न चीनी मिलों के डेली गेट्स भी भारी संख्या में मौजूद रहे, जिससे बैठक को व्यापक प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ। वहीं अंत में अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समिति के माध्यम से किसानों के हितों की रक्षा एवं विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया।

अमृत विचार
शनिवार, 28 मार्च 2026



मेरी सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करेगी कि A या B मेरे बारे में क्या सोचते हैं। मेरी सफलता वही होगी, जो मैं अपने काम से बनाऊंगा।

**-होमी जहांगीर भाभा**, भारतीय परमाणु भौतिक विज्ञानी

# अस्थायी राहत

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत को आवागमन की अनुमति मिलना निःसंदेह राहत भरी खबर है। ईरान का यह निर्णय भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए तात्कालिक संकट को टालने वाला कदम है, किंतु इसे स्थायी समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर है। ऐसे में उसके लिए होर्मुज मार्ग का खुलना पेट्रोलियम आपूर्ति को स्थिर रखेगा ही उर्वरक और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। तेल आपूर्ति बाधित होने पर परिवहन लागत बढ़ती और खाद्यान्न महंगे होते। यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए 'सांस लेने की जगह' प्रदान करता है।

भारत ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका या इजराइल के खिलाफ कड़ा रुख नहीं अपनाया, फिर भी ईरान ने उसे उन चुनिंदा देशों में रखा, जिन्हें मार्ग उपयोग की अनुमति दी गई। यह भारतीय कूटनीति की 'रणनीतिक संतुलन' नीति का परिणाम है, जहां भारत किसी एक ध्रुव में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने हित साधता है। साथ ही, यह ईरान की व्यावहारिक कूटनीति भी दर्शाता है, जो आर्थिक और भू-राजनीतिक यथार्थ को समझते हुए भारत जैसे बड़े बाजार और साझेदार को अलग-थलग नहीं करना चाहता। ऊर्जा मोर्चे पर भारत ने 60 दिनों का तेल भंडार और अतिरिक्त 60 दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। इसके साथ वैकल्पिक स्रोतों की खोज भी जारी है। इससे तात्कालिक संकट की आशंका कम होती है, लेकिन वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव और युद्ध की अनिश्चितता के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता की गारंटी नहीं दी जा सकती, खासकर राज्यों में होने वाले चुनावों के बाद। ई-20 पेट्रोल नीति ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, किंतु एथनॉल उत्पादन की वर्तमान क्षमता इस लक्ष्य को पूरी तरह समर्थन देने में अभी सक्षम नहीं दिखती। कृषि, जल और खाद्य संतुलन को ध्यान में रखते हुए एथनॉल उत्पादन बढ़ाना एक जटिल चुनौती होगी। इसी प्रकार, गैस भंडारण और उत्पादन क्षमता में वृद्धि सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन वैश्विक एलएनजी बाजार अत्यधिक अस्थिर है। अतः घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध रहेगी, यह मान लेना जोखिमपूर्ण होगा। खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में स्थिति अधिक गंभीर है। युद्ध के कारण उर्वरक उत्पादन में संभावित 15 प्रतिशत गिरावट और सब्सिडी बिल में 25 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार के वित्तीय संतुलन पर दबाव डालेगी। भारत की 20 प्रतिशत यूरिया और 33 फीसद डीएपी की आयात निर्भरता इस संकट को और गहरा करती है। दीर्घकालिक समाधान के लिए घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक उर्वरकों और जैविक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक होगा। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लंबा खिंचता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं और अधिक बाधित होंगी। ऐसे में भारत को ऊर्जा, खाद्य और राजकोषीय तीनों मोर्चों पर दबाव झेलना पड़ सकता है।

होर्मुज से मिली राहत एक अवसर है, लेकिन यह चेतावनी भी कि भारत को अपनी ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और अधिक आत्मनिर्भर, विविधीकृत और लचीला बनाना होगा। सरकार को भंडारण, वैकल्पिक ऊर्जा, कूटनीतिक संतुलन और कृषि सुधारों पर समानांतर रूप से कार्य करना होगा, तभी यह अस्थायी राहत स्थायी सुरक्षा में बदल सकेगी।

## प्रसंगवश

# सार्वजनिक न्याय की दिशा में सुप्रीम कोर्ट के 3 फैसले



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

भारत के न्यायिक इतिहास में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल कानूनी व्याख्या तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज की संरचना, अधिकारों की परिभाषा और राज्य की जिम्मेदारियों को नई दिशा देते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए तीन महत्वपूर्ण निर्णय धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति (एससी) के दर्जे पर स्पष्टता, सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के साथ समानता सुनिश्चित करना, और झूठी एफआईआर के मामलों में सख्त रुख- इसी श्रेणी में आते हैं। ये फैसले न केवल संविधान की मूल भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि न्यायपालिका सामाजिक न्याय, समान अवसर और कानून के दुरुपयोग पर एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

पहला और सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला निर्णय धर्म परिवर्तन और अनुसूचित जाति के दर्जे से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता। यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 की उस मूल भावना को दोहराता है, जिसमें अनुसूचित जातियों की पहचान ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की प्रथाओं से जुड़ी हुई है, जो मुख्यतः हिंदू सामाजिक ढांचे में विद्यमान रही हैं। न्यायालय का यह कहना कि धर्म परिवर्तन के साथ ही एससी का दर्जा और उससे जुड़े सभी वैधानिक लाभ तत्काल समाप्त हो जाते हैं, एक कठोर लेकिन स्पष्ट संदेश है कि आरक्षण और विशेष अधिकारों का आधार सामाजिक उत्पीड़न की ऐतिहासिक वास्तविकता है, न कि केवल जातीय पहचान।

यह निर्णय उन बहसों को भी नई दिशा देता है, जो लंबे समय से धर्मांतरण और सामाजिक न्याय के बीच संबंध को लेकर चल रही थीं। कुछ पक्षों का तर्क रहा है कि भले ही व्यक्ति धर्म बदल ले, लेकिन सामाजिक भेदभाव का प्रभाव समाप्त नहीं होता, जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जाता रहा है कि आरक्षण का उद्देश्य विशेष रूप से उन समुदायों को राहत देना है, जो एक विशिष्ट सामाजिक संरचना में उत्पीड़ित रहे हैं। न्यायालय ने इस जटिल बहस में संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता देते हुए स्पष्टता प्रदान की है। इससे नीति निर्माताओं और समाज दोनों के लिए यह समझना आसान होगा कि सामाजिक न्याय की योजनाएं किन आधारों पर लागू होती हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय भारतीय सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के अधिकारों से संबंधित है। न्यायालय ने यह माना कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत कार्यरत महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में जो मापदंड अपनाए गए, वे असमान और भेदभावपूर्ण थे। अदालत ने न केवल इस असमानता पर आपत्ति जताई, बल्कि यह भी निर्देश दिया कि जिन महिला अधिकारियों को प्रमोशन से वंचित किया गया है, उन्हें 20 वर्षों की सेवा के आधार पर पूर्ण पेंशन दी जाए। यह फैसला केवल आर्थिक राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को चुनौती देता है, जिसमें सेना जैसे संस्थानों में पुरुष वर्चस्व को स्वाभाविक माना जाता रहा है।

तीसरा निर्णय झूठी एफआईआर और सबूत गढ़ने के मामलों में न्यायालय के सख्त रुख को दर्शाता है। अदालत ने इस विषय पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए यह संकेत दिया है कि कानून के दुरुपयोग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। वर्तमान व्यवस्था में झूठी शिकायतों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया सीमित होने के कारण कई बार निर्दोष लोग लंबे समय तक कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# विज्ञान की डगर और समाज की दिशा





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

समाज और विज्ञान के बीच का संबंध अत्यंत गहरा और परस्पर प्रभावशाली रहा है। समय के साथ जैसे-जैसे समाज में परिवर्तन हुए हैं, वैसे-वैसे विज्ञान की दिशा, प्राथमिकताएं और उपलब्धियां भी बदलती रही हैं। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित कोई स्वतंत्र प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों से निरंतर प्रभावित होता है। जिस प्रकार समाज की आवश्यकताएं बदलती हैं, उसी के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान के विषय, संसाधनों का वितरण और नवाचार की गति भी परिवर्तित होती रहती है।

बीसवीं सदी के पहले आधे हिस्से का उदाहरण इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह वह समय था जब दुनिया दो बड़े विश्व युद्धों में उलझा हुआ था। युद्ध की परिस्थितियों ने सरकारों को मजबूर किया कि वे वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश करें, ताकि युद्ध में बढ़त हासिल की जा सके। इस काल में विज्ञान का मुख्य उद्देश्य सैन्य शक्ति को बढ़ाना था। नतीजतन, परमाणु ऊर्जा, रडार तकनीक, और विभिन्न प्रकार के हथियारों के विकास में तेजी आई। विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा के रहस्य इसी दौर में उजागर हुए, जो बाद में मानव इतिहास की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक साबित हुआ, हालांकि इसका उपयोग विनाशकारी भी रहा, जैसे हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने की घटनाएं। इससे यह स्पष्ट होता है कि विज्ञान की दिशा समाज की परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार तय होती है।

युद्धकालीन परिस्थितियों के बाद, जब दुनिया ने शांति और पुनर्निर्माण की ओर कदम बढ़ाया, तब विज्ञान की प्राथमिकताएं भी बदलने लगीं। औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी। बाजार की शक्तियों ने विज्ञान को प्रभावित करना शुरू किया। निजी कंपनियों और कॉर्पोरेट संस्थाओं ने अपने लाभ को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान में निवेश करना शुरू किया। इस प्रक्रिया ने चिकित्सा, औषधि निर्माण और कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए। आधुनिक कंपनियां नई दवाइयों के विकास, रोगों के उपचार और कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) में भारी निवेश कर रही हैं।

जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास ने मानव जीवन को नई दिशा दी है। जीनोमिक अनुक्रमण और आनुवंशिक इंजीनियरिंग जैसी तकनीकों ने चिकित्सा विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज हम कई गंभीर बीमारियों का इलाज खोजने में सक्षम हो रहे हैं, जो पहले असंभव प्रतीत होती थीं। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में भी नई किस्मों के विकास से उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिली है। यह सब संभव हुआ, क्योंकि समाज में आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बाजार आधारित दृष्टिकोण ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी।

विज्ञान का विकास केवल बाजार और युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। आधुनिक समय में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रभावित कर रही है। कई सफल उद्योगपतियों और व्यक्तियों ने अपनी संपत्ति का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना शुरू किया है। उन्होंने ऐसे फाउंडेशन स्थापित किए हैं, जो उन क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिन्हें वे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं। उदाहरण के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन एक बड़ी वैश्विक समस्या बन चुका है। इस समस्या से निपटने के लिए विज्ञान को नई दिशा में कार्य करना पड़ रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास में तेजी आई है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब समाज किसी समस्या को गंभीरता से लेता है, तो विज्ञान उस समस्या के समाधान की दिशा में सक्रिय हो जाता है। इस प्रकार, विज्ञान केवल तकनीकी उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज की आवश्यकताओं और मूल्यों का प्रतिबिंब भी है।

इसके अतिरिक्त, डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास भी समाज के बदलते स्वरूप का परिणाम है। आज की दुनिया में तेजी से बदलती जीवनशैली, वैश्वीकरण और संचार की आवश्यकता ने इन क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकों ने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। ये सभी विकास इस बात को दर्शाते हैं कि विज्ञान समाज की जरूरतों के अनुसार विकसित होता है।

फिर भी, यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि विज्ञान का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, यह पूरी तरह समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर निर्भर करता है। विज्ञान स्वयं में न तो अच्छा होता है और न ही बुरा; इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। इसलिए समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाए, न कि विनाश के लिए।

विज्ञान और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह संबंध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, चाहे वह युद्धकालीन अनुसंधान हो, बाजार आधारित नवाचार हो या सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किया गया अनुसंधान। भविष्य में भी विज्ञान का विकास समाज की बदलती जरूरतों के अनुरूप होता रहेगा, इसलिए आवश्यक है कि हम एक ऐसा संतुलन बनाए रखें, जिसमें वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक हित दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें, ताकि एक बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण किया जा सके।

> विज्ञान और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

## आमने-सामने

**आमने**



क्या कोई भी संवेदनशील सरकार अस्पतालों के निर्माण पर रोक लगाती है? जयपुर के चारों कोनों पर प्रस्तावित चार सैटेलाइट अस्पतालों का काम अटकाकर एवं बंद कर भाजपा सरकार ने जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया है। आगरा और दिल्ली रोड के अस्पतालों को रद्द करना बेहद शर्मनाक है।

**-अशोक गहलोत**
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान


**सामने**



खोखली जादूगरी का झूठ केवल भ्रम पैदा करता है। केवल ट्विटर पर बयान देने से सरकार नहीं चलती। अपराधी सलाखों के पीछे हैं। मंत्री और अधिकारी जेल जा रहे हैं और अभी यह सूची काफी लंबी है। भ्रष्टाचार करने वाले एक भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**-भजन लाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

# ईरान युद्ध और नव साम्राज्यवाद का क्रूर चेहरा



जयशंकर पांडेय
पूर्व विधायक

फरवरी के आखिर में शुरू हुए अमेरिका ईरान युद्ध ने नवसाम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे से नकाब उतार दी है। अमेरिका ने ईरान पर यह कहते हुए हमला किया था कि वह ईरान के मुल्ला-मोलवियों के कट्टर शासन से वहां की जनता और विशेषकर महिलाओं को आजाद कराने आया है, इसलिए शुरू में जब अयातुल्ला अली खोमेनई और उनकी सेना के कुछ कमांडरों की हत्या हुई, तो वहां की जनता के एक तबके में उत्साह भी दिखा, लेकिन जब अमेरिकी हमले में सैकड़ों की संख्या में ईरानी छात्राएं मारी गईं तो ईरान ही नहीं पूरी मानवता उसका कलेजा फट गया। अमेरिका और इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी अपनी नकाब उतर गई। उस नकाब के नीचे गोरे अमेरिकी और इजराइली का क्रूर चेहरा उजागर हो गया। इसी के साथ अनमने तरीके से अमेरिका को समर्थन दे रहे यूरोप की भी कलई खुल गई।

अमेरिका और इजराइल के इस गठजोड़ ने पश्चिम एशिया के तमाम तेल वाले देशों की कायरता और इस्लाम विरोधी नीतियों को उजागर करके रख दिया। ईरान के राजनीतिक मॉडल की आलोचना करने वाले लोगों को यह समझ में आना चाहिए कि ईरान का राजनीतिक मॉडल सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कतर जैसे तमाम राजशाही वाले अरब देशों से बहुत बेहतर था। वहां इस्लामी मॉडल के भीतर एक तरह का लोकतंत्र है, जिसमें एक वैश्विक व्यवस्था के प्रति सम्मान है और अपनी संप्रभुता के प्रति स्वाभिमान है। वह भले यूरोपीय मॉडल का लोकतंत्र नहीं है, लेकिन हम उसे इस्लामी लोकतंत्र अवश्य कह सकते हैं। जो लोग ईरान में स्त्रियों को शाह रजा पहलवी के दौर की आजादी देना चाहते हैं, उनके पीछे उसे फिर से अमेरिका का उपनिवेश बना देने का इरादा है। पूंजीवाद के व्यापक शोषण तंत्र और लूट का एक पुर्जा बनाने वाले ही इस्लाम के राजनीतिक प्रणाली को बदनाम करने का अभियान चलाए रखना चाहते हैं।

प्राच्यवाद के कठोर आलोचक एडवर्ड सईद ने 'कवरिंग इस्लाम' नामक अपनी पुस्तक में बताया है कि यहूदियों के हाथों में कैद अमेरिकी प्रेस ने किस प्रकार इस्लाम को बदनाम करने का एक अभियान चलाया और यह साबित करने की कोशिश की कि इस्लाम के प्रभाव वाले देश कला, संस्कृति, विज्ञान, साहित्य और दर्शन से विहीन हैं और न तो उनका कोई पुरातत्व अतीत है और न ही सभ्य वर्तमान। वहां तो सिर्फ तेल बेचने वाले शेख रहते हैं जो हरम में अय्याशी करते हैं और या तो आतंकवादी रहते हैं, जो यूरोप और अमेरिका को परेशान करते रहते हैं। सईद ने तथ्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि यूरोप के फ्रांस और स्पेन जैसे देशों को छोड़कर कम देश ऐसे हैं, जो इस्लाम के योगदान से परिचित हैं और अरबी, फारसी और पश्चिम एशिया की दूसरी भाषाओं को समझने वाले तो अमेरिका में और भी कम हैं।

इन देशों में स्त्रियों का सम्मान किस हद तक है, इस बारे में मशहूर नारीवादी जर्मेन ग्रीयर का एक मशहूर व्याख्यान है- बिकिनी या बुरका। उन्होंने यह व्याख्यान भारत में दिया था और कहा था कि बिकनी वाले पूंजीवादी देशों ने स्त्री देह का जितना शोषण किया है, उतना बुरका वाले देशों में नहीं हुआ है। आज एपस्टीन फाइल के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि पूंजीवादी तंत्र ईसाई और यहूदी संकीर्णताओं से मिलकर कितना घिनौना कृत्य कर सकता है। वह कृत्य जहां बालिग स्त्रियों के दैहिक शोषण की बात तो छोड़िए छोटी-छोटी बच्चियों के प्रति भी क्रूरता की इंतेहा हो रही है।

तमाम विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बहुत सारे समर्थक एपस्टीन फाइल में बदनाम हो रहे हैं और कानूनी रूप से पकड़ में आ रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह युद्ध छेड़ दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर तो वहां के सुप्रीम कोर्ट ने भी अंकुश लगाने की कोशिश की है, इसलिए मध्यावधि चुनाव जीतने और अपनी ताकत को फिर से कायम करने के लिए ट्रंप ने यह कदम उठाया है। कहा यह भी जा रहा है कि सऊदी अरब के प्रिंस सलमान ने अमेरिका को इस युद्ध में उतरने के लिए उकसाया है, लेकिन उससे भी अधिक उतावलापन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू की ओर से बताया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस युद्ध में अमेरिका की सरपरस्ती में रहने वाले तमाम अरब के देश, इजराइल और अमेरिका के साथ हैं, जबकि उनकी अवाम विरोध कर रही है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की जो व्यवस्था बनी, वह लोकतांत्रिक नहीं थी और उसमें भेदभाव की पर्याप्त गुंजाइश थी। इसी भेदभाव के रास्ते साम्राज्यवाद अपने पैर पसार रहा था। कभी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका में सत्ता परिवर्तन कराता रहा तो कभी वियतनाम और कोरिया में। यह सिलसिला अफगानिस्तान से लेकर इराक, सीरिया और दूसरे देशों में जारी रहा। अमेरिका ने राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए बनी संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था का कम से 50 बार उल्लंघन कर दूसरे देशों पर आक्रमण किए हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> अमेरिका-इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी खुद की नकाब उतर गई। उस नकाब के पीछे उनका क्रूर चेहरा उजागर हो गया है।

## सोशल फोरम

# नेहरू की बहन कृष्णा



राज गोपाल सिंह वर्मा
लेखक

दो नवंबर 1907 को जन्मी मोतीलाल नेहरू की बेटी, जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित की छोटी बहन कृष्णा नेहरू हठी सिंह को अपेक्षाकृत कम लोग जानते हैं। वह जवाहरलाल से 17 साल छोटी और बहन विजयलक्ष्मी पंडित से सात साल छोटी थीं। जनवरी 1955 की 'टाइम' पत्रिका में श्रीमती हठी सिंह ने अपने प्रतिष्ठित परिवार का एक वर्णन प्रस्तुत किया है।

वह लिखती हैं, "मैंने हमेशा जवाहर का आदर किया है, लेकिन तीस साल के संघर्ष और बलिदान ने अपनी छाप छोड़ी है। हर साल ने उनकी गर्मजोशी, उल्लास और मिलनसार आकर्षण को कुछ हद तक कम कर दिया है... भूरी आंखें जो कभी किसी मजाकिया टिप्पणी पर चमकने के लिए हमेशा तैयार रहती थीं, अब अकसर कठोर अवज्ञा या थकी हुई हताशा का भाव रखती हैं। उनका चेहरा एक थके हुए आदमी का है, जो किसी आंतरिक शक्ति द्वारा संचालित लगता है जो कभी नरम नहीं पड़ती, कभी जाने नहीं देती। आज उनकी मुस्कान एक आत्म-संयमी व्यक्ति, एक विनम्र प्रधानमंत्री की मुस्कान है, जो अपनी शक्ति के बारे में पूरी तरह से जागरूक है, किसी भी आलोचना को चुनौती देता है।"

अपने बचपन के विषय में कृष्णा बताती हैं, "अपने बचपन में मैंने एक शांत जीवन जिया। हम एक छोटे और संयोजित परिवार के लोग थे और हमारा यह छोटा संसार बहुत खुशी भरा था; जिसमें कोई दुख या कठिनाई नहीं थी। धीरे-धीरे हमारे जीवन को बहुत परिवर्तन देखने पड़े, परंतु हम एक साथ बने रहे, इसलिए इन दुखों का पता नहीं चला। जीवन चलता रहा और हम धीरे-धीरे अलग राहों पर चल पड़े। हम मानसिक और शारीरिक रूप से इतने मजबूत होते गए कि हमारी राह में चाहे कुछ भी आए, हमें परवाह नहीं रही।"

इससे अलग अपनी एक पुस्तक में कृष्णा हठी सिंह अपनी पृष्ठभूमि देते हुए बताती हैं, "...हम कश्मीरी ब्राह्मण हैं। हमारे पूर्वज राज कौल (कमला कौल के परिवार से भिन्न) मुगल बादशाह फर्रूखसियर के दरबार में कश्मीर से आए थे। फर्रूखसियर उनकी विद्वता से बहुत प्रभावित था। उसने उन्हें दिल्ली में एक नहर के किनारे रहने के लिए मकान भेंट किया था। नहर के किनारे रहने के कारण हमारा परिवार दिल्ली में कौल नहर के नाम से मशहूर हुआ। कालांतर में कौल नहर का कौल नेहरू हो गया और समय के साथ कौल हटकर सिर्फ नेहरू बचा और यों हम नेहरू कहलाने लगे।"

**-फेसबुक वॉल से**



## सामयिकी

# आईपीएल के शोर में कहीं खो न जाए टेस्ट क्रिकेट



धनीश शर्मा
लेखक

आज से शुरू हो रहा आईपीएल अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक ऐसे विशाल मंच में बदल चुका है जहां खेल, व्यवसाय, ग्लैमर और दर्शकों की भावनाएं एक साथ नजर आती हैं। इसकी लोकप्रियता और प्रभाव इतना बढ़ चुका है कि यह लोगों की दिनचर्या और सोच पर भी गहरा असर डालने लगा है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस चमक-दमक के बीच कहीं क्रिकेट का असली स्वरूप तो पीछे नहीं छूट रहा?

आज के दौर में इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक विशाल मनोरंजन उद्योग बन चुका है। जैसे ही आईपीएल का सीजन शुरू होता है, पूरे देश में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया और अखबार- हर जगह आईपीएल की चर्चा होती है। बड़े-बड़े खिलाड़ी, फिल्मी सितारे, ब्रांड विज्ञापन और स्टेडियम की चमक-दमक इसे किसी त्योहार जैसा बना देते हैं।

आईपीएल ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान किया है। छोटे शहरों और गांवों से आने वाले खिलाड़ी, जिन्हें पहले पहचान नहीं मिल पाती थी, आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसके अलावा, खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिली है। जहां कई बार कम उम्र के खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश होती है, वे अचानक मिली इस सफलता और प्रसिद्धि के दबाव को संभाल नहीं पाते। अधिक धन और अपेक्षाओं का बोझ उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है।

इसके नकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अत्यधिक पैसा, विज्ञापन और ग्लैमर के कारण खेल की मूल भावना प्रभावित हो रही है। कई बार खिलाड़ी देश के लिए खेलने के बजाय लीग को प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा, लगातार मैचों के कारण खिलाड़ियों पर मानसिक और शारीरिक दबाव भी बढ़ता है। क्रिकेट को परंपरागत रूप से धैर्य, तकनीक, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक माना जाता रहा है। विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, जिसे खेल का सबसे शुद्ध रूप कहा जाता है, खिलाड़ियों की क्षमता और मानसिक मजबूती की असली परीक्षा लेता है, लेकिन आईपीएल के आगमन के बाद क्रिकेट का स्वरूप तेजी से बदल गया है। अब खेल की गति तेज हो गई है, जहां हर गेंद पर चौका-छक्का लगाने का दबाव रहता है। इसके साथ ही दर्शकों की रुचि में भी बदलाव आया है। आज लोग तेजी और रोमांच को ज्यादा पसंद करते हैं, जिसके कारण टेस्ट और वनडे क्रिकेट की लोकप्रियता प्रभावित हो रही है। यह क्रिकेट के संतुलित विकास के लिए एक चुनौती है।

आईपीएल ने खेल को पूरी तरह से बाजार से जोड़ दिया है, जहां टीमों की नीलामी, खिलाड़ियों की कीमत और ब्रांड वैल्यू पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इससे कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि खेल की जगह व्यापार ने ले ली है। आईपीएल के शोर और चमक में खेल की सादगी और आत्मा कहीं दबती नजर आती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम मनोरंजन के साथ-साथ खेल की मूल भावना को भी बनाए रखें और साथ में यह न भूलें कि क्रिकेट की आत्मा टेस्ट क्रिकेट में ही बसती है। इस पैसों के मायाजाल में टेस्ट क्रिकेट कहीं खो न जाए। आज जरूरत है क्रिकेट के असली खेल टेस्ट क्रिकेट को संभाल कर रखने की, जिससे क्रिकेट की मूल स्वरूप में असली क्रिकेट जिंदा रह सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



उस दिन हल्की गर्म दोपहर थी। हमारी कार ठीक एक बजकर 10 मिनट पर एक ऐसी जगह आकर रुकी, जहां पहुंचते ही लगा कि हम किसी पर्यटन स्थल पर नहीं, बल्कि एक अलग ही मन :स्थिति में प्रवेश कर गए हैं। गांव छूटने के बाद जीवन में बहुत-सी चीजें पीछे रह जाती हैं। उनमें से एक होली भी है। शहरों की होली में रंगों की चमक तो होती है, लेकिन वह मन में उसी तरह नहीं उतरती जैसे गांव में फाग के गीतों के साथ खेली जाने वाली होली उतरती थी। शायद उसी खोई हुई अनुभूति की तलाश में अब हर होली पर मैं किसी नई जगह की ओर निकल पड़ता हूं।




मृदुल कपिल
साहित्यकार


# कुटनी आइलैंड

## शांति और सौंदर्य का अनूठा संगम

### मन के पास प्रकृति की सुंदरता

इस होली पर भी समय और साधन सीमित थे। खजुराहो की यात्रा के दो दिन पूरे हो चुके थे और मेरे पास खुद से चुराया हुआ बस एक दिन और था। उसी दिन मैं अपने साथियों प्रिया और माधव के साथ खड़ा था एक बेहद सुंदर जगह पर कुटनी आइलैंड। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो से लगभग 12 किलोमीटर दूर, कुटनी जलाशय के बीच स्थित यह छोटा-सा टापू मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। पानी से घिरे इस शांत द्वीप पर एमपी टूरिज्म के केवल दस कॉटेज बने हुए हैं, जहां ठहरकर पर्यटक इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से महसूस कर सकते हैं।





### जलक्रीड़ा का रोमांच और गहरी शांति

रिजॉर्ट तक पहुंचने का अनुभव भी अपने आप में अलग है। मुख्य परिसर से लगभग 700 मीटर पहले वाहन पार्क करना पड़ता है। इसके बाद पैदल या ई-कार्ट से एक लोहे के पुल को पार करते हुए इस टापू तक पहुंचना होता है। पुल पार करते ही सामने खुलती है एक शांत दुनिया चारो ओर फैली जलराशि और बीच में मखमली हरियाली से घिरा छोटा-सा टापू। कॉटेज के कमरे का पर्दा हटाते ही दूर तक फैला पानी दिखाई देता है और दरवाजा खोलते ही सामने हरी घास का खुला मैदान। यहां प्रकृति और आधुनिकता का संतुलित मेल दिखाई देता है। एक ओर बोटिंग और जलक्रीड़ा का रोमांच है, तो दूसरी ओर गहरी शांति।

### क्षितिज पार उगता लाल सूरज

कई वर्षों बाद यहां आकर मैंने सूर्यास्त और सूर्योदय दोनों देखे। सूर्योदय देखने की उत्सुकता इतनी थी कि जिस व्यक्ति को सामान्य दिनों में सुबह नौ बजे उठना भी कठिन लगता है, वह उस दिन पांच बजे ही उठ गया। सुबह की ओस से भीगी घास पर नंगे पैर टहलते हुए अचानक मन दार्शनिक हो उठा। चारों ओर जल से घिरे उस टापू पर मेरे साथ एक दुबला-सा आवारा श्वान भी टहल रहा था। तभी मन में एक प्रश्न उठा आखिर कितने दिनों बाद मेरे पैरों ने मिट्टी को सीधे छुआ है? मिट्टी में जन्मा, धूल भरे गांव की गलियों में खेला और शहर की गर्म सड़कों पर मीलों पैदल चला मनुष्य कब अपने और धरती के बीच इतनी दूरी बना बैठा, शायद इसका एहसास हमें ऐसे ही क्षणों में होता है। उसी समय क्षितिज के उस पार से उगते हुए लाल सूर्य ने जैसे इस विचार यात्रा को विराम दिया। मन में तुलसीदास की पंक्तियां स्वतः गूंज उठीं "छिति जल पावक गगन समीरा, पंच रचित अति अधम सरीरा।" मैं उस क्षण को अपने कैमरे में कैद करने लगा। कुटनी आइलैंड उन जगहों में से है, जहां यात्रा केवल पर्यटन नहीं रह जाती। कभी-कभी ऐसी यात्राएं हमें नई जगहें नहीं दिखातीं, बल्कि हमारी खोई हुई अनुभूतियों को वापस लौटा देती हैं। इस यात्रा ने मुझे लौटाकर दी, मेरे पैरों के नीचे की मिट्टी।



---

जॉब का पहला दिन

## डर, सीख और एक नई शुरुआत

उस दिन मैं थोड़ी सी डरी हुई थी, क्योंकि ये मेरी पहली जॉब थी और पहला ही दिन। सुबह ठीक 10 बजे मैं ऑफिस पहुंची। हाथ में एक छोटा सा बैग था, जिसमें नोटबुक, पेन और एक हल्की सी घबराई हुई मुस्कान छुपी हुई थी। बाहर से न्यूज चैनल का ऑफिस जितना शांत और सामान्य लगता है, अंदर कदम रखते ही उतनी ही तेज रफ्तार और हलचल महसूस होती है। जैसे ही मैं अंदर गई, सबसे पहला झटका लगा- चारों तरफ चमकते मॉनिटर्स, हर स्क्रीन पर अलग-अलग न्यूज चल रही थी। कोई स्क्रिप्ट लिख रहा था, कोई फोन पर बात कर रहा था, तो कोई ब्रेकिंग न्यूज की तैयारी में लगा था। हर कोई अपने काम में इतना डूबा हुआ था कि समय जैसे दौड़ रहा हो। थोड़ी ही देर में मैनेजर ने मुझे टीम लीडर और बाकी टीम से मिलवाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "पहले दिन बस देखो और समझो, असली काम कल से शुरू होगा।" उनकी बात सुनकर थोड़ी राहत भी मिली और उत्साह भी बढ़ गया। फिर मुझे एक डेस्क पर बैठा दिया गया, जहां एक सीनियर रिपोर्टर काम कर रहे थे। उन्होंने मुझे बड़े ही सहज तरीके से न्यूजरूम के बेसिक्स समझाने शुरू किए, कैसे स्टोरी आइडिया बनता है, कैसे फील्ड में जाकर रिपोर्टिंग की जाती है और सबसे अहम, डेडलाइन का क्या मतलब होता है। उनके हर शब्द में अनुभव झलक रहा था और मैं हर बात ध्यान से सुन रही थी।



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

कुछ देर बाद मुझे पहला छोटा सा काम मिला-एक खबर की रिसर्च। समय सिर्फ 10 मिनट था। मैंने तुरंत गूगल पर सर्च करना शुरू किया, लेकिन सीनियर ने रोकते हुए कहा, "गूगल सब कुछ नहीं बताता, असली खबर जमीन से मिलती है। हमारे लोकल रिपोर्टर से बात करो।" तभी मुझे समझ आया कि यहां सिर्फ स्पीड ही नहीं, बल्कि सटीकता भी उतनी ही जरूरी है। दोपहर में थोड़ा ब्रेक मिला, लेकिन दिमाग अब भी उसी माहौल में उलझा हुआ था। ब्रेक के बाद एडिटर-इन-चीफ आए और उन्होंने दिन की बड़ी खबरों पर चर्चा की। कौन-सी स्टोरी फोकस में रहेगी, कौन एंकर क्या करेगा, किस खबर के लिए ग्राफिक्स बनेंगे-सब कुछ बड़ी तेजी से तय हो रहा था। मैं बस चुपचाप सब देखती और सीखती रही, मन में एक सपना लिए कि एक दिन मैं भी अपनी पहली रिपोर्टिंग करूंगी। शाम को जब पहला दिन खत्म हुआ, तो शरीर थका हुआ था, लेकिन दिल बेहद खुश था। घर लौटते वक्त एक बात साफ समझ आ गई कि न्यूज चैनल में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि एक जुनून है। यहां हर दिन नया होता है, हर खबर एक नई कहानी लेकर आती है और सबसे बड़ी सीख यही है कि यहां समय किसी के लिए नहीं रुकता।




---

# वैश्विक संस्कृति का प्रतीक बार्बी डॉल

आखिर कौन है, जिसने 'बार्बी डॉल' का नाम नहीं सुना है? बार्बी वह गुड़िया रही है, जिसने छोटे बच्चों विशेषकर लड़कियों की खेलने की दुनिया ही बदल दी। बार्बी ने अब तक बच्चों की कल्पनाओं, करियर और बदलाव का सफर तय किया है। कौन जानता था कि बार्बी दुनिया में इतनी प्रसिद्ध हो जाएगी। यह खिलौना मात्र नहीं है, बल्कि यह तो बच्चों के अनगिनत सपनों की गुड़िया है। इसकी लोकप्रियता के तो कहने ही क्या हैं? सच तो यह है कि बार्बी ने समाज पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।



बार्बी गुड़िया जब 1959 में पहली बार न्यूयॉर्क खिलौना मेले में प्रस्तुत की गई, तब उसका रूप उस समय की अन्य गुड़ियाओं से बिल्कुल अलग था। दरअसल, उस दौर में ज्यादातर गुड़ियाएं छोटे बच्चों या शिशुओं के रूप में बनाई जाती थीं, लेकिन बार्बी को एक युवती के रूप में डिजाइन किया गया था। उसका शरीर किसी वयस्क महिला जैसा था, लंबे पैर, पतली कमर और स्टाइलिश व्यक्तित्व के साथ उसे एक फैशन मॉडल की तरह बनाया गया था।



सुनील कुमार महला
लेखक

बार्बी ने काले-सफेद धारीदार (ब्लैक एंड व्हाइट) स्विमसूट पहना हुआ था। उसके बाल सुनहरे या भूरे रंग के पोनीटेल स्टाइल में थे। इतना ही नहीं, उसके पैरों में हाई हील सैंडल और कानों में छोटे-छोटे ईयररिंग्स थे, जिससे उसका रूप आधुनिक और फैशनेबल दिखाई देता था। उस समय उसकी आंखें हल्की-सी नीचे की ओर झुकी हुई दिखाई देती थीं, जिन्हें बाद में बदलकर सामने देखने वाला बनाया गया। बार्बी का यह रूप उस समय की लड़कियों के लिए खास था, क्योंकि वे उसके माध्यम से खुद को भविष्य में अलग-अलग भूमिकाओं में कल्पना कर सकती थीं। यही कारण है कि यह गुड़िया जल्द ही बेहद लोकप्रिय हो गई और खिलौनों की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

9 मार्च 1959 को अमेरिकी खिलौना कंपनी मैटल ने इस गुड़िया यानी कि बार्बी डॉल को मेले में प्रस्तुत किया था तथा इसका निर्माण कंपनी की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर द्वारा किया गया था। दरअसल, उन्होंने यह देखा कि उस समय बाजार में मिलने वाली अधिकांश गुड़ियाएं छोटे बच्चों के रूप में बनाई जाती थीं, जबकि लड़कियां खेलते समय खुद को बड़े होकर अलग-अलग भूमिकाओं जैसे कि डॉक्टर, शिक्षक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी या अन्य पेशों में कल्पना में देखना चाहती थीं। न्यूयॉर्क टॉय फेयर में जब बार्बी ने अपना डेब्यू किया, तो उसने खिलौनों की दुनिया को नई दिशा दी। लॉन्च होते ही यह गुड़िया बेहद लोकप्रिय हो गई और धीरे-धीरे केवल एक खिलौना नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक प्रतीक बन गई। समय के साथ इसके हजारों अलग-अलग रूप बनाए गए, जिनमें विभिन्न देशों की पोशाकें, जीवन-शैलियां और अनेक पेशे भी शामिल किए गए और इसी ऐतिहासिक शुरुआत की स्मृति में हर वर्ष 9 मार्च को 'बार्बी दिवस' मनाया जाता है, जब दुनिया भर में खिलौना प्रेमी, संग्राहक और बच्चे कार्यक्रमों, प्रदर्शनों और सोशल मीडिया के माध्यम से बार्बी की लोकप्रियता का उत्सव मनाते हैं।

बार्बी गुड़िया के बारे में कई ऐसे रोचक तथ्य भी हैं, जो बहुत कम लोगों को पता हैं। सबसे पहले, बार्बी का पूरा नाम बारबरा मिलिसेंट रॉबर्ट्स है, जो रुथ हैंडलर की बेटी बारबरा के नाम पर रखा गया था। इसी तरह बार्बी के बॉयफ्रेंड केन का नाम रुथ हैंडलर के बेटे केनेथ के नाम पर रखा गया। 1959 में जब पहली बार्बी लॉन्च हुई, तब इसकी कीमत लगभग 3 डॉलर थी, जबकि आज दुर्लभ और कलेक्टर एडिशन बार्बी गुड़ियाएं हजारों डॉलर में बिकती हैं।

### बार्बी की शुरुआती डिजाइन

बार्बी के शुरुआती डिजाइन की प्रेरणा जर्मनी की बिल्ड लिली डॉल (दुनिया की पहली आधुनिक फैशन गुड़ियों में से एक) से मानी जाती है, जो एक कॉमिक स्ट्रिप पर आधारित गुड़िया थी। इसे वर्ष 1955 में जर्मनी में बनाया गया था। यह गुड़िया मूल रूप से बच्चों के लिए नहीं, बल्कि वयस्कों के लिए बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इसका चरित्र जर्मनी के प्रसिद्ध अखबार बिल्ड में प्रकाशित एक कॉमिक स्ट्रिप की पात्र लिली पर आधारित था। दरअसल, बिल्ड लिली लंबी, पतली और फैशनेबल कपड़ों में दिखाई जाती थी तथा उसके सुनहरे बाल, हाई हील्स और आकर्षक कपड़े उसकी विशेष पहचान थे। अमेरिकी कंपनी मैटल की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर ने यूरोप यात्रा के दौरान बिल्ड लिली गुड़िया देखी और बाद में इससे प्रेरित होकर, उन्होंने 1959 में प्रसिद्ध गुड़िया बार्बी बनाई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1964 में मैटल ने बिल्ड लिली के अधिकार खरीद लिए और बाद में इसका निर्माण बंद कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार्बी ने ब्लैक-एंड-व्हाइट धारीदार स्विमसूट पहना था और उसकी आंखों की पुतलियां नीचे की ओर झुकी हुई थीं। बाद में 1971 में उसका लुक बदलकर उसे सामने देखने वाला बनाया गया। समय के साथ बार्बी डॉल में हमें अनेक करियर देखने को मिले। मसलन, डॉक्टर, पायलट, कंप्यूटर इंजीनियर, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार वगैरह-वगैरह। सच तो यह है कि बार्बी डॉल केवल और केवल फैशन डॉल ही नहीं रही, बल्कि उसने 250 से अधिक करियर अपनाए। यहां तक कि बार्बी डॉल ने 1965 में एस्ट्रोनॉट बार्बी का रूप भी अपनाया, जो इंसान के चंद्रमा पर पहुँचने (1969) से लगभग चार साल पहले ही महिलाओं की अंतरिक्ष यात्रा की कल्पना को दर्शाती थी। इतना ही नहीं, बार्बी में विविधता भी धीरे-धीरे जोड़ी गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1968 में क्रिस्टी बार्बी नाम की अश्वेत गुड़िया (बार्बी की सहेली) पेश हुई, जबकि 1980 में पहली आधिकारिक ब्लैक बार्बी लॉन्च की गई। आज बार्बी अलग-अलग नस्लों, संस्कृतियों और शारीरिक बनावट जैसे सुडौल, लंबी और छोटी में भी बनाई जाती है।

---

संस्मरण

## भविष्यफल




जब काम से छुट्टी हो, तो उदासीनता आ ही जाती है। कॉलेज की छुट्टियां चल रही हैं। समर ब्रेक ऐसा लग रहा है मानो जिंदगी पर ही ब्रेक लग गया हो। कुछ करने के लिए हो ही न और जब काम हो तो काम की थकान, हर रोज यही इच्छा होती है कि काश! आज छुट्टी मिल जाए। शायद हम इंसानों की फितरत ही ऐसी होती है, जो प्रत्यक्ष मिलता है, उसमें कभी खुश नहीं रहते। इसी उधेड़बुन में मैंने मन बदलने के लिए फोन चलाना शुरू कर दिया। कभी इंस्टाग्राम तो कभी फेसबुक, कभी यूट्यूब पर कहीं मन नहीं लगा।

मैंने फोन पटक दिया। क्या करूं! चलो मैगजीन ही पढ़ लेती हूं, कुछ न कुछ ज्ञानवर्धक तो मिल ही जाएगा। यही सोचकर मैं मैगजींस निकाली और पढ़ने लगी। मैगजींस पढ़ते-पढ़ते काफी समय बीत गया। अच्छे लेखों को पढ़कर मन भी खुश हो गया। सच में किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती है। तभी डोर बेल बजी। "नैना" "ओ मम्मी आ गई।" मैंने दरवाजा खोला। मम्मी बाजार से आ गई थीं और साथ में उनकी सहेली रीना आंटी भी आई थीं। "क्या कर रही थी? इतनी देर से दरवाजा क्यों खोला। कब से बेल बज रही हूं। पानी भर के नहीं रखा? जरा थोड़ी देर के लिए कहीं चले जाओ पूरा घर अस्त-व्यस्त सा हो जाता है।" मम्मी बोले जा रहीं थीं। "वो मैं मैगजींस..." "क्या मैं-मैं पूरा घर फैला रखा है।" मम्मी ने मेरी बात बीच में ही काटते हुए कहा। "ओहो..छोड़ो भी..बच्ची है..इधर-उधर बिजी हो गई होगी, अब कर देगी।" आंटी ने मेरा बचाव किया और मुझे मम्मी की डांट से बचाया। रीना आंटी की बात सुनकर मम्मी कुछ नरम पड़ी।



श्रुति सुकुमार
लेखिका, बरेली

रीना आंटी बहुत ही खुशमिजाज व बिंदास किस्म की महिला है। हर जगह हंसी-खुशी का माहौल बना ही देती है। कोई ऐसी-वैसी बात हो, तो भी माहौल हल्का कर देती हैं। एकदम अप-टू-डेट रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं। यह बात अलग है कि ज्यादातर अपडेट्स वह खुद न कर, अपनी बेटी से करती हैं। यूं तो उनका फिगर भी थोड़ा ज्यादा ही है, फिर भी कपड़े फैशन के हिसाब से ही पहनती हैं। उन्हें पिछड़ा हुआ रहना बिल्कुल पसंद नहीं। आजकल तो प्लाजो और जींस जमकर पहन रही हैं। कुल मिलाकर वह एकदम आधुनिक है। मम्मी ने कहा- "नैना आंटी के लिए चाय तो बना लो।" रीना आंटी ने जोड़ते हुए कहा -" और साथ में पापड़ भी"।

रीना आंटी मेरी निकली भी मैगजींस पढ़ने लगीं। तभी अचानक कुछ पढ़कर रीना आंटी विचिलित सी हो उठीं। उनको एकदम उदास हो गईं। मानो दिल डूब सा गया हो। वह उदास हो गईं। मैं चाय लेकर आई। आंटी गुमसुम सी बैठी थीं।

"क्या हुआ आंटी? अचानक से आप इतनी परेशान क्यों लग रही हैं?" मैंने पूछा। आंटी बोली "अरे भविष्यफल में कुछ भी ठीक नहीं निकला है इसलिए मेरा मन बेचैन सा हो रहा है।" मम्मी ने कहा- "ओ हो, इन सब चीजों को कोई इतनी गंभीरता से थोड़ी नहीं लेना होता है।" आंटी ने बोला- "अरे कुछ तो सच्चाई होती ही होगी न"।

मैंने पूछा- "अच्छा क्या लिखा है, जरा पढ़िए तो।" "आपका पूरा माह संघर्ष भरा रहेगा। किसी प्रियजन से मनमुटाव हो सकता है। आमदनी कम होगी व खर्च बढ़ेंगे"। आंटी ने दुखी होते हुए पढ़ा। मम्मी ने मुंह बनाकर कहा- "अरे सब फालतू की बातें हैं।" लेकिन रीना आंटी व्याकुल थी। अनायास ही उनकी हंसी कहीं गुम हो गई थी। "ओफ्फो... आप लोग भी न छोड़िए यह सब।" आंटी मम्मी सही कह रही हैं, इन सबको इतनी गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। आप खुद ही सोचिए एक ही राशि के कितने सारे लोग होते हैं। यह कोई एक व्यक्ति विशेष आपके लिए ही नहीं है। "कम ऑन आंटी! डोंट बी सिली।" मेरी बातों का आंटी पर कोई खास असर होता नजर नहीं आया। तभी मेरी नजर मैगजीन के कवर पेज पर पड़ी। "ओ माय गॉड! अब आप लोग अपनी मूर्खता ओर अंधविश्वास पर जोर से हंसने को तैयार हो जाइए, क्योंकि" मैंने मैगजीन उठाते हुए कहा। "यह मैगजीन दो महीने पुरानी है, तो यह भविष्यफल भी दो महीने पुराना हुआ यानी बीत चुका है।" "क्या!" रीना आंटी के चेहरे पर चमक लौट आई और वह हो-हो करके हंस पड़ी। फिर हम सभी ने सुकून से चाय नाश्ते का आनंद लिया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,583.22 | 22,819.60 |
| गिरावट | 1,690.23 | 486.85 |
| प्रतिशत में | 2.25 | 2.09 |

सोना 1,47,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,30,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 28 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ी, प्रमुख उद्योगों को प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस्पात और वाहन क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अब कुल कोटा बढ़कर युद्ध शुरू होने से पहले की मांग के 70 प्रतिशत स्तर पर पहुंच गया है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्देश दिया है कि इस अतिरिक्त आपूर्ति में इस्पात, वाहन, कपड़ा, रंग, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए। ये क्षेत्र अन्य आवश्यक उद्योगों के लिए आधार का काम करते हैं।

### कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर प्रति खेप मूल्य सीमा समाप्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक अप्रैल से कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर लागू मूल्य सीमा को हटाने की घोषणा की। वर्तमान में प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा लागू है। इस कदम से छोटे निर्यातकों और ईकॉमर्स आधारित निर्यात को मदद मिलने की उम्मीद है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा, कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर प्रति खेप मूल्य सीमा एक अप्रैल 2026 से समाप्त कर दी जाएगी। बजट में सरकार ने कूरियर निर्यात पर प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा की थी।

# विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता

## वित्त विधेयक पर तीखी चर्चा, भाजपा सांसद ने कहा- सरकार ने कर आतंकवाद समाप्त किया

- कांग्रेस ने कहा- केंद्र की ओर से आम लोगों पर लादा जा रहा करों का बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में शुक्रवार को वित्त विधेयक, 2026 ओर विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026 पर एक साथ चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार पर बजट में जरूरतमंदों की अनदेखी करने का आरोप लगाया जबकि सत्तापक्ष ने कहा कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है।

गुजरात से कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वित्त विधेयक में सरकार ने जरूरतमंदों, किसानों और महिलाओं का ध्यान नहीं रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि जहां आयकर के प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़ा था वहीं जीडीपी के अनुपात में कॉरपोरेशन कर में कमी आई है। इसका मतलब है कि कर का बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है और उद्योगों को राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वित्त विधेयक में साल 2047 तक गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्टी सिटी को कर में छूट दी गई है, जहां बड़े-बड़े लोग रहते हैं, लेकिन आम लोगों की, किसानों और महिलाओं को कोई राहत नहीं दी गयी है। कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गोहिल ने आरोप लगाया कि सरकार उपकर और अधिभार लगाकर घोषित उद्देश्य से इतर उसका इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के संजय सेठ ने कहा कि भारत इस समय सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। आज पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिये गए हैं जबकि भारत में उत्पाद शुल्क कम करके इनके दाम नहीं बढ़ने दिए गए हैं। यह दिखाता है कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है जो सरकार में लोगों के विश्वास को दिखाता है। सरकार ने कर आतंकवाद को समाप्त कर व्यवसायियों को कर मुक्त किया है।



राज्यसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान बोलते तृणमूल सांसद डेरेक ओब्रायन।

### वित्त मंत्री भरोसा दिलाए, विधानसभा चुनाव के बाद भी नहीं बढ़ाए जाएंगे डीजल और पेट्रोल के भाव : तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि उत्पाद शुल्क में कटौती इसलिए की गयी है कि क्योंकि चार राज्यों में चुनाव हैं। यदि सरकार आम लोगों के बारे में सोचती तो पिछले चार साल से रूस से कम कीमत पर कच्चा तेल की खरीद का लाभ उन्हें देती जो नहीं किया गया। उन्होंने वित्त मंत्री से इस बात का आश्वासन मांगा कि चुनाव समाप्त होने के बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने संसद का सत्र होने के बावजूद प्रधानमंत्री के बयान जारी करने के बाद संसद में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा न करने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को इतनी ही चिंता होती तो रसोई गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये नहीं बढ़ाए जाते।

### भारत में धनवानों की दौलत, गरीबों की बढ़ रही है भुखमरी : द्रमुक सांसद

तमिलनाडु से द्रमुक के पी. विल्सन ने कहा कि बजट में आर्थिक असमानता कम करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। एक तरफ धनाढ्य लोगों की संपत्ति बढ़ रही है और दूसरी तरफ भुखमरी की रैंकिंग में भारत लगातार नीचे गिर रहा है। खाद्य सब्सिडी, ईंधन पर सब्सिडी और उर्वरक सब्सिडी कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण पर खर्च कम करके और आम लोगों पर बोझ डालकर राजकोषीय घाटा कम करना गलत है। उन्होंने कहा कि देश की आम गृहणी राजकोषीय घाटे का आंकड़ा नहीं देखती, वह चावल की कीमत देखती है। उन्होंने केंद्र पर तमिलनाडु के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कई फंड सिर्फ कागज पर हैं, लेकिन राज्य को कोई पैसा नहीं मिला है। पिछले पांच साल में राज्य को कुछ भी नहीं दिया गया है जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता देगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा, 698.3 अरब डॉलर पर आया



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.63 अरब डॉलर रह गया।

### चांदी 11,250, सोना 1,900 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** वैश्विक उथलपुथल के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं में पांच प्रतिशत तक गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछली बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स को दिया गया 14.93 करोड़ रुपये के आयकर का नोटिस

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट प्रशिक्षण समाधान प्रदान करने वाली एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड (एनआईआईटी एमटीएस) को आयकर विभाग से आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 14.93 करोड़ रुपये की मांग को लेकर नोटिस मिला है।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को जानकारी दी, आयकर विभाग की आकलन इकाई ने वर्ष 2023-24 के लिए 14,93,39,220 रुपये (ब्याज सहित) की राशि की मांग को लेकर नोटिस जारी किया है। कंपनी ने कहा कि यह नोटिस गणना में स्पष्ट गलती के कारण आई है, जिसमें पहले से भरे गए करों का सही क्रेडिट शामिल नहीं था। कंपनी ने कहा, इससे उसके वित्तीय परिणामों या कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा।

## आईफोन यूजर भी एक फोन पर चला सकेंगे दो व्हाट्सएप खाते

- व्हाट्सएप ने यूजर्स के लिए कई और भी नई सेवाएं पेश कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने कई नई सेवाएं शुक्रवार को पेश कीं। इनके तहत एप्पल आईफोन यूजर अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा तस्वीर संपादन और संदेश लिखने के लिए नए एआई उपकरण भी जोड़े गए हैं।

कंपनी ने कहा कि 'टू अकाउंट्स, वन फोन' सेवा जो पहले केवल एंड्रॉयड यूजर्स के लिए उपलब्ध थी अब आईओएस पर भी शुरू की जा रही है। व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि इस अपडेट के बाद यूजर्स को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एप के नीचे वाले 'टैब' में दिखाई देने वाली प्रोफाइल तस्वीर के जरिये यूजर सक्रिय खाते की पहचान कर सकेंगे। जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआई के बढ़ते उपयोग के बीच व्हाट्सएप ने मेटा एआई को सीधे चैट में एकीकृत किया है।

एआई उपकरण से जुड़ी संभावित सुरक्षा चिंताओं पर कंपनी ने जोर देते हुए कहा कि यूजर्स की चैट पूरी तरह निजी रहेंगी। कंपनी ने यह भी कहा कि मेटा एआई सेवाएं सभी यूजर्स को तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाएंगी। नई सेवाओं में प्रेडिक्टिव स्टिकर के सुझाव भी शामिल हैं। टाइप करते समय इमोजी के स्थान पर सुझाया गया स्टिकर इस्तेमाल किया जा सकेगा। व्हाट्सएप ने कहा, नई सेवाएं चरणबद्ध तरीके से जल्द ही सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध होंगी।

### तस्वीर भेजने से पहले कर सकेंगे एडिट

यूजर अब किसी तस्वीर को भेजने से पहले तस्वीर में सुधार कर सकते हैं, अनचाहे तत्व हटा सकते हैं, पृष्ठभूमि बदल सकते हैं या अलग-अलग शैली लागू कर सकते हैं। । इसके साथ क्रॉस-प्लेटफॉर्म चैट ट्रांसफर भी आसान बना दिया गया है। अब मंच आधिकारिक तौर पर आईओएस से एंड्रॉयड डिवाइस पर चैट हिस्ट्री (तस्वीर व वीडियो सहित) स्थानांतरित करने का समर्थन करता है।

## श्रमिक संगठन एक अप्रैल देश भर में को मनाएंगे काला दिवस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की चार श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लेते हुए एक अप्रैल 2026 को काला दिवस के रूप में मनाने का शुक्रवार को आह्वान किया है।

सरकार ने वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 समेत चार श्रम संहिताओं को 21 नवंबर 2025 को लागू किया है। इसके विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों के मंच ने श्रमिक संघों से एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसी दिन केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं के लागू करने को लेकर नियमों को अधिसूचित करने की घोषणा की है।

## यूपी सरकार का बेंगलुरु के स्टार्टअप के साथ 25,000 करोड़ का समझौता रद्द

- कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए किया था समझौता
- सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देकर किया रद्द

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए स्टार्टअप पुच एआई के साथ हस्ताक्षर किए गए 25,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

इन्वेस्ट यूपी की तरफ से बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच के जरिए दी गई जानकारी में कहा गया है, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुसार 23 मार्च 2026 को पुच एआई के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की समीक्षा की गई। निवेशक से आवश्यक विवरण मांगे गए, लेकिन वे समय पर उन्हें उपलब्ध कराने में विफल रहे।

बयान के अनुसार, उचित जांच पड़ताल से पता चला कि परियोजना के पैमाने के लिए निवेशक के पास पर्याप्त संपत्ति और विश्वसनीय वित्तीय व्यवस्था नहीं हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार समझौता ज्ञापन से रद्द कर दिया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा गया है, उत्तर प्रदेश सरकार के मूल सिद्धांतों, पारदर्शिता और राजकाज में उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा के हित में समझौता ज्ञापन रद्द किया गया है।

## वैधता खत्म होने के बाद भी डीएल में 30 दिन की छूट

- जन विश्वास विधेयक में शामिल किया गया राहत देने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी। इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

यह प्रस्ताव जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 का हिस्सा है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, अधिनियम के तहत 20 संशोधन प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य अधिनियम के कुछ नियमों में राहत देना और कानूनी अस्पष्टताओं को दूर करना है। विधेयक के प्रस्ताव के अनुसार, अब वाहन का पंजीकरण पूरे राज्य में किया जा सकेगा, किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। इसके अलावा, यदि ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तो लाइसेंस नवीनीकरण की तारीख से प्रभावी होगा, न कि समाप्ति की तारीख से। विधेयक में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी, इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

### पंजीकरण रद्द करने की सूचना के लिए 30 दिन

इसके अलावा, विधेयक में वाहन पंजीकरण रद्द करने की सूचना देने की समय सीमा को 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रस्ताव है। इसी तरह, बीमा प्रमाणपत्र के हस्तांतरण के संबंध में बीमा कंपनी को जानकारी देने की अवधि भी 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रावधान शामिल है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुकेश अंबानी के खिलाफ जांच की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी**



- ओएनजीसी के बेसिन क्षेत्रों से अवैध रूप से गैस निकालने का था आरोप


बंबई हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का अवैध रूप से निकाला गया है।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। जितेंद्र मारू के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 2004 से 2013 के बीच बड़े पैमाने पर संगठित धोखाधड़ी करते हुए अपने अनुबंधित गहरे समुद्री कुओं से ड्रिलिंग कर ओएनजीसी के क्षेत्रों के पास स्थित कुओं से अवैध रूप से प्राकृतिक गैस निकाली। याचिका में दावा किया गया कि ओएनजीसी ने 2013 में इस अनधिकृत दोहन का पता लगाया था और इसकी सूचना भारत सरकार को दी थी।

जितेंद्र मारू ने याचिका में परामर्श कंपनी डीगोलियर एंड मैकनॉटन द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ए. पी. शाह समिति की रिपोर्ट का हवाला दिया। इन रिपोर्टों में निष्कर्ष निकाला गया था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ओएनजीसी के भंडार से गैस निकाली थी।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**











# दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें

## भाजपा-टीएमसी के बीच चुनावी हिंसा के लिए दोनों क्षेत्र बदनाम

**कूचबिहार, एजेंसी**

उत्तर बंगाल में कूचबिहार जिले के दिनहाटा और शीतलकुची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तारीख 23 अप्रैल जैसे-जैसे करीब आ रही है, लोगों के बीच बेचैनी बढ़ने लगी है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के गढ़ माने जाने वाले इन इलाकों में लोग इसलिए आशंकित हैं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच छोटे-छोटे झगड़े कब बम और गोलियों के साथ बड़े सड़क संघर्ष में बदल जाएं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

दिनहाटा सीट से टीएमसी के मौजूदा विधायक व उत्तर बंगाल के विकास मंत्री उदयन गुहा फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता और छह बार विधायक रहे कमल गुहा के पुत्र हैं जो 2011 से लगातार तीन बार विधायक हैं। साल 2021 में गुहा केवल 57 वोट से प्रमणिक से हार गए थे, लेकिन उपचुनाव में उन्होंने 1.6 लाख से अधिक मतों के अंतर और 84 प्रतिशत वोट हासिल करके वापसी की। साल 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान दिनहाटा में गुहा पर हमला हुआ था, जिसमें उनका हाथ टूट गया था। उन्होंने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था।



- चुनावी के दौरान बम-गोली और आगजनी की घटना सामान्य बात

साल 2023 के पंचायत चुनावों में गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मार्च 2025 में टीएमसी समर्थकों ने कूचबिहार दक्षिण से भाजपा के विधायक निखिल रंजन डे की कार पर दिनहाटा में हमला किया। अगस्त 2025 में दिनहाटा के सालमारा इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में तोड़फोड़ की गई और कई लोग घायल हुए।

### इस बार एसआईआर को लेकर भी तनाव

इस तनावपूर्ण माहौल में एसआईआर को लेकर नया असंतोष उभर रहा है। इस प्रक्रिया के तहत लगभग 26,000 नाम या तो मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं या जांच के अधीन हैं। प्रभावित लोगों में 51 पूर्व बांग्लादेशी बस्ती के निवासी भी शामिल हैं, जिन्हें 2015 में भारत और पड़ोसी देश के बीच हुए ऐतिहासिक बस्ती आदान-प्रदान के बाद भारतीय नागरिक बनाया गया था। निर्वाचन आयोग के सामने इस बार भी हिंसामुक्त चुनाव कराने की बड़ी चुनौती है।

साल 2021 के चुनाव में दिनहाटा जैसा ही माहौल पास के शीतलकुची में भी दिखा था, जहां मतदान के दिन हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी। शीतलकुची के जोरपाटकी गांव में सीआईएसएफ के जवानों की गोलीबारी में चार युवकों की मौत हो गई थी। उसी दिन एक भाजपा समर्थक की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### चुनाव के रंग



तिरुवनंतपुरम में मतदाताओं के बीच सीपीआई एम नेता बृंदा करात।



हावड़ा में रामनवमी पर चुनाव प्रचार करते भाजपा प्रत्याशी रूद्रानिल।

## भाजपा सत्ता में लौटी तो असम में मियां समुदाय की कमर तोड़ देंगे : हिमंत

**ढाकुआखाना।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी मियां समुदाय की कमर तोड़ देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार एक मजबूत असमिया समाज के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए।

## डीजल-पेट्रोल पर अभी घटाया शुल्क चुनाव बाद सामने आएगी असलियत

- कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर कसा तंज, कहा- 30 अप्रैल तक इंतजार करें लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तेल विपणन कंपनियों की मदद के लिए पेट्रोल और डीजल पर सरकार की ओर से उत्पाद शुल्क घटाए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह घोषणा चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण की गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि लोगों को 30 अप्रैल तक का इंतजार करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे एवं अंतिम चरण का चुनाव संपन्न होगा। सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कच्चे तेल की वैश्विक स्तर पर बढ़ती कीमतों से निपटने में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) जैसी तेल विपणन कंपनियों की मदद करने के लिए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें गिरीं, जैसा कि पिछले 12 वर्षों में सात अलग-अलग मौकों पर हुआ, भारत में उपभोक्ता कीमतें कम नहीं हुईं। आज की घोषणा विधानसभा चुनाव के कारण है, 30 अप्रैल तक इंतजार करें।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अगर आपने सोचा है कि सरकार ने आपकी जेब को राहत दी है तो आप गलत हैं। फिलहाल, डीलरों और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें समान हैं।

## तमिलनाडु: अन्नाद्रमुक ने जारी की 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2021 के चुनावों में जीत हासिल की थी। अन्नाद्रमुक ने इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता थंजई एन गणेशराज को उतारा है। इससे पहले नागेंद्रन ने कहा था कि वह विरुधुनगर जिले की सत्तूर सीट से चुनाव लड़ेंगे। तमिलनाडु में राजग का नेतृत्व कर रही अन्नाद्रमुक 169 सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने पहली सूची में 23 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी।



हावड़ी में अपने क्षेत्र की गली में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी उमेश राय।

### कमल के चुनाव चिह्न पर लड़ेगी टीएमसी एम

**चेन्नई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन ने तमिल मनिला कांग्रेस (मूपनार) को आवंटित पांच सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए, जो राजग का घटक दल है। सांसद पारिवेंधर नीत इंडिया जननायक काची (आईजेके) ने दो प्रत्याशियों की घोषणा की। वासन ने कहा कि टीएमसी (एम) भाजपा के कमल चुनाव चिह्न पर लड़ेगी, आईजेके अन्नाद्रमुक के चिह्न दो पत्तियों पर उतरेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत

**हनालेई।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे। कलालाऊ तट दुर्गम क्षेत्र है जहां पैदल या नाव से ही पहुंचा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य को इलाज के लिए विलकॉक्स मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

### मिसेज साउथ अफ्रीका विरुस्का ने पद छोड़ा

**जोहानिसबर्ग।** प्रतियोगिता के 24 साल के इतिहास में 'मिसेज साउथ अफ्रीका' का ताज पहनने वाली भारतीय मूल की पहली महिला विरुष्का सिंह ने, ताजपोशी के महज चार महीने बाद ही व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों" का हवाला देते हुए अपना पद छोड़ दिया है। नवंबर 2025 में सिंह की जीत को दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा गया था। उनतालीस वर्षीय 'केमिकल इंजीनियर' और जलवायु परिवर्तन सलाहकार ने अपने इस फैसले के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया। सिंह ने एक बयान में कहा कि मैं इस मंच पर सेवा करने के अवसर और उन अविश्वसनीय महिलाओं के साथ खड़े होने का जो सौभाग्य मिला, उसके लिये आभारी हूं। यह निर्णय मेरा अपना है।

### अरुंधति को क्रिटिक्स सर्कल पुरस्कार

**वॉशिंगटन।** नोबेल पुरस्कार विजेता हान कांग के एक उपन्यास, कृत्रिम मेधा (एआई) एवं ओपनएआई पर करेन हाओ के शोध और लेखिका अरुंधति रॉय के एक संस्मरण को अमेरिका के वार्षिक नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हान का उपन्यास वी डू नॉट पार्ट कोरियाई मुख्यभूमि के दक्षिण में स्थित जेजू द्वीप में 1948-1949 के विद्रोह की कहानी है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इस उपन्यास का अनुवाद ई. येवोन और पैज अनियाह मॉरिस ने किया है। पुरस्कारों की कथा समिति की अध्यक्ष हीथर स्कॉट पार्टिंगटन ने इस उपन्यास के बारे में कहा कि इसकी कहानी एक असरदार और थाम लेने वाले सपने की तरह मन में बस जाती है। लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी का पुरस्कार लेखिका एवं पत्रकार फ्रांसेस फिट्जगेराल्ड को दिया गया।

### पाकिस्तान में लगे 5.1 तीव्रता भूकंप के झटके

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल गए। थाना प्रभारी करीम शाह ने कहा कि भूकंप के झटके तेज़ थे और पूरे शहर में महसूस किए गए। किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मेक्सिको की खाड़ी में तेल रिसाव फैला

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में हुआ तेल रिसाव 600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गया, जिसमें सात प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र भी शामिल हैं। मेक्सिको के अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक अज्ञात जहाज और दो प्राकृतिक रिसाव स्रोतों से हुआ है। हालांकि, अधिकारियों ने पूर्वी राज्य वेराक्रूज के तट के पास हुए रिसाव से गंभीर पर्यावरणीय क्षति की आशंका से इनकार किया है।

# कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा को किया बरी

- कोर्ट ने उनके बेटे और पूर्व कोयला सचिव को भी किया आरोपमुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित एक मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश या कदाचार का कोई सबूत न मिलने के बाद बरी कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने मनोज कुमार जायसवाल और मैसर्स एएमआर आयरन एंड स्टील प्रालि. को भी बरी कर दिया।

सीबीआई ने कथित कोयला घोटाले के संबंध में 50 से अधिक मामले दर्ज किए थे। मौजूदा मामला महाराष्ट्र के बांदर में कोयला ब्लॉक आवंटन के संबंध में संघीय एजेंसी द्वारा दाखिल किए गए पहले आरोपपत्र से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एएमआर आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय को कोयला ब्लॉक का आवंटन प्राप्त करने के लिए गुप्ता के साथ साजिश रचते हुए आवेदन में झूठी जानकारी प्रस्तुत की थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि महाराष्ट्र से तत्कालीन राज्यसभा सदस्य दर्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर कंपनी को कोयला ब्लॉक आवंटित करने की सिफारिश की थी। हालांकि, अदालत ने सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया।

## बहुत गंभीर और जटिल समस्या

भारत में मानव तस्करी एक ऐसी सामाजिक और कानूनी चुनौती बनकर उभरी है, जिसने न केवल राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक जटिल जाल बुन लिया है। हाल ही में सीबीआई द्वारा मुंबई से एक कुख्यात सरगना, सुनील नेल्लथु रामकृष्णन उर्फ कृष, की गिरफ्तारी ने इस घिनौने व्यापार के एक नए और भयावह चेहरे को बेनकाब किया है। मानव तस्करी केवल देह व्यापार या बंधुआ मजदूरी तक सीमित नहीं रह गई है। अब इसका विस्तार साइबर गुलामी और युद्ध क्षेत्र में जबरन भर्ती जैसे नए क्षेत्रों में हो गया है। यह अपराध आधुनिक दासता का ही एक रूप है, जहां इंसानों को एक वस्तु की तरह खरीदा और बेचा जाता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे कारणों के साथ अब सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को इस जाल में फंसाया जा रहा है।

## भारत में मानव तस्करी



### मुख्य कारण

- गरीबी और आर्थिक असमानता : जीविका के अवसरों की कमी लोगों को तस्करों के जाल में फँसा देती है।
- शिक्षा और जागरूकता का अभाव : ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोग अधिकारों और तस्करों के हथकंडों से अनजान होते हैं।
- रोजगार का लालच : बड़े शहरों या विदेशों में आकर्षक नौकरी दिलाने के बहाने युवाओं और महिलाओं को फुसलाया जाता है।
- सामाजिक कारण : लिंग आधारित भेदभाव और कुछ क्षेत्रों में असंतुलित लिंग अनुपात के कारण 'दुल्हन की खरीद-फरोख्त' जैसे मामले सामने आते हैं।

### समस्या की गंभीरता

- व्यापकता : अनुमानों के अनुसार, भारत में 20 से 65 मिलियन लोग मानव तस्करी से प्रभावित हो सकते हैं। ● सर्वाधिक प्रभावित : तस्करी के शिकार लोगों में लगभग 71% महिलाएँ और लड़कियाँ हैं।
- अपराध की स्थिति : वर्ष 2022 में भारत सरकार ने आईपीसी के तहत 2,250 तस्करी के मामलों की जांच की। ● न्यायिक चुनौती : तस्करी के मामलों में बरी होने की दर काफी अधिक है। साल 2022 में यह दर 81 प्रतिशत थी।

### क्या है साइबर गुलामी

- तस्करी का यह नया रूप बेहद खतरनाक है। पीड़ितों को थाईलैंड में डेटा एंट्री या कस्टमर केयर की नौकरी का झांसा दिया जाता है। बैंकॉक पहुंचने पर उन्हें अवैध रूप से म्यांमार की सीमा पार कराई जाती है। वहां उन्हें सशस्त्र गार्डों की निगरानी में रखा जाता है और भारतीयों या अन्य देशों के लोगों को डिजिटल फ्रॉड के जरिए ठगने के लिए मजबूर किया जाता है।

### संवैधानिक और कानूनी कवच

- संवैधानिक प्रावधान : अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और जबरन श्रम को पूरी तरह प्रतिबंधित करता है।
- भारतीय न्याय संहिता 2023 : नई संहिता की धारा 143 के तहत तस्करी को दंडनीय बनाया गया है।
- अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपीए), 1956 : यौन शोषण के लिए तस्करी रोकने का मुख्य कानून।
- पॉक्सो अधिनियम, 2012 : बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है।

### समाधान के कदम

- हर साल 30 जुलाई को विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया जाता है। ● तस्करों के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियां छापे मार रही हैं। ● तस्करी से बचाए गए लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, कानूनी सहायता और कौशल विकास की आवश्यकता है।

# रैपर से नेता बने बालेन ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

## मधेश क्षेत्र से नेपाल के प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति और सबसे युवा नेता

- राष्ट्रपति आवास पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने दिलाई शपथ

**काठमांडू, एजेंसी**



नेपाल में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन के कारण के पी शर्मा ओली नीत सरकार के सत्ता से अपदस्थ होने के छह महीने बाद शुक्रवार को बालेंद्र शाह 'बालेन' ने नेपाल के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। रैपर से नेता बने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के 35 वर्षीय नेता ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में अपराह्न 12 बजकर 34 मिनट पर 'शुभ मुहूर्त' में शपथ ली।

बालेन नेपाल में इस पद के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुने गए सबसे युवा नेता हैं और वह मधेश क्षेत्र से प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उन्हें राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 76 (1) के अनुसार 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को नियुक्त किया। बालेन के अलावा, शुक्रवार को आयोजित समारोह में कई अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। स्वर्णिम वागले ने वित्त मंत्री, शिशिर खनाल ने विदेश मंत्री और सूडान गुरुंग ने गृह मंत्री के रूप में शपथ ली। बालेन रक्षा मंत्रालय, उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्रालय का भी कार्यभार संभालेंगे।

वह पूर्व प्रधानमंत्री ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पिछले साल सितंबर में सत्ता से बेदखल होने के बाद शपथ लेने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित पहले प्रधानमंत्री हैं। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाला 'जेन-जेड' विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके बाद ओली सरकार गिर गई। बालेन के शपथग्रहण समारोह में हिंदू और बौद्ध धार्मिक परंपराओं का अनोखा संगम देखने को मिला। समारोह में विस्तृत धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान सात ब्राह्मणों ने शंखनाद किया, 108 हिंदू बटुकों या युवा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया या स्वस्ति वाचन किया और 107 लामाओं ने मंगल वाचन अथवा बौद्ध धर्मग्रंथों का पाठ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बालेंद्र शाह को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने के वास्ते उत्साहित हैं।

### भारत-नेपाल मित्रता होगी और मजबूत : मोदी

मोदी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि बालेंद्र शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में जताए गए विश्वास को दर्शाती है। मैं हमारे दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल मित्रता एवं सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आपके साथ निकटता से काम करने के वास्ते उत्साहित हूं। पांच मार्च को हुए आम चुनाव में काठमांडू के पूर्व महापौर ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से ओली को भारी अंतर से हराया था। आरएसपी ने चुनाव में प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीट में से 182 सीटों पर कब्जा करके प्रचंड विजय हासिल की।

### नवगठित सरकार ने कार्की आयोग की रिपोर्ट लागू करने का लिया निर्णय

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने गौरी बहादुर कार्की आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया है और इसमें शामिल सिफारिशों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई शुरू करने की घोषणा की है। समाचार पत्र कांतिपुर की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया कि आयोग द्वारा 23 और 24 भाद्र की घटनाओं पर प्रस्तुत रिपोर्ट को लागू किया जायेगा। साथ ही, सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित पहलुओं पर आगे अध्ययन के लिए एक अतिरिक्त समिति गठित की जायेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि आयोग की अन्य सिफारिशों को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाएगा, जबकि सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# अल फलाह समूह अध्यक्ष को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली में 45 करोड़ रुपये की जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने से जुड़े धन शोधन के एक नए मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को फिर से गिरफ्तार किया है। सिद्दीकी (61) को पहली बार नवंबर 2025 में संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया था, जो उसके शिक्षण संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छात्रों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है।

फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित विश्वविद्यालय 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े एक सफेश पोश आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान संदेह के घेरे में आया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी। विश्वविद्यालय से जुड़े अस्पताल के चिकित्सकों में से एक, डॉ. उमर-उन-नबी पर इस मामले में आत्मघाती हमलावर होने का आरोप है। उसी दिन विस्फोटक से भरी कार चलाते समय उसकी मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिद्दीकी को नवीनतम मामले में 24 मार्च को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया गया था, जहां वह ईडी और दिल्ली पुलिस के मामलों में न्यायिक हिरासत में है।

# एनआईए को जांच पूरी करने को 45 दिन का और समय

- लाल किला विस्फोट केस में कई आरोपियों की हिरासत भी बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के संबंध में अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने एजेंसी को अतिरिक्त समय दिया और कई आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी। अब तक आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस मामले में 11 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले, 23 मार्च को एजेंसी ने समय बढ़ाने के लिए याचिका दायर की थी और इसका एक कारण यह था कि फरवरी में हुई नयी गिरफ्तारियों के कारण उसे पूरी साजिश की जांच के लिए और समय चाहिए। पिछले महीने एनआईए ने दिल्ली बम विस्फोट से संबंधित साजिश में सक्रिय रूप से शामिल होने के आरोप में जम्मू कश्मीर से जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट को गिरफ्तार किया था। उसी दिन एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन में कहा गया कि कई आरोपियों को उनके डिजिटल उपकरणों से हासिल की गयी कट्टरपंथी सामग्री की व्याख्या करने के लिए आमने-सामने पूछताछ करने की आवश्यकता है। उसमें कहा गया कि यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक विशेषज्ञ से अनुरोध किया गया कि वह कट्टरपंथी सामग्री का गहन विश्लेषण करने के बाद एक व्याख्या रिपोर्ट प्रदान करें, ताकि अरबी भाषा में लिखी गई इन सामग्री की कट्टरपंथी या चरमपंथी प्रकृति का पता लगाया जा सके, जिनका उद्देश्य हिंसक जिहाद को बढ़ावा देना या प्रचारित करना और घरेलू रोजमर्रा की वस्तुओं और रसायनों के माध्यम से बम तैयार करना है।

### व्हाट्सएप समूहों की पूरी की गई पहचान

एजेंसी ने कहा कि आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए व्हाट्सएप समूहों की पहचान कर ली गई है और व्हाट्सएप समूह एजीयूएच (अंसार गजवत उल हिंद) के सदस्यों की पहचान से संबंधित जांच चल रही है। कहा गया है कि कानूनी निगरानी से प्राप्त विवरणों के संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। छह आरोपियों के संबंध में जांच रिपोर्ट का विवरण देते हुए कहा गया कि आमिर राशिद मीर ने वह पुरानी कार खरीदी थी, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमले को अंजाम देने वाला डॉ. उमर कर रहा था।

# मंदिरों से चोरी की गईं मूर्तियां भारत को लौटाएगा अमेरिका

- तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गई थीं तीन प्राचीन मूर्तियां

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका स्थित स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गईं तीन प्राचीन मूर्तियां भारत को लौटाएगा। इन मूर्तियों को भारत के मंदिरों से चुराए जाने की बात शोध से स्थापित हो जाने के बाद यह फैसला किया गया।

अमेरिका में भारतीय दूतावास की उप प्रमुख नामग्या खम्पा ने नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी की संत सुंदरार के साथ परवी की मूर्ति की वापसी के लिए यहां 'नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट' (एनएमएए) के निदेशक चेस रॉबिन्सन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट से तीन अमूल्य प्राचीन वस्तुएं भारत वापस भेजी जा रही हैं: नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी में संत सुंदरार के साथ परवी का चित्रण।

उसने बताया कि इन प्राचीन वस्तुओं की उत्पत्ति से जुड़े शोध के बाद संग्रहालय ने पाया कि इन्हें भारत से अवैध रूप से हटाया गया था।

शिव और उमा की मूर्ति, जिसे सोमस्कंद भी कहा जाता है और परवी के साथ संत सुंदरार की मूर्ति 1987 में आर्थर एम सैकलर द्वारा संग्रहालय को दान किए गए संग्रह का हिस्सा थीं।

# दिल्ली विस को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली और इसकी सूचना पुलिस आयुक्त को दे दी गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में यह बात कही। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा में विस्फोट की धमकी देने वाले ईमेल की जांच के लिए पुलिस अधिकारी शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे थे। ये ईमेल 24 मार्च एवं 26 मार्च के बीच प्राप्त हुए थे। गुप्ता ने कहा कि पुलिस से मामले की जांच में कोई ढिलाई न बरतने का अनुरोध किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ईमेल अलग-अलग संगठनों ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिया गया है कि सीसीटीवी कैमरों से पर्याप्त निगरानी की जाए और रिकॉर्ड रखने के लिए कंप्यूटरीकृत प्रवेश व्यवस्था रखी जाए।

# पश्चिम एशिया संकट पर भारत-कनाडा में वार्ता

- विदेशमंत्री जयशंकर की कनाडा की समकक्ष से हुई मुलाकात

**पेरिस, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने फ्रांस में जी7 बैठक के इतर मुलाकात कर पश्चिम एशिया संकट और उसके परिणामों पर प्रमुखता से चर्चा की। जयशंकर जी7 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे।

कनाडा की विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने एवं जयशंकर ने जी7 बैठक से इतर मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में हमारी भारत यात्रा के दौरान हमारे प्रधानमंत्रियों द्वारा आगे बढ़ाई गई साझेदारी पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, पश्चिम एशिया में स्थिति और महत्वपूर्ण खनिज, कृषि एवं शिक्षा सहित उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें सहयोग को और गहरा किया जा सकता है। जयशंकर दो दिवसीय जी7 बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करेंगे जिसमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रहे।

ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आवाजाही होती है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यापार में आपको सावधानी रखनी चाहिए। पुराने विवाद पुनः उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा।

**तुला** — आज महत्वपूर्ण सौदों के लिए समय बहुत ही शुभ है। कार्यक्षेत्र में अधिकारों में वृद्धि होगी। रुके हुए काम बन सकते हैं।

**वृष** — आज जॉब में परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बन सकती हैं। परिवार के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे।

**मिथुन** — आज अधिकारियों के साथ टकराव हो सकता है। विदेश जाने के अवसर प्राप्त होंगे। धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखें।

**धनु** — आज करियर को लेकर थोड़ी चिंता और व्यग्रता रहेगी। लेन-देन को लेकर सावधानी रखें। आय और व्यय में संतुलन रखें।

**कर्क** — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। निजी रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। धन से संबंधित समस्याओं का निवारण होगा।

**मकर** — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। समस्याओं का समाधान मिलेगा। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**सिंह** — आज किसी पर अधिक विश्वास न करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें। शराब के सेवन से दूर रहें।


**कुंभ** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति में आपको लाभ होगा। आभूषणों पर आप धन खर्च करेंगे।

**कन्या** — आज आसपास के लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। मित्रों की सहायता करने से पीछे न हटें। मन की कोई दुविधा दूर होगी।

**मीन** — आज कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंध में भी निजता का ध्यान रखें। बोलने से पहले आपको सोचना चाहिए।

## आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 08.45 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुष्य 14.50 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

## सुडोकू -102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

## गंभीर समस्या

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में सदस्यों के सवाल पर दी जानकारी

# देश में रेलवे की 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि देशभर में भारतीय रेल की लगभग 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है, जो कुल 4.99 लाख हेक्टेयर भूमि का करीब 0.21 प्रतिशत है।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे की कुल भूमि में से लगभग 80 प्रतिशत पटरियों के पास और 5 प्रतिशत उसके आसपास है तथा शेष 15 प्रतिशत भूमि स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे की लगभग 0.21 प्रतिशत भूमि पर अवैध अतिक्रमण है। मंत्री ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन हर बार मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है, क्योंकि रेलवे की भूमि पर झुग्गियां मुख्य रूप से गरीब लोगों द्वारा बसाई गई हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे भूमि की सुरक्षा के लिए कई तकनीकी कदम उठाए गए हैं, जिनमें भूमि का पूर्ण डिजिटलीकरण और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को पोर्टल पर उपलब्ध कराना शामिल है।



मंत्री ने कहा कि प्रत्येक भूखंड का उचित मानचित्रण कर उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित किया गया है और ड्रोन व सैटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण भी किया गया है। इससे नए अतिक्रमण को काफी हद तक रोकने में मदद मिली है।

उन्होंने सूरत का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भूमि खाली कराई गई और विकास कार्य आगे बढ़ाया गया।

### हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में आई काफी कमी

रेल मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में काफी कमी आई है और यह लगभग रुक गया है, जबकि पुराना अतिक्रमण मुख्य चुनौती बना हुआ है। मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 98.02 हेक्टेयर रेलवे भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी भूमि का उपयोग बुनियादी ढांचा विकास कार्यों के लिए किया जा रहा है।

# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखेंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे।



> इस साल हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच अधिक अंतर नहीं होने के बावजूद भारतीय पुरुष हॉकी टीमें अलग-अलग नहीं उतारी जाएगी। दोनों टूर्नामेंट में टीम एक ही रहेगी।
>
> –क्रेग फुल्टोन, हॉकी टीम के मुख्य कोच


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

अयोध्या, शनिवार, 28 मार्च 2026


**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

बनाम

सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे



# वैभव का सूर्य टीम इंडिया में चमकने को तैयार

खेल डेस्क

- **27 मार्च को 15 वर्ष की उम्र के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पदार्पण का आईसीसी मानक पूरा किया**
- **आईपीएल-2025 में डेब्यू करने के बाद 35 गेंदों पर शतक जड़कर खूब बटोरी थीं सुर्खियां**

**अमृत विचार।** महज 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल डेब्यू कर सुर्खियां बटोरने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रास्ते खुल गए हैं। 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी अब 15 साल के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की पात्रता पूरी कर ली है। यानी अब वह कभी भी भारत के लिए खेलते नजर आ सकते हैं।

दरअसल, अब तक वैभव सूर्यवंशी के अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के रास्ते में आईसीसी का एक अहम नियम 'खिलाड़ियों की सुरक्षा' बाधा बना हुआ था। इस नियम के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए कम से कम 15 साल का होना जरूरी है। यह नियम 2020 में खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया था।

### तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

वर्ष 2020 में पहली बार आईसीसी ने न्यूनतम आयु की आवश्यकता निर्धारित की थी। इससे पहले पाकिस्तान के हसन रजा ने 1996 में 14 वर्ष और 227 दिन की उम्र में डेब्यू कर सबसे कम उम्र के पुरुष टेस्ट क्रिकेटर होने का रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि रजा का रिकॉर्ड अब भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन वैभव सूर्यवंशी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को अब भी तोड़ सकते हैं। सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था।

### सूर्यवंशी के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड

- आईपीएल ऑक्शन में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। नवंबर 2024 में हुए ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा था। तब वो सिर्फ 13 साल 8 महीने के थे।
- वैभव ने जब आईपीएल 2025 में अपना डेब्यू किया तो वो इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तब उनकी उम्र सिर्फ 14 साल 23 दिन के थे।
- आईपीएल में सबसे कम उम्र का शतक लगाने का रिकॉर्ड भी वैभव के नाम है। उन्होंने 14 साल और 32 दिन की उम्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में ये शतक लगाया था। जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। पहला नाम क्रिस गेल का है जिन्होंने महज 30 गेंदों पर सैकड़ा लगाया था।
- वैभव के नाम अंडर 19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे तेज शतक और सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 80 गेंदों पर 175 रन ठोके थे।
- रोज कम से कम 600 गेंदें खेलकर उन्होंने उसे सफलता की सीढ़ी।

## हाईलाइट

### ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया

**तेहरान।** ईरान ने अपनी खेल टीमों को उन देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह शत्रु मानता है। ईरान के सरकारी टीवी ने सऊदी अरब में उनके देश के फुटबॉल क्लब ट्रैक्टर एफसी के निर्धारित मैच से पहले गुरुवार को यह जानकारी दी। तेहरान में ईरान के खेल मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंध में विश्व कप फुटबॉल का कोई जिक्र नहीं किया गया है जो 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू हो रहा है। मंत्रालय के बयान में दुबई के शबाब अल अहली के खिलाफ सऊदी अरब में होने वाले ट्रैक्टर एफसी के मैच का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। यह एशियाई चैंपियंस लीग एलीट का प्लेऑफ मैच है।

### इटली ने उत्तरी आयरलैंड को हराया

**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी मंगलवार को होने वाले प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

### एमबापे के गोल से फ्रांस ने ब्राजील को हराया

**फॉक्सबोरो (अमेरिका)।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाये। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।

## फिर आया इंडिया का त्योहार, आईपीएल-2026 का आगाज आज से, 10 टीमें आजमाएंगी भाग्य

# आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से यहां शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे।

आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी प्रबंधन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति को बनाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। केएससीए ने स्टेडियम में 11 सीटें स्थायी रूप से खाली छोड़ने की घोषणा की है। इस स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए राज्य सरकार से अनुमति मिलने से पहले कई अनिश्चित महीनों का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के खिलाड़ी पहले मैच के दिन अभ्यास सत्र के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। जहां तक मैच का सवाल है तो आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेज़लवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे।

आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।





बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन। एजेंसी

### मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमश: आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है। सीएसके की टीम महेंद्र सिंह धोनी से संभवत: आखिरी बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी, जिन्होंने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर संशय बनाए रखा है। केकेआर ने टिम सीफर्ट, फिन एलन, रचिन रविंद्र और कैमरन ग्रीन को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी है। कप्तान अजिंक्य रहाणे शीर्ष क्रम में टीम को एकजुट रखने की भूमिका निभाएंगे और उप-कप्तान रिंकू सिंह को उस फिनिशर की भूमिका में ढलना होगा जो आंद्रे रसेल ने 2014 से लेकर पिछले साल संन्यास लेने से पहले तक निभाई थी। गेंदबाजी में उनके पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण के रूप में दो तुरुप के पत्ते हैं, लेकिन उनका तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर है।



### दिल्ली, पंजाब और लखनऊ को पहले खिताब की दरकार

राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स अपने नाम पर एक और खिताब जोड़ने की कोशिश करेंगे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स अपना पहला खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगे। इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर भी नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं। कोहली की चुनौती खुद से भी होगी। जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद उन्हें भरपूर आराम मिल चुका है। रोहित ने भी अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने आईपीएल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी का किसी एक सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 538 रन है। वह अपने इस रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगे और साथ ही मुंबई को उसका छठा खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाना चाहेंगे।

### विराट कोहली अब भी अपने खेल के शिखर पर है : मुख्य कोच एंडी फ्लावर

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के 18 साल में विराट कोहली का एक खिलाड़ी के तौर पर नयी ऊंचाइयों को छूने का जज्बा और भूख कम नहीं हुई है और वह अभी भी अपने खेल के शिखर पर है। कोहली ने पिछले साल आरसीबी के लिये सर्वाधिक 657 रन बनाये जिसकी मदद से टीम ने पहली बार खिताब जीता। फ्लावर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा मैं उसे करीब से (कोहली को नेट्स पर बल्लेबाजी करते) देख रहा हूं। वह अपने खेल के शिखर पर है और सुपर फिट भी। वह जबर्दस्त फिट, छरहरा और जीत का भूख लग रहा है। उन्होंने कहा वह हमेशा से पक्का इरादा रखने वाला रहा है और मुझे लगता है कि वह जिस मानसिक और भावनात्मक स्थिति में वह है, उसमें एक इंसान के तौर पर खुद के साथ बहुत सहज है, लेकिन वह एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खुद को आगे बढ़ाने के लिए भी बहुत भूखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद कोहली का यह पहला टूर्नामेंट होगा। फ्लावर ने हालांकि कहा, '' हमने इस अंतराल के बारे में बात की है। मुझे शीर्ष खिलाड़ियों को खेलने के अलावा अभ्यास करते देखने में बहुत मजा आता है। जब मैं खेलता था तब मैं सचिन को अभ्यास करते देखता था। अब कोच के तौर पर भी मुझे धुरंधरों को अभ्यास करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा मैने कोहली को अभ्यास करते देखा है और मुझे लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसे पता है कि वह कम क्रिकेट खेल रहा है लेकिन वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर है।



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी (बाएं) और पैट कमिंस। एजेंसी

### ईशान किशन आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है : विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने शुक्रवार को कहा कि ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाने का फैसला लेने में टीम प्रबंधन को हिचक नहीं हुई क्योंकि वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है। नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट के कारण आईपीएल 2026 के शुरूआती चरण से बाहर रहेंगे। विटोरी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा ईशान लंबे समय से आईपीएल खेल रहा है। वह कई टीमों के साथ खेला है और काफी सफल रहा है। उसमें आत्मविश्वास कूट कूटकर भरा है। उन्होंने कहा वह अंडर 19 टीमों और इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली अपने प्रदेश की टीम का कप्तान रह चुका है। वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है और यही देखकर उसे कप्तानी दी गई। अभिषेक और उसका तालमेल अच्छा है। दोनों अच्छे दोस्त हैं और टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। कमिंस अगले पखवाड़े में कप्तानी के लिये लौट सकते हैं। उन्होंने कहा उसकी फिटनेस जबर्दस्त रही है और कुछ समय से खेल से बाहर होने के कारण उसके पास फिटनेस पर काम करने के लिए समय भी है। गेंदबाजी का कार्यभार ही चुनौती थी और उसे लेकर एक बार क्रिकेट आस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद वह अगले 10-12 दिन में आ सकता है।

# नवनीत और हार्दिक को हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया**

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को यहां आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरूष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया।

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिछू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 खिलाड़ी का जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुष) चेन्नई में पिछले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को दिया गया। वहीं महिला श्रेणी में असुंथा लाकड़ा सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार साक्षी राणा को मिला। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के बाद कहा कि पिछले दस साल में भारत में खेलों की संस्कृति बनी है और नया 'इकोसिस्टम' तैयार हुआ है।

हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार सौरभ सिंह राजपूत को और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी का पुरस्कार बिश्वरंजन सारंगी को मिला। हॉकी झारखंड को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश हॉकी ईकाई चुना गया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को वर्ष 2025 में अंरर्राष्ट्रीय मैचों में मिली जीत के लिए एक करोड़ 38 लाख रुपये और महिला टीम को 68 लाख रुपये दिये गए। इसके अलावा व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिए गए।

**अचूक निशाना** | एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में किया शानदार प्रदर्शन

# कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा, भारत ने 10 पदक जीते

बैंकॉक एजेंसी

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया। भारत ने दोपहर के सत्र में रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे।

भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे। दिन का मुख्य आकर्षण पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप रहा। उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की।

इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की। अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। सुबह के सत्र का मुख्य आकर्षण चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी थी जिन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो, जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी।



### महिला टीम ने सुधारा प्रदर्शन

भारतीय महिला टीम पिछली बार कांस्य पदक ही जीत पाई थी और इस तरह से उसने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। भारत ने मजबूत शुरुआत की और 12 तीरों के बाद आधे चरण में 115-113 की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में हालांकि भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह 54 अंक ही बना सकी जबकि कजाखस्तान की टीम ने 58 अंक बनाए। इस तरह से उसने 171-169 की बढ़त हासिल कर ली। चौथे और अंतिम सेट में दोनों टीम ने समान 58 अंक बनाए और इस तरह से भारतीय टीम को तीसरे सेट के खराब प्रदर्शन के कारण रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने रिकर्व स्पर्धा में दो रजत पदक भी हासिल किए।